स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित
# स्वतंत्र भारत
लखनऊ, शुक्रवार
26 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 12
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 304 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net



आईसीसी के नए नियम की सचिन तेंदुलकर ने की जमकर तारीफ

# वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप का कहर

## 39 सेकेंड में भूकंप के 2 बड़े झटके : 60 सेकेंड तक शहर हिलता रहा, अब तक 164 की मौत

**काराकास।** वेनेजुएला में 39 सेकेंड में दो ताकतवर भूकंप से तबाही मच गई है। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में बुधवार शाम 6.04 बजे 7.2 और 6.05 बजे 7.5 तीव्रता के दो झटके आए। उस समय भारत में गुरुवार तड़के 3.34 और 3.35 बजे थे। लोगों ने बताया कि भूकंप के बाद 60 सेकेंड तक शहर हिलता रहा। 20 ऑफ्टरशॉक भी दर्ज किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अब तक 164 मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 971 घायल हैं।

कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को मृतकों और घायलों के आंकड़ों की पुष्टि करते हुए कहा कि कई लोग अब भी मलबे में दबे हो सकते हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

भूकंप का सबसे अधिक असर राजधानी काराकास और आसपास के इलाकों में देखा गया, जहां अनेक बहुमंजिला इमारतें धराशायी हो गईं। सुरक्षा कारणों से काराकास हवाई अड्डे का संचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। कई क्षेत्रों में संचार और बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। प्रशासन ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करते हुए सेना, आपदा प्रबंधन एजेंसियों और राहत दलों को प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया है। अधिकारियों के अनुसार यह पिछले



एक शताब्दी से अधिक समय में वेनेजुएला में आया सबसे विनाशकारी भूकंप माना जा रहा है। इसके झटके पड़ोसी देशों तक महसूस किए गए। राजधानी काराकास से करीब 1700 किलोमीटर दूर ब्राजील के अमेजन क्षेत्र में भी इमारतें हिलने लगीं, जिसके बाद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी वेनेजुएला की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है। अमेरिकी प्रशासन ने खोज एवं बचाव दलों के साथ चिकित्सा सहायता भेजने की घोषणा की है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन तथा ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने शोक व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने संकट की इस घड़ी में विभिन्न देशों से मिल रही मानवीय सहायता और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है। राहत एजेंसियां मलबा हटाने और फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटी हैं। देशभर में अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है और अस्थायी राहत शिविर स्थापित किए जा रहे हैं।

# आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय : योगी

## कांग्रेस ने सत्ता के स्वार्थ में किया था बाबा साहेब के सपनों पर प्रहार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में बने रहने के लिए आपातकाल लगाने का पाप किया

- आपातकाल की 51वीं बरसी 'संविधान हत्या दिवस' पर 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह

था। आज पूरा देश 25 जून 1975 का काला दिन याद कर रहा है, जब कांग्रेस ने देश के लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया था। सत्ता में बने रहने और न्यायालय के आदेश लागू न होने देने के लिए इंदिरा गांधी ने नागरिकों के अधिकार छीनने का प्रयास किया। कांग्रेस का यह पाप लोकतंत्र और बाबा साहेब के सपनों पर सीधा प्रहार था। लालू प्रसाद व मुलायम सिंह यादव की वर्तमान पीढ़ी कांग्रेस का चाबुक भूलकर उसी के साये में राजनीति कर रही है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को आपातकाल की 51वीं बरसी 'संविधान हत्या दिवस' पर लखनऊ में आयोजित 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान भी किया।सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र के समर्थक राजनीतिक दलों, जनसामान्य व मीडिया से जुड़े सभी लोगों की आवाज को दबाया। ऐसा क्या था कि कांग्रेस को आपातकाल थोपना पड़ा, एक ही निष्कर्ष निकलता है कि कांग्रेस ने सिर्फ अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए यह



पाप किया और इस पाप को छिपाए रखने के लिए नौजवानों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं व सामाजिक संगठनों की आवाज को दबाने की चेष्टा की। सीएम ने कहा कि इंदिरा गांधी के अत्याचार से आमजन व राजनीतिक दलों के नेता कराह रहे थे। लोकतंत्र के समर्थन में जेल जा रहे थे। ऐसे ही नेताओं लालू प्रसाद व मुलायम सिंह यादव की वर्तमान पीढ़ी आज उसी कांग्रेस के साये में अपनी राजनीति करती दिखाई दे रही है।

### लोकतंत्र सेनानियों को प्रतिवर्ष 5 लाख की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा जल्द

आपातकाल की 51वीं बरसी 'संविधान हत्या दिवस' के अवसर पर सीएम ने घोषणा की कि प्रदेश सरकार लोकतंत्र सेनानियों के लिए जल्द ही 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगी। सीएम ने लोकतंत्र सेनानियों के स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा कि उनका अंतिम संस्कार भी राजकीय सम्मान के साथ किए जाने की व्यवस्था बनाई जा रही है। प्रदेश में 3,780 लोकतंत्र सेनानी तथा 1,461 उनके आश्रित हैं। सरकार वर्ष 2018 से लोकतंत्र सेनानियों व मरणोपरांत उनके आश्रितों को प्रत्येक माह 20 हजार रूपये की सम्मान राशि दे रही है। साथ ही लोकतंत्र सेनानी या उनके उत्तराधिकारी (पति अथवा पत्नी) को एक सहायक के साथ पूरे प्रदेश में परिवहन निगम की सभी श्रेणी की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है। लोकतंत्र सेनानियों को राजकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

### राहुल कौशल बने रक्षा मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति सदस्य

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता राहुल कौशल निवासी मोहल्ला आदर्श नगर को रक्षा मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के लिए राजभाषा विभाग द्वारा सदस्य नामित किया गया है। राहुल कौशल डीएवी पीजी कॉलेज बुलंदशहर के छात्र संघ महामंत्री भी रहे हैं। इनके सदस्य बनाए जाने पर समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई है। राहुल कौशल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। पूरी लगन और निष्ठा से उत्तरदायित्व का निवर्हन किया जाएगा। उक्त समिति में देश भर से तीन सदस्य बनाए हैं।

मिशन-2027 के लिए बीजेपी का बड़ा संगठनात्मक दांव

# यूपी में 64 भाजपा पदाधिकारियों की नई टीम घोषित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देते हुए भारतीय जनता पार्टी ने

- राष्ट्रीय नेतृत्व की मंजूरी के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने जारी की सूची
- सामाजिक, क्षेत्रीय संतुलन पर विशेष जोर

अपने नए संगठनात्मक ढांचे का ऐलान कर दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सिन्हा की सहमति के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रदेश पदाधिकारियों की नई टीम घोषित की। नई टीम में कुल 64 पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। घोषित सूची के अनुसार 19 उपाध्यक्ष, 8 प्रदेश महामंत्री, 19 प्रदेश मंत्री, 6 क्षेत्रीय अध्यक्ष, 3 कार्यालय पदाधिकारी, एक मुख्य प्रवक्ता, एक प्रदेश मीडिया संयोजक, एक प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक तथा 6 मोर्चा अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। पार्टी ने संगठन में अनुभवी नेताओं के साथ नए चेहरों को भी स्थान देकर आगामी चुनावों के लिए मजबूत रणनीति का संकेत



दिया है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में गठित इस नई टीम को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और आगामी चुनावी तैयारियों को धार देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा ने इस टीम के जरिए सामाजिक, क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने का प्रयास किया है, जिससे प्रदेश के विभिन्न वर्गों में पार्टी की पकड़ और मजबूत हो सके। नई टीम में सुरेश राणा, सत्यपाल सैनी, प्रियंका रावत, अर्चना मिश्रा, पूजा पाल और आलोक गुप्ता समेत 19 नेताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रामप्रताप सिंह चौहान, गीता शाक्य, अभिजात मिश्रा, उपेंद्र रावत और संजय राय सहित आठ नेताओं को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश मंत्री पद पर 19 नेताओं को मौका दिया गया है। क्षेत्रीय संगठन को मजबूत करने के लिए पश्चिम क्षेत्र की क्षेत्रीय अध्यक्ष की कमान नबाब सिंह नागर, ब्रज क्षेत्र की पूरन लाल लोधी, कानपुर क्षेत्र की राम किशोर साहू, अवध क्षेत्र की अवधेश द्विवेदी, काशी क्षेत्र की अशोक चौरसिया तथा गोरखपुर क्षेत्र की विनोद राय को सौंपी गई है। संगठन के मीडिया और प्रचार तंत्र को मजबूत करने के लिए दिनेश प्रताप सिंह को मुख्य प्रवक्ता, मनीष दीक्षित को प्रदेश मीडिया संयोजक तथा हिमांशु राज पंडित को प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया गया है।

# अहमदाबाद एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा

**अहमदाबाद।** गुजरात के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बड़ा विमान हादसा होते-

- एक ही टैक्सी-वे पर आमने-सामने आ गए एयर इंडिया और इंडिगो के विमान, पायलटों की सतर्कता से बची बड़ी दुर्घटना

होते टल गया। एयर इंडिया और इंडिगो के दो यात्री विमान एक ही टैक्सी-वे पर आमने-सामने आ गए, जिससे कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। हालांकि दोनों विमानों के पायलटों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण संभावित दुर्घटना टल गई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। डीजीसीए के अनुसार मुंबई से अहमदाबाद पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2493 ने रनवे संख्या-23 पर सुरक्षित लैंडिंग की थी। लैंडिंग के बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने विमान को टैक्सी-वे 'सी' से होकर टैक्सी-वे 'पी' और फिर टैक्सी-वे 'जी' के रास्ते अंतरराष्ट्रीय एप्रन तक जाने की अनुमति दी थी।

# भगवान राम के चढ़ावे में चोरी से मन बेहद व्यथित : केजरीवाल



**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा विवाद को लेकर सियासी घमासान के बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर में चढ़ाई गई बहुमूल्य वस्तुओं की कथित चोरी के मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पूरे प्रकरण से उनका मन बेहद व्यथित है। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवान राम को श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए आभूषण, पादुका और अन्य मूल्यवान वस्तुओं के गायब होने की खबरें अत्यंत गंभीर हैं और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

अयोध्या पहुंचने के बाद मीडिया से बातचीत में केजरीवाल ने कहा कि वह पहले भगवान राम के दर्शन करेंगे और उसके बाद इस मुद्दे पर विस्तार से अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़े इस मामले में पूरी पारदर्शिता जरूरी है और जनता को सच्चाई जानने का अधिकार है। आम आदमी पार्टी प्रमुख ने मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में सामान्य तौर पर पहले प्राथमिकी दर्ज की जाती है और उसके बाद जांच आगे बढ़ती है, लेकिन यहां बिना एफआईआर के ही एसआईटी गठित कर दी गई।

### कक्षा-9 में पढ़ाया जाएगा आपातकाल का अध्याय

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत स्कूली पाठ्यक्रम में किए जा रहे बदलावों के क्रम में अब कक्षा-9 के विद्यार्थियों को वर्ष 1975-77 के आपातकाल के बारे में विस्तार से पढ़ाया जाएगा। एनसीईआरटी द्वारा तैयार नई सामाजिक विज्ञान पुस्तक 'अंडरस्टैंडिंग सोसाइटी ‑ इंडिया एंड बियॉन्ड' में पहली बार इस विषय को प्रमुखता से शामिल किया गया है। पुस्तक में 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक लागू रहे आपातकाल की पृष्ठभूमि, उसके कारणों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर पड़े प्रभाव का उल्लेख किया गया है। इसमें बताया गया है कि इस दौरान कई मौलिक अधिकार निलंबित किए गए, प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई और विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिया गया था।

# चढ़ावा मामले में आठ लोगों के विरूद्ध एफआईआर, दो हिरासत में

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राम मंदिर के चढ़ावा चोरी के मामले में गुरुवार को पहली एफआईआर दर्ज कर ली गई। यह कार्रवाई जांच रिपोर्ट के

- ट्रस्टी अनिल मिश्रा के दो रिश्तेदार, चंपत के ड्राइवर टिन्नू समेत कई नामजद

आधार पर की गई है। मुकदमा कृष्णमोहन की तहरीर पर दर्ज किया गया है। एफआईआर में अनुकल्प मिश्रा, लव कुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला, रामाशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और मनीष यादव को नामजद किया गया है। इसमें ट्रस्टी अनिल मिश्रा के दो रिश्तेदार, चंपत के ड्राइवर टिन्नू समेत आठ नामजद व अन्य अज्ञात आरोपी बनाए गए हैं। वहीं, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा को हिरासत में लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मीडिया प्रभारी के मुताबिक एफआईआर में अनुकल्प मिश्रा, लव कुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला, रामाशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और मनीष यादव को नामजद किया गया है। वहीं, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि चढ़ावे की राशि के संग्रहण और जमा प्रक्रिया में सामने आई कथित अनियमितताओं की जांच के बाद यह मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी प्रारंभिक पड़ताल में कुछ तथ्यों को चिन्हित किया था।

# अमेजन सीईओ का ऐलान, कुल निवेश प्रतिबद्धता 88 अरब डॉलर के पार पहुंचेगी

**नई दिल्ली।** दुनिया की अग्रणी ई-कॉमर्स और प्रौद्योगिकी कंपनी अमेजन ने भारत में निवेश को लेकर अब तक का सबसे बड़ा एलान किया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद घोषणा की कि अमेजन वर्ष 2026 से 2030 के बीच भारत में 48 अरब डॉलर का अतिरिक्त निवेश करेगी। इस फैसले के साथ भारत में अमेजन की कुल निवेश प्रतिबद्धता 88 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगी। एंडी जेसी ने बताया कि अमेजन ने वर्ष 2010 से अब तक भारत में लगभग 40 अरब डॉलर का निवेश किया है। पिछले वर्ष कंपनी ने 2026-2030 के दौरान 35 अरब डॉलर निवेश करने की योजना घोषित की थी, लेकिन भारत में तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, क्लाउड सेवाओं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मांग को देखते हुए निवेश राशि को बढ़ाकर 48 अरब डॉलर कर दिया गया है। अमेजन के अनुसार अतिरिक्त 13 अरब डॉलर का निवेश विशेष रूप से क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में किया जाएगा।



अजजी





विडम्बना

अनुभवी नेतृत्व के अभाव में नहीं मिल रहा दिशा-निर्देशन

# लापरवाही की आंच से जूझ रहा अग्निशमन विभाग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** 15 बच्चों को अकाल मौत के मुंह में झोंक देने वाले अलीगंज कोचिंग अग्निकांड की खुली रही परतें बताती हैं कि ऐसे

- जूनियर अधिकारियों से चलाया जा रहा काम
- फायदा उठा रहे भवन व संस्थान मालिक

हादसे न होने देने के लिए जिम्मेदार अग्निशमन विभाग खुद ही लापरवाही की आग से खेल रहा है। इसकी जांच करने तथा इसे दूर करने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। उच्च स्तरीय सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश फायर एंड इमरजेंसी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों के कई पद स्वीकृत किए गए हैं लेकिन इन पर नियुक्ति को लेकर पूरी तरह से उदासीनता बरती जा रही है। हालत यह है कि इस समय सुपरवाइजर अधिकारियों के 100 प्रतिशत पद रिक्त हैं। जो सीट खाली हो गई उसे पर नियुक्ति का मामला वर्षों तक लटका रहता है। नतीजा यह है कि विभाग स्टाफ की जबरदस्त कमी का सामना कर रहा है। इस वजह से जूनियर पद के कम अनुभव वाले अधिकारियों से अस्थाई रूप से



संबद्धता करके काम चलाया जा रहा है। स्वाभाविक है कि इन अधिकारियों को आपात स्थितियों से निपटने का पर्याप्त अनुभव और तकनीक का ज्ञान नहीं होता। नतीजा यह है कि अग्नि एवं जीवन सुरक्षा के कार्य पूरी तरह दिशाहीन है और जरा भी गंभीर हादसा तमाम लोगों की जान ले लेता है। सूत्र यह भी बताते हैं कि जिम्मेदार अनुभवी अधिकारियों के न होने के कारण ही तमाम बिल्डिंगों और संस्थानों के मालिक अपने यहां संभावित आग की घटनाओं से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने को पूरी तरह दरकिनार किए रहते हैं। कई जगहों पर तो अलार्म और सायरन जैसे बुनियादी सिस्टम तक नहीं लगाए जाते। किसी भी भवन पर कब्जे की नौ श्रेणियां निर्धारित की गई हैं और उनके लिए अग्निशमन व्यवस्थाएं भी तय हैं लेकिन अधिकांश में इनका पालन नहीं हो रहा है। सभी भवनों में आग से बचाव के इंतजाम सुरक्षित करने के लिए नियमित रूप से जांच का प्रावधान है लेकिन पहली बात यह कि लंबे समय तक जांच होती ही नहीं और अगर हुई भी तो केवल औपचारिकता निभाने भर की होती है। इससे भवनों और संस्थानों के स्वामियों के हौसले और बढ़ते हैं। ये सब केवल दिशाहीनता और कर्तव्यों की उपेक्षा के कारण होता है। यह तब है जब छोटे-बड़े सभी विभागीय क्रियाकलापों के लिए स्पष्ट नियमावली निश्चित है लेकिन उनका पालन सुनिश्चित करने वाली शक्ति भी तो होनी चाहिए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**परसरामपुर, बस्ती।** थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय के नेतृत्व में पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पंजीकृत मुकदमें की धारा 137 (2)/87/65(1) बीएनएस व 5 जे (2)/6 पाक्सो एक्ट में वांछित था। गुरुवार सुबह 7.50 बजे के करीब खतम सराय मुनियावां कला मोड़ से अभियुक्त दीपक पुत्र ईश्वरदीन उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम केशवपुर थाना परसरामपुर को पुलिस हिरासत में लेकर न्यायालय के सुपुर्द किया गया।

### तीन शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

**पनियरा।** पनियरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनके संबंध में थाना पनियरा एवं थाना श्यामदेउरवा में मुकदमे दर्ज थे। 25 जून 2026 को बाकी बंधा नहर तिराहा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन व्यक्तियों को चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विजय जायसवाल निवासी सतगुर, थाना पनियरा, जलालु तथा राजा बाबू निवासी कुआचांप, थाना पनियरा के रूप में हुई। जांच में बरामद मोटरसाइकिलों का संबंध थाना पनियरा और थाना श्यामदेउरवा में दर्ज वाहन चोरी के मामलों से पाया गया। बरामद वाहनों में पैशन प्रो (क्क3क्क्ह8328), स्प्लेंडर प्लस (क्क6स्9862) और एचएफ डीलक्स (क्क6ङ्क1996) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, बरामदगी के आधार पर थाना पनियरा के मुकदमा संख्या 190/2026 एवं 015/2025 तथा थाना श्यामदेउरवा के मुकदमा संख्या 189/2026 का सफल अनावरण हुआ है। तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### आगामी पर्वों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**श्यामदेउरवां, महराजगंज।** मुहर्रम एवं आगामी पर्वों के मद्देनजर थाना श्यामदेउरवा में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने विभिन्न समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। इसके बाद पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकालकर शांति व्यवस्था बनाए रखने और कानून व्यवस्था के प्रति लोगों को आश्वस्त किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि महराजगंज में सभी पर्व परंपरागत रूप से सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाए जाते हैं, लेकिन कुछ शरारती तत्वों के कारण अशांति की आशंका बनी रहती है। ऐसे में जिला प्रशासन के साथ-साथ नागरिक समाज की भी जिम्मेदारी है कि ऐसे तत्वों को हतोत्साहित करते हुए सभी त्योहारों को शांति, सद्भाव और उल्लास के साथ मनाया जाए। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने मुहर्रम के जुलूसों और जुमे की नमाज को आपसी समन्वय से आयोजित कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को जुलूस आयोजकों से समय, आयोजक का नाम और मोबाइल नंबर लिखित रूप में प्राप्त करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने दोनों समुदायों के लोगों से भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर या अफवाह न फैलाएं और न ही ऐसी खबरों के प्रभाव में आएं। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर पुलिस की कड़ी निगरानी है और आपत्तिजनक अथवा भ्रामक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर विशेष निगरानी रखने, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान दोनों समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों ने अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रखी और आश्वासन दिया कि सभी आगामी त्योहार आपसी सद्भाव, शांति और भाईचारे के साथ मनाए जाएंगे।

## बाबा तामेश्वर नाथ को नई पहचान देने के लिए बनेगा कॉरिडोर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**संत कबीर नगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद के धनघटा तहसील अंतर्गत प्राचीन शिव मंदिर बाबा बैजूनाथ धाम परिसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में जनपद संत कबीर नगर के विधानसभा क्षेत्र धनघटा एवं गोरखपुर जनपद के विधानसभा क्षेत्र खजनी के विकास की 475 करोड रुपए से अधिक की 139 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने तहसील धनघटा अंतर्गत बाबा बैजूनाथ धाम की पवित्र धरती पर पहुंचने के बाद सर्वप्रथम बाबा बैजूनाथ का दर्शन एवं पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम आयोजन स्थल पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा उनके विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी/स्टालों का अवलोकन किया गया।

मुख्यमंत्री योगी ने आज जनपद



संत कबीर नगर के विधानसभा क्षेत्र धनघटा एवं गोरखपुर के विधानसभा क्षेत्र खजनी के विकास हेतु रुपए 475 करोड़ से अधिक की 139 परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि में क्षेत्र के विकास को गति देने में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे धनघटा एवं खजनी दोनों विधानसभाओं को जोड़ रहा है, यहां के स्थानीय युवाओं को गीडा के विकास से रोजगार के नए अवसर मिले हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों की विरासतों का सम्मान करना, धार्मिक स्थलों का सौंदरीकरण कराना एवं सांस्कृतिक विरासत के रूप में उन्हें संरक्षित करना पूर्वजों की आस्था का प्रमाण है जिन्होंने उन्हें स्थापित किया था। उन्होंने कहा कि बाबा तामेश्वर नाथ धाम को नई पहचान देने के लिए कॉरिडोर के रूप में विकसित किए जाने का कार्य कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम एक नए भारत और नए उत्तर प्रदेश का दर्शन कर रहे हैं, आज का उत्तर प्रदेश अपने विकास की यात्रा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब देश की समस्त जनता एक साथ एकजुट होकर देश की तरक्की और विकास के प्रति समर्पित सरकार का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला मंदिर का निर्माण का सपना आज पूरा हुआ, काशी विश्वनाथ धाम की भव्यता, मां विंध्यवासिनी का मंदिर, अयोध्या की भव्यता हेतु सरकार ने आधारभूत संरचनाओं का विकास, श्रद्धालुओं हेतु सुविधाओं की व्यवस्था आदि के लिए ऐतिहासिक कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि आज 475 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का जो लोकार्पण/शिलान्यास किया जा रहा है उससे जनपद में विकास के सभी क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी।

इस दौरा मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास का स्वीकृति पत्र, प्रतीकात्मक चेक, एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत बखिरा पीतल उद्योग से निर्मित श्री राम दरबार की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया।

इस अवसर पर भाजपा पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण, जनपद स्तरीय अधिकारीगण, लाभार्थीगण एवं भारी संख्या में सम्मानित आम जनमानस एवं संभ्रांत नागरिकगण आदि उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्राविधानों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण विनियमों को त्वरित गति से लागू करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती ने की।



बैठक में जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य राजस्व अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए नियमित निरीक्षण एवं सघन प्रवर्तन कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना भी उतना ही आवश्यक है, जितना कि प्रवर्तन कार्यवाही।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन सहायक आयुक्त खाद्य चित्तरंजन कुमार सिंह ने किया।

बैठक में सीएमओ डा राजीव निगम, एसडीएम राजेश यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, उपायुक्त प्रशासन राज्यकर उपेन्द्र यादव, जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला तथा समिति के सदस्यगण, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधान प्रतिनिधि से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** कलवारी थानान्तर्गत बहादुरपुर गांव में प्रधान प्रतिनिधि से मारपीट किए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। बेनीपुर प्रधान प्रतिनिधि अजय चौधरी ने जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को तहरीर दी। स्थानीय पुलिस ने तहरीर के आधार पर 4 नामजद व 15 अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। प्रधान प्रतिनिधि अजय चौधरी ने आरोप लगाया है कि वे ब्लाक सभागार में बैठकर बीडीओ का इंतजार कर रहे थे, इसी बीच असलहों से लैस शैलेंद्र दुबे, सौरभ, कृष्ण मुरारी, शिवम दूबे व करीब 15 अज्ञात आपराधिक किस्म के लोग आए और उन्हे मारने पीटने लगे। लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। बाद में वे भद्दी- भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए सभागार से बाहर चले गये।

## सक्रिय सदस्यों को प्रशिक्षित करेगी भाजपा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी, संगठनात्मक रूप से अपने कार्यकर्ताओं को और अधिक मजबूत तथा तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस अभियान के तहत सभी बूथ स्तरों पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से सभी सक्रिय बूथ सदस्यों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 6 जुलाई तक संचालित होगा।

जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने बताया कि अभी कुछ ही दिन पहले भौतिक रूप से सभी मंडलों और जिला स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग का सफल समापन हुआ है। इस डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से अब बूथ स्तर के उन सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो किन्हीं कारणों से पिछले भौतिक प्रशिक्षण वर्गों में शामिल होने से छूट गए थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद सभी सक्रिय सदस्यों को डिजिटल क्रेडिट और एक विशेष प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण के साथ होगी। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी बूथों पर सघन पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।

## लाभार्थियों को मिलेगा पोषण आहार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय से जारी निर्देश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम त्रैमास (अप्रैल, मई एवं जून 2026) हेतु आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार (टीएचआर) उपलब्ध कराने की कार्ययोजना जारी कर दी गई है। यह वितरण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 एवं संशोधित पोषण मानकों के अनुरूप किया जाएगा।

निर्देश में बताया गया है कि 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को उनकी श्रेणी के अनुसार निर्धारित मात्रा में पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। नए पोषण मानकों के अनुसार बच्चों और महिलाओं के लिए कैलोरी एवं प्रोटीन की मात्रा भी निर्धारित की गई है, जिससे उनके पोषण स्तर में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। बाल विकास परियोजना सिसवा में पुष्टाहार की आपूर्ति 18 जून से 28 जून 2026 तक तथा लाभार्थियों को वितरण 19 जून से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। बाल विकास परियोजना सदर में आपूर्ति 19 जून से 26 जून 2026 तक तथा वितरण 20 जून से 28 जून 2026 तक होगा। बाल विकास परियोजना बृजमनगंज में आपूर्ति 22 जून से 26 जून 2026 तक तथा वितरण 23 जून से 28 जून 2026 तक निर्धारित किया गया है। निर्देश के अनुसार वितरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए फेस वेरिफिकेशन एवं ओटीपी आधारित प्रणाली लागू की गई है। लाभार्थियों का पंजीकरण एवं पुष्टाहार वितरण 'एफआरएस' (फेस रिकग्निशन सिस्टम) के माध्यम से किया जाएगा। प्रत्येक लाभार्थी को पोषण आहार प्राप्त करने के लिए सत्यापन प्रक्रिया से गुजरना होगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को वितरण कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वितरण के दौरान फोटो, अभिलेख एवं प्रमाण पत्र समय से उपलब्ध कराने तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संचालित करने को कहा गया है।

प्रशासन ने सभी पात्र लाभार्थियों से निर्धारित तिथियों पर अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर अनुपूरक पुष्टाहार प्राप्त करने की अपील की है।

### सात खंण्डो वाला ताजिया बना आकर्षण का केंद्र

**सिन्दुरियां,महराजगंज।** ग्रामसभा भागाटार में सात खंडो में बना ताजिया आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हिंदू मुश्लिम के सहयोग से बना विशाल मुहर्रमी ताजिया दस लाख रुपये की लागत से बना है। बताते चले कि एक साल से बन रहे ताजिया निर्माण में मुख्य रूप से श्रवण जायसवाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शेष मणि, प्रहलाद गुप्ता के अलावा ग्राम सभा के सभी वर्गो के लोग सहयोग रहा। ताजिया का निर्माण करमहा महराजगंज के कारीगर अवधेश गौतम और उनकी पत्नी नर्वदा गौतम द्वारा बनाया जा रहा है। इस विशालकाय ताजिये 700 बांस , एक कुंतल तार, एक लाख रुपए का कागज, पचास हजार रुपये का थर्माकोल समेत तमाम अवश्यक सामग्री लगी हुई है। ताजिया साथ खंडो में बना हुआ है। ताजिये की चौडाई 45 फिट, ऊंचाई 45 फिट है। ताजिये में 11 मीनारे और गुम्बद है।

## वार्ड बॉय के भरोसे चल रहा हैं स्वास्थ्य केंद्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सिन्दुरियां, महराजगंज।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा चयनित जनपद का आकांक्षात्मक विकास खण्ड मिठौरा इन दोनों स्वास्थ्य विभाग की बेहतर सुविधा देने में असफल साबित हो रही हैं। आलम यह है कि न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरपुर में डाक्टर और फार्मासिस्ट की तैनाती न होने के कारण वार्ड बॉय के भरोसे अस्पताल संचालित हो रहा है। साथ ही अस्पताल इन दिनों अव्यवस्थाओं का शिकार बना हुआ है।




अस्पताल में डाक्टर एवं फार्मासिस्ट की के करण अधिकांश काम वार्ड बॉय के भरोसे चलता दिखाई दे रहा है। मरीजों का आरोप है कि पिछले कई महिनों से इस अस्पताल पर डाक्टर की तैनाती नहीं हुई है। कुछ दिन पूर्व ही इस अस्पताल पर तैनात फार्मासिस्ट का अन्य जगह स्थानांतरण हो जाने के कारण अब अस्पताल का पूरा जिम्मा वार्ड बॉय के भरोसे हो गया है। वर्तमान में इस अस्पताल पर दो वार्ड बॉय और एक लैब टेक्नीशियन ही तैनात है। क्षेत्रीय मरीजों का कहना है कि अस्पताल में इलाज कराने आने के बावजूद उन्हें चिकित्सक की सेवाएं समय पर नहीं मिलतीं। इससे गंभीर मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है और इलाज के लिए दूर दराज जाने को मजबूर मरीज हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल की व्यवस्था में तत्काल सुधार करना चाहिए। क्षेत्रीय लोगों ने जल्द से जल्द न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरपुर में डाक्टर एवं फार्मासिस्ट के तैनाती की मांग की है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठौरा के चिकित्साधीक्षक डा. डी एन सिंह ने बताया कि डाक्टर एवं फार्मासिस्ट की कमी का पत्राचार उच्चाधिकारियों को कर दिया गया है। फिलहाल वर्तमान में न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरपुर में तीन दिनों के लिए फार्मासिस्ट विजय प्रताप सिंह को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## सिकंदर बॉक्सिंग सहायक कोच से बने कोच, हर्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**तमकुहीराज कुशीनगर।** तमकुही विकास खंड के बरवाराजापाकड़ के जमुआन टोला निवासी व भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) में कार्यरत बाक्सिंग के सहायक कोच सिकंदर पटेल को गत 19 जून 2026 को पदोन्नत कर कोच (पे मैट्रिक्स लेवल-10) बनाया गया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पदोन्नति सूची में सिकंदर पटेल का नाम तीसरे क्रम पर दर्ज है। साई में उनकी नियुक्ति 6 नवंबर 2017 को सहायक बॉक्सिंग कोच के रूप में हुई थी। नियुक्ति के बाद उनकी पहली तैनाती नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस), पटियाला में हुई, जहां उन्होंने अक्टूबर 2017 से 3 जून 2021 तक सेवाएं दीं। इसके बाद 4 जून 2021 को उनका स्थानांतरण स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी), काशीपुर, उत्तराखंड में हुआ। तब से वह वहीं कार्यरत रहते हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। खेल क्षेत्र में उनके योगदान व अनुभव को देखते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण ने उन्हें कोच पद पर पदोन्नति प्रदान की है। सिकंदर पटेल की इस उपलब्धि पर क्षेत्रीयजन व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है। लोगों ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक, द्वारा थाना कोतवाली पडरौना के मिश्रौली चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बडहरागंज स्थित कर्बला एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का संयुक्त निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मोहर्रम से संबंधित व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा जुलूस मार्गों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर उन्हें प्रशासन की ओर से पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आमजन से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा समस्या की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को उपलब्ध कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



निरीक्षण के दौरान संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

जनपद प्रशासन द्वारा मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

### छेड़खानी करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की दो नाबालिग छात्राओं से कोचिंग से घर लौटते समय रास्ते में अश्लील हरकत करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 10 में पढ़ने वाली दो छात्राएं 24 जून को कोचिंग पढ़कर साइकिल से अपने घर लौट रही थीं। आरोप है कि रास्ते में दूसरे गांव का एक युवक उन्हें रोककर अशोभनीय हरकत करने लगा। छात्राओं ने बताया कि आरोपी ने उनकी साइकिल पकड़कर खींचने का प्रयास किया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी ने उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया। किसी तरह दोनों छात्राएं उसके चंगुल से निकलकर अपने घर पहुंचीं और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

## अवैध शराब व सिगरेट के साथ तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सोनौली।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध मादक पदार्थों एवं शराब की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सोनौली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से छह बोतल अवैध अंग्रेजी शराब तथा दो ट्रॉली बैगों में रखे 38 पैकेट गोल्ड फ्लैक सिगरेट बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नौतनवा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सोनौली के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान चौकी प्रभारी सोनौली उमाकांत सरोज और उनकी टीम ने ग्राम फरेन्दी तिवारी तिलहवा रोड स्थित बाउंड्रीवाल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली।

तलाशी के दौरान उसके पास से 750 एमएल की छह बोतल अवैध अंग्रेजी शराब (रेड लेबल जॉनी वॉकर) तथा दो ट्रॉली बैगों में कुल 38 पैकेट गोल्ड फ्लैक सिगरेट बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान यशपाल गावा पुत्र हाकम राय गावा, निवासी ए-68 गणेश नगर, थाना तिलक नगर, नई दिल्ली, उम्र लगभग 72 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना सोनौली में मुकदमा संख्या 59/2026, धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।



सीएम योगी ने राज्य सरकार के सहयोग से बने अक्षयपात्र फाउंडेशन के केंद्रीयकृत रसोईघर का किया शुभारंभ

# स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ व स्वच्छ आहार आवश्यक : मुख्यमंत्री

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ एवं स्वच्छ आहार-विहार का होना आवश्यक है। कुपोषण से मुक्ति के लिए जरूरी है कि बच्चों को स्वच्छता का ध्यान रखते हुए पौष्टिक आहार मिले। समाजहित में यह कार्य अक्षयपात्र फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छ और पौष्टिक आहार मिलने से स्वस्थ बच्चे समृद्ध समाज का आधार बनेंगे।





सीएम योगी गुरुवार शाम गोरखपुर में राज्य सरकार के सहयोग से बने, एक लाख बच्चों के लिए भोजन क्षमता वाले अक्षयपात्र फाउंडेशन के केंद्रीयकृत रसोईघर के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के मिड डे मील के लिए अक्षयपात्र फाउंडेशन की तरफ से भोजन निर्माण में स्वच्छता, पोषण और गुणवत्ता का जो ध्यान रखा जाता है वह सबके लिए सीखने लायक है।







सीएम योगी ने कहा कि मथुरा, लखनऊ, वाराणसी, आगरा, कानपुर में अक्षयपात्र फाउंडेशन के रसोईघर पहले से संचालित हैं। अब सरकार के सहयोग से गोरखपुर में केंद्रीयकृत रसोईघर का निर्माण कर इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। नए शैक्षिक सत्र में 50 हजार से अधिक स्कूली बच्चों को फिर आगे 1 लाख बच्चों को यहां से गर्मागर्म भोजन मेन्यू के हिसाब से प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न और कन्वर्जन कास्ट सरकार उपलब्ध कराती है। बेहतर ढंग से भोजन बनाने और वितरण का कार्य अक्षयपात्र की तरफ से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए सबको सोचना चाहिए। हम स्वस्थ तभी रहेंगे जब हमारा आहार भी स्वस्थ होगा। आहार स्वच्छ होगा तो वह स्वस्थ भी होगा। स्वस्थ आहार से शरीर स्वस्थ होगा और शरीर स्वस्थ रहने पर ही मस्तिष्क भी स्वस्थ होगा। उन्होंने कहा कि घर हो या बाजार, भोजन की क्वालिटी देखनी हो तो शुरुआत स्वच्छता से करें। स्वच्छता में असावधानी होने पर ही फूड पॉयजनिंग जैसी घटनाएं होती हैं। उन्होंने भोजन तैयार और वितरण करने में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए अक्षयपात्र फाउंडेशन की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्षयपात्र फाउंडेशन के सहयोग से गोरखपुर में 1 लाख बच्चे पौष्टिक भोजन प्राप्त कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुपोषण मिशन के लक्ष्य को प्राप्त कर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बच्चे भी भविष्य में समृद्ध समाज और सशक्त राष्ट्र का आधार बनेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा, समृद्ध समाज की आधारशिला और सशक्त राष्ट्र की मजबूत कड़ी है। शिक्षा से ही समाज का वर्तमान और भविष्य तय होता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बेसिक स्कूलों में मिशन कायाकल्प से और माध्यमिक स्कूलों में प्रोजेक्ट अलंकार से ढांचागत सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने आज से शुरू हुए बेसिक शिक्षा के सत्र को लेकर शिक्षकों का आह्वान किया कि वे प्रयास करें कि एक भी बच्चा स्कूल आने से वंचित न रहे। विद्यालय में प्रवेश दिलाने के साथ उसे यूनिफॉर्म, बैग, जूता, मोजा आदि सभी उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा 9 साल में यूपी की शिक्षा के कायाकल्प को नीति आयोग ने सक्सेस स्टोरी माना है। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को सुरक्षित वातावरण में अध्ययन के लिए पर्याप्त धनराशि दी गई। सीएम ने कहा कि पहले जहां बोर्ड परीक्षाओं और परिणाम में महीनों लग जाते थे, वहीं अब 15 दिन में नकलविहीन परीक्षा और 15 दिन में परिणाम आ जाते हैं। इससे 11 माह पढ़ाई के लिए उपलब्ध होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अटल टिकरिंग लैब, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी बन रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी जिलों में अभ्युदय कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बढ़ी सुविधाओं से प्रदेश में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित सभी आगतों का स्वागत करते हुए अक्षयपात्र फाउंडेशन के सह संस्थापक एवं उपाध्यक्ष चंचलापति दास ने रसोईघर के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को करीब 2.5 एकड़ भूमि और निर्माण में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अक्षयपात्र का मिशन है कि कोई भी बच्चा भूख की वजह से शिक्षा से वंचित न रहने पाए। उन्होंने बताया कि अक्षयपात्र की यह रसोई पीएम पोषण योजना के तहत गोरखपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के बच्चों के लिए प्रतिदिन 1 लाख गर्म, पौष्टिक एवं संतुलित भोजन तैयार और वितरित करने की क्षमता रखती है। विशेषीकृत रसोई उपकरणों में दो रोटी मेकिंग मशीनें हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता प्रति घंटे 40 हजार रोटियां तैयार करने की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के हाथों उद्घाटित केंद्रीयकृत रसोईघर की नई सुविधा अब 546 विद्यालयों के 55,000 बच्चों तक सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगी तथा चरणबद्ध तरीके से 1,570 विद्यालयों के 1 लाख बच्चों तक अपनी पहुंच का विस्तार करेगी। वर्तमान में यह सुविधा भोजन वितरण के लिए 23 इलेक्ट्रिक वाहनों के बेड़े का संचालन कर रही है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और क्षेत्रीय स्कूल भोजन प्रणाली को सुदृढ़ करने में सहायता मिलती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अक्षयपात्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ट्रस्टी भरतर्षभ दास ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, अक्षयपात्र फाउंडेशन के अनंत वीर्यदास प्रभुजी, रसराज कृष्णदासजी, मुकेश तिवारी, भाजपा नेत्री शकुंतला चौहान, भाजपा के महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

अक्षयपात्र रसोईघर का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने स्कूली बच्चों को तैयार भोजन परोसा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अक्षयपात्र रसोईघर के परिसर में आवंले का पौधा भी रोपित किया।

# सोशल मीडिया पर आक्रामक ग्रुप बनाने वाले 13 युवक गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सोशल मीडिया पर फैल रही अराजक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में कैंपियरगंज थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से आक्रामकता फैलाने और शांति व्यवस्था भंग करने की साजिश रच रहे 13 व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई की है। सभी आरोपियों को धारा 170/126/135 बीएनएस के तहत पाबंद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, ये सभी युवक सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर आपत्तिजनक और भड़काऊ गतिविधियों में लिप्त थे। इनके द्वारा आम जनता को परेशान करने, दूसरों को उकसाने और क्षेत्र में अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही थी। मामले की जानकारी





मिलते ही पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए इन पर नजर रखी और कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रभाकर यादव निवासी हरनाथपुर, ऋषिकेश साहनी (दो अलग-अलग पते), विकास उर्फ छोटू, अनूप गुप्ता, गुलशन साहनी, शेरू खान, रिंकू यादव, रितिक गुप्ता, शिवम शर्मा, दीपांशु पासवान, प्रतीक यादव और नीरज पाल शामिल हैं। सभी की उम्र लगभग 19 से 28 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन युवकों द्वारा सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही थी, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया। साथ ही अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 13 विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** महोयोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कृषि संकाय के 13 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की कंपनी एकेएसवी खेतखलिहान क्रॉप प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि का श्रेय संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण को दिया है।

कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह व कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह सफलता महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कृषि संकाय के समस्त प्राध्यापकों के अध्यापन, उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

कैंपस प्लेसमेंट हासिल करने वाले विद्यार्थियों रीतू पांडेय, आशुतोष, रितिका, मान, प्रियम्बदा, प्रिया सिंह, शिवानी, विवेक पटेल, अग्रज साहनी, शालू, उर्वशी सिंह, प्रियेश राम और पुष्पा को बधाई देते हुए कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे ने कहा कि संकाय का लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल रोजगार के लिए तैयार करना नहीं, बल्कि उन्हें कृषि क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने हेतु सक्षम बनाना है। समन्वयक डॉ. सास्वती प्रेमकुमारी ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि संकाय द्वारा नियमित रूप से आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, कौशल प्रशिक्षण, करियर परामर्श सत्र एवं विशेषज्ञों के व्याख्यान विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

संयोजक डॉ. सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि कृषि क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए विश्वविद्यालय उद्योग जगत के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों को अधिकाधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एमजीयूजी में लिया गया नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के तत्वावधान में नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी के संयोजन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर दिलीप कुमार मिश्रा ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करें तथा स्वयं जागरूक बनकर समाज के अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. राम एवं डॉ. पूजा मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## ई. हिमांशु बने प्रदेश संयोजक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ई. हिमांशु राज पंडित को उत्तर प्रदेश का प्रदेश संयोजक (सोशल मीडिया) नियुक्त किया है। ई. हिमांशु राज पंडित लंबे समय से भाजपा उत्तर प्रदेश के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं और संगठन में उनकी पकड़ मजबूत मानी जाती है। उनकी कार्यशैली, तकनीकी समझ और मीडिया प्रबंधन की क्षमता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। ई. हिमांशु राज पंडित की नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में भाजपा का सोशल मीडिया नेटवर्क और अधिक सशक्त और प्रभावी बनेगा। पार्टी सूत्रों का मानना है कि सोशल मीडिया आज के समय में राजनीति का एक बेहद महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। ऐसे में हिमांशु राज पंडित जैसे तकनीकी और



मीडिया विशेषज्ञ को यह जिम्मेदारी सौंपना भाजपा की रणनीतिक सोच को दर्शाता है। उनकी नियुक्ति से पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में मदद मिलेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि आगामी समय में सोशल मीडिया की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होने जा रही है। ऐसे में हिमांशु राज पंडित की नियुक्ति भाजपा के लिए एक मजबूत कदम साबित हो सकती है, जिससे पार्टी की डिजिटल उपस्थिति और जनसंपर्क में और मजबूती आएगी।

## अंश निर्धारण व त्रुटि सुधार कार्य का करें निस्तारण

**सहजनवां, गोरखपुर।** तहसील सभागार सहजनवा में गुरुवार को अंश निर्धारण एवं अंश त्रुटि सुधार कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उपजिलाधिकारी केशरी नंदन तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अभियान की वर्तमान स्थिति और अब तक की प्रगति से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत किया। बैठक में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार 22 जून से 26 जून 2026 तक तहसील क्षेत्र में अंश निर्धारण एवं अंश त्रुटि सुधार का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य भू-अभिलेखों को अद्यतन करना तथा किसानों को उनकी भूमि के सही अंश का निर्धारण कर पारदर्शी एवं सुगम राजस्व व्यवस्था उपलब्ध कराना है। नायब तहसीलदार नीरू सिंह एवं नायब तहसीलदार शुभम बर्णवाल ने अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

## बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के डुमरी खास गांव में शुक्रवार भोर एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की अचानक मौत से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। मृतका की पहचान सावित्री देवी पत्नी तीर्थराज यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार महिला रात में भोजन करने के बाद बिल्कुल स्वस्थ अवस्था में सोई थीं, लेकिन सुबह करीब 4 बजे जब वह नहीं उठीं तो उनकी मृत्यु की जानकारी हुई।

परिवार में मृतका के दो बेटे और बहुएं हैं, जिन्होंने बताया कि रात तक सावित्री देवी पूरी तरह स्वस्थ थीं और किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं थी। सुबह जब काफी देर तक वह नहीं जागीं, तब जाकर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई और जांच करने पर उनकी मृत्यु की पुष्टि हुई। घटना के बाद जहां परिजन इसे सामान्य मृत्यु मान रहे हैं और किसी भी प्रकार की पुलिस कार्रवाई नहीं चाहते, वहीं मामले में एक नया मोड़ तब आया जब बिंदु यादव नामक महिला ने फोन के माध्यम से मृतका के भांजे रामगोपाल यादव पर संपत्ति के विवाद को लेकर हत्या का आरोप लगाया। हालांकि, इस आरोप के संबंध में कोई ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया है।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार मृतका के शरीर पर किसी भी प्रकार के बाहरी चोट या संघर्ष के निशान नहीं पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध नहीं लग रहा है। इसके बावजूद लगाए गए आरोपों ने मामले को संवेदनशील बना दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हैं और वे किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस भी फिलहाल परिजनों की इच्छा का सम्मान करते हुए स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## आक्रोशित अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोला।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में कलेक्ट्रेट बार एसो. तहसील गोला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेताओं का आंदोलन गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा ई-रजिस्ट्री व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग उठाई। धरना-प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेताओं ने तहसील परिसर में जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने उपनिबंधन कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रतीकात्मक तालाबंदी कर दी और वहीं धरने पर बैठ गए। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक सरकार प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था को वापस नहीं लेती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार पंजीकरण संबंधी कार्यों को ई-पंजीकरण के माध्यम से निजी संस्थाओं को सौंपने की तैयारी कर रही है, जिससे अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टाम्प विक्रेता, टाइपिस्ट, फोटोकॉपी संचालक सहित कचहरी व्यवस्था से जुड़े लाखों लोगों के रोजगार पर गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में करोड़ों लोगों की आजीविका प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से इस व्यवस्था से प्रभावित होगी। आंदोलन के क्रम में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी अमित कुमार जायसवाल को महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन, तहसील गोला की संयुक्त बैठक में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेताओं ने प्रस्तावित ई-पंजीकरण



व्यवस्था का विरोध किया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि दस्तावेज लेखन एवं पंजीकरण प्रक्रिया में विधिक सावधानियां अत्यंत आवश्यक होती हैं। निजी संस्थाओं के माध्यम से यह कार्य कराए जाने पर कानूनी विवादों और मुकदमेबाजी की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। अधिवक्ताओं ने ई-पंजीकरण व्यवस्था को जनहित एवं लोकहित के विपरीत बताते हुए सरकार से प्रस्तावित व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग की।

आंदोलन के चलते अधिवक्ताओं द्वारा कार्य बहिष्कार जारी रहने से तहसील परिसर स्थित विभिन्न न्यायालयों में न्यायिक कार्य तीसरे दिन भी प्रभावित रहा। एसडीएम, तहसीलदार तथा अन्य न्यायालयों में वादकारियों को अपने मामलों की सुनवाई के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रंतिदेव मिश्र एडवोकेट, महामंत्री आमोद गौड़ एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टाम्प विक्रेता एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत ब्यूरो


**गोला।** गोला क्षेत्र के बेदौली निवासी एक युवक के खिलाफ उसकी पत्नी की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न, शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना, जान से मारने की धमकी तथा पहली पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी निवासी रीना गुप्ता पुत्री रघुवीर गुप्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसका विवाह 28 जून 2020 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार गोला बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बेदौली निवासी पप्पू गुप्ता पुत्र रामलगन गुप्ता के साथ हुआ था। विवाह में उसके परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार उपहार एवं दहेज दिया था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति एवं ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज का ताना देने लगे तथा लगातार बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार उसका पति उसे दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास किराए के मकान में लेकर गया, जहां भी बुलेट बाइक की मांग को लेकर मारपीट करता था तथा धमकी देता था कि यदि बुलेट नहीं मिली तो वह दूसरी शादी कर लेगा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि विवाह के लगभग पांच माह बाद उसका पति उसे ट्रेन से गोरखपुर लेकर आया और रेलवे स्टेशन पर लावारिस हालत में छोड़ दिया। साथ ही धमकी दी कि बिना बुलेट के वापस ससुराल न आए। इसके बाद वह अपने मायके में रहने लगी और इस दौरान पति अथवा ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी कोई सुध नहीं ली।

# भदरी किला में राजा उदय प्रताप सिंह समेत 13 नजरबंद

## शेखपुर आशिक स्थित हनुमान मंदिर को लेकर सालों पुराने विवाद के मद्देनजर प्रशासन

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**मोहर्रम त्योहार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने गुरुवार को बड़े महराज राजा उदय प्रताप सिंह समेत उनके 13 समर्थकों को घर में नजरबंद किया गया।बड़े महराज राजा उदय प्रताप सिंह जनसत्ता दल के मुखिया कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के पिता है।गुरुवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय पुलिस बल के साथ भदरी किला पहुंचे तथा मुख्य द्वार पर हाउस अरेस्ट का नोटिस चस्पा किया।किला के बाहर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात कर दिए गए है।प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए की गई है।कुंडा कोतवाली अंतर्गत प्रयागराज-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित शेखपुर आशिक गांव के हनुमान मंदिर को लेकर पिछले कई वर्षों से मोहर्रम के दौरान विवाद की स्थिति बनती रही है। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार साल 2005 मे मोहर्रम के दसवें दिन मंदिर के पास एक बंदर की मौत हो गई।इसके बाद स्थानीय लोगों ने वहां हनुमान चालीसा का पाठ शुरू किया।बाद में मंदिर का स्वरूप विकसित हुआ और राजा उदय प्रताप सिंह की ओर से वहां मोहर्रम के दिन हनुमान चालीसा पाठ एवं भंडारे का आयोजन होने लगा।वर्ष 2014 में भंडारा आयोजित हुआ,लेकिन 2015 में जब मोहर्रम के ताजिए उसी मार्ग से निकलने होते थे,तब भंडारे और धार्मिक आयोजन का मुस्लिम समुदाय ने विरोध किया। विरोध इतना बढ़ा कि क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई,जिसके कारण ताजिया उठाने मे भी विलंब हुआ।वर्ष 2016 में प्रशासन ने भंडारे की अनुमति नहीं दी।मामला न्यायालय तक पहुंचा, लेकिन तब से हर वर्ष मोहर्रम के अवसर पर एहतियात के तौर पर राजा उदय प्रताप सिंह को नजरबंद किया जाता रहा है।इस वर्ष जिन 13 लोगों को हाउस अरेस्ट किया गया है।उनमें राजा भैया के पिता राजा उदय प्रताप सिंह,जितेंद्र यादव (नौबस्ता),आनंद पाल (बढ़ईपुर),रमाकांत (शेखपुर आशिक), भवानी विश्वकर्मा (बड़ूपुर),रवि सिंह, अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पांडेय,अधिवक्ता केसरी नंदन पांडेय,जमुना प्रसाद मौर्य,निर्भय सिंह, गया प्रसाद प्रजापति,जुगनू विश्वकर्मा व मोहन लाल शामिल है।प्रशासन ने पूरे कुंडा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई है।अधिकारियों का कहना है कि मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे है और किसी भी प्रकार से कानून-व्यवस्था प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।



## कोर्ट से पैतृक जमीन की मिली डिग्री के बाद भी विपक्षी कर रहा कब्जा

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।**जमीन जायदाद की घोर कलयुग मे इतना मारा मारी है कि माननीय न्यायालय के आदेश को भी लालच मे दरकिनार कर दे रहे है और जिनको कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना है,वे भी चुप्पी साध लेते है।अपने ही पैतृक जमीन को पाने के लिए 12 साल कोर्ट मे लड़ा और डिग्री पाई उसके बाद भी विपक्षी हरंगई नंगई परिवार बल से मजबूत होने के कारण जबरन कब्जा कर रहे है।संग्रामगढ़ थाना के कसहा मजरा कामापट्टी निवासी राजेश कुमार यादव पुत्र रामाधार यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि मेरे आबादी की जमीन पर पीढ़ी दर पीढ़ी कब्जा दखल है।गांव के विपक्षी दशरथ यादव पुत्र श्रीनाथ यादव से उक्त जमीन को लेकर विवाद हुआ, मामला माननीय न्यायालय समक्ष पहुंचा,12 साल के बाद मेरे पक्ष मे कोर्ट ने फैसला सुनाया,मेरी डिग्री हुई।उसके बाद से कोई विवाद नहीं हुआ। आरोप है,कि घटना 25 जून 26 की सुबह की है,विपक्षी सुभाष यादव,वीरेन्द्र यादव,विनोद यादव पुत्रगण राम प्यारे व उनके परिवार की महिलाएं मुझे मेरी डिग्री पाई हुई जमीन पर दीवाल उठाने से रोक दिया और बांस बल्ली उजाड़ दिया और फावड़ा कुल्हाड़ी आदि उठा ले गए।पीड़ित ने डायल 112 को सूचित किया,सूचना पर पहुंची पुलिस तो विपक्षी भाग गए।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## रेहड़ी पटरी वालों को पीएम स्वनिधि से ऋण चेक का वितरण



**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।**प्रधानमंत्री स्वनिधि (पीएम स्वनिधि) योजना के छः वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका परिषद बेला प्रतापगढ़ में भव्य स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया।शुभारंभ मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के जिला प्रबंधक नीरज सिंह ने किया।मुख्य अतिथि ने लाभार्थियों से पीएम स्वनिधि योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान करते हुए नगर को स्वच्छ बनाए रखने,कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने व जल संरक्षण में सहयोग करने कि अपील की।अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार ने समय पर ऋण चुकाने वाले स्ट्रीट वेंडरों की सराहना करते हुए कहा,कि नियमित भुगतान करने वाले लाभार्थियों को योजना के तहत क्रमशः प्रथम चरण में 15 हजार रुपये,द्वितीय चरण में 25 हजार रुपए व तृतीय चरण में 50 हजार रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति के चेक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए।

## रोहित बने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।**भाजपा युवा मोर्चा के युवा,ऊर्जावान एवं संगठननिष्ठ नेता डॉ रोहित मिश्रा को भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जनपद प्रतापगढ़ में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है।इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की व शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया।जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने कहा कि यह केवल रोहित मिश्रा की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं,बल्कि पूरे जनपद के लिए गौरव और सम्मान का विषय है।पहली बार प्रतापगढ़ की धरती से किसी कार्यकर्ता को भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनने का अवसर प्राप्त हुआ है।उनके नेतृत्व में प्रदेश का युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण संगठन विस्तार एवं जनसेवा के कार्यों में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा।

## खबर एक नजर

### तेंदुए के हमले में युवक घायल

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव क्षेत्र से सटे मोतीपुर वन रेंज के चन्दनपुर गांव में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए ने एक युवक पर अचानक हमला कर दिया। घटना में अख्तर उर्फ झनकू नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, हालांकि ग्रामीणों की सतर्कता से उसकी जान बाल-बाल बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अख्तर सुबह शौच के लिए घर से निकला था। जैसे ही वह गन्ने के खेत के पास पहुंचा, वहां पहले से बैठे तेंदुए ने उस पर झपट्टा मार दिया। युवक के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिससे तेंदुआ खेत की ओर भाग निकला। घायल युवक को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। लोग खेतों और जंगल की ओर जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने, पिंजरा लगाने और नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।यह इलाका कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से सटा होने के कारण पहले भी वन्यजीवों की आवाजाही का गवाह रहा है।

### 100 से अधिक किसानों को मुफ्त मूंगफली बीज

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** विकास खण्ड मिहींपुरवा के अंतर्गत सेमरहना स्थित राजकीय बीज भंडार पर नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (एनएमइओ) योजना के तहत क्लस्टर प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मूंगफली की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 100 से अधिक चयनित किसानों को निशुल्क मूंगफली बीज वितरित किया गया।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अभिषेक कुमार वर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और तिलहनी फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर योजनाएं चला रही है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति अपनाने और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर राम प्रकाश मौर्य (एसटीए-ए), कौसर अली (एसटीए-बी), पंकज पटेल (प्रभारी राजकीय कृषि गोदाम), राघवेन्द्र प्रताप वर्मा (एटीएम) सहित ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे। किसानों ने समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे मूंगफली की खेती को बढ़ावा मिलेगा और उत्पादन में वृद्धि होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाना रहा।

### अनियंत्रित कार गड्ढे में पलटी

**स्वतंत्र भारत संवाद बीरापुर प्रतापगढ़।**रानीगंज थाना के देल्हूपुर-रानीगंज मार्ग पर नरसिंहगढ़ पुल के पास गुरुवार की भोर मे एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई मे पलट गई।कार मे चालक समेत पांच लोग सवार थे,वहीं पर पहले से एक गाड़ी पलटी थी।जानकारी के मुताबिक बस्ती जिला निवासी ईदउल्लाह खान अपने साथियों के साथ कार से प्रयागराज के रास्ते मुंबई जा रहे थे।सुबह करीब तीन बजे रानीगंज थाना के नरसिंहगढ़ पुल के पास तीखे मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा,जिससे कार खाई में पलट गई।लोगों की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।ग्रामीणों ने बताया कि नरसिंहगढ़ पुल के पास का अंधा मोड़ लगातार हादसों का कारण बन रहा है।घटना स्थल पर पहले से एक कर क्षतिग्रस्त पड़ी हुई थी।यातायात सांकेतिक चिन्हों का अभाव होने से हादसे हो रहे है।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले को जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद बीरापुर प्रतापगढ़।** फतनपुर थाना के केवरा कला की एक महिला की सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर मनीष यादव से दोस्ती हो गई।युवक महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया और गर्भ धारण करने पर गर्भपात करा दिया।वादिनी की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे मामला दर्ज कर लिया।एसआई सुनील कुमार गुप्ता ने आरोपी मनीष यादव 25 पुत्र श्याम बहादुर यादव निवासी गोठांव थाना बरसठी जौनपुर को केवरा कला गांव के स्कूल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### ट्रैक्टर ने छात्रा को कुचला,मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।**जीएनएम छात्रा को अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी।दुर्घटना में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई।उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज भेजवाया गया,जहां चिकित्सको ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया।बाघराय थाना के उमरा पट्टी निवासी बृजलाल यादव की 21 वर्षीया पुत्री ज्योति यादव लीलापुर थानान्तर्गत सगरा सुंदरपुर से पहाड़पुर मार्ग पर स्थित संजीवनी नर्सिंग कालेज मे जीएनएम की छात्रा थी।छात्रा ज्योति गुरूवार को सुबह 11 बजे कालेज से लालगंज जाने के लिए निकली।सगरा सुंदरपुर पुलिस चौकी के समीप वह ई-रिक्शा पर बैठने जा रही थी,कि इसी बीच पीछे से तेज गति से आए ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।छात्रा के सड़क पर गिरने से ट्रैक्टर के पहिया की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्रा को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया,जहां चिकित्सकों ने छात्रा ज्योति को मृत घोषित कर दिया।प्रभारी निरीक्षक लीलापुर अमला सिंह का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया ।

## संचारी रोग नियंत्रण को लेकर अर्बन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**बलरामपुर।** नगर पालिका परिषद के सभागार में गुरुवार को अर्बन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 28 जून से प्रारंभ होने वाले पल्स पोलियो अभियान तथा 1 जुलाई से 30 जुलाई तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.मीनाक्षी चौधरी,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल कुमार चौधरी,डॉ. हिमांशु कुमार श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट समीर अहमद सिद्दीकी, डॉ.आकाश सिंह, बाल विकास परियोजना कार्यालय से इंदु सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि अरुण मिश्रा,यूनिसेफके मॉनिटर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों,बूथ प्रबंधन,घर-घर भ्रमण तथा जनजागरूकता गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने अभियान के दौरान एक भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहने देने का संकल्प व्यक्त किया। इसके साथ ही आगामी 1 जुलाई से 30 जुलाई तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि 1 जुलाई से 10 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 जुलाई से 30 जुलाई तक दस्तक अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत मच्छरजनित एवं जलजनित रोगों की रोकथाम,स्वच्छता जागरूकता,बुखार के मरीजों की पहचान,दस्त रोग नियंत्रण तथा जनसामान्य को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य,नगर पालिका,बाल विकास परियोजना,शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने पर बल दिया गया। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि सभी विभाग आपसी सहयोग एवं समन्वय से कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

## निःशुल्क भर्ती प्रशिक्षण शिविर का हुआ सफल समापन

**बलरामपुर।** जिला प्रशासन की रूपरेखा के अनुरूप युवा कल्याण विभाग एवं 9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण मिनी स्टेडियम, इमिलिया कोडर (पचपेडवा) में सेना, उत्तर प्रदेश पुलिस, एसएससी जीडी एवं होमगार्ड भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए आयोजित 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन हो गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान 9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षित जवानों द्वारा प्रतिभागी युवाओं को शारीरिक दक्षता, दौड, अनुशासन, मानसिक मजबूती एवं लिखित परीक्षा की तैयारी का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जनपद के युवाओं को सुरक्षा बलों की भर्ती प्रक्रियाओं के लिए सक्षम, अनुशासित एवं प्रतिस्पर्धी बनाना रहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता द्वारा कहा गया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं के आत्मविश्वास को बढाने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होते हैं। साथ ही यह पहल युवाओं को राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित करने एवं उनमें अनुशासन एवं समर्पण की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के सफल संचालन में 9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं ने जिला प्रशासन, युवा कल्याण विभाग एवं एसएसबी की इस पहल की सराहना करते हुए इसे भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। जिला प्रशासन द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें रोजगारोन्मुख बनाने के लिए इस प्रकार के प्रयास निरंतर किए जाते रहेंगे।

## बाईकों की भिड़ंत में दो की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद परियांवा प्रतापगढ़।**प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर बुधवार देर शाम दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई।मृतकों मे एक रेलवे कर्मचारी सुमित दुबे 40 व दूसरा लाली गौतम 45 शामिल है।सुमित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लाली ने एम्स मे दम तोड़ा।नवाबगंज थाना के प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित ब्रहमौली चौराहे पर झलवा थाना धूमनगंज प्रयागराज निवासी सुमित दुबे 40 भारतीय रेलवे कार्यरत थे,बुधवार देर शाम अपनी स्कूटी से रायबरेली से झलवा लौट रहे थे।इसी दौरान रायबरेली के ऊंचाहार कोतवाली अंतर्गत खपटिहा गांव निवासी लाली गौतम 45 अचानक एक लिंक रोड से मुख्य हाईवे पर आ गया।दोनों बाइक की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि आस-पास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और नवाबगंज पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।पुलिस के पहुंचने से पहले ही सुमित दुबे की मौके पर मौत हो चुकी थी।गंभीर रूप से घायल लाली गौतम को तत्काल सीएचसी ऊंचाहार ले जाया गया। जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया,बाद मे उन्हें रायबरेली एम्स ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।लाली गौतम का शव को पीएम के लिए रायबरेली भेज दिया है और सुमित दुबे के शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेजा है।सूचना पर परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है।

## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की बनी रणनीति



**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय अटल भवन में गुरुवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई,जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण अभियान तथा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने की। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ.मुखर्जी राष्ट्रनिर्माण,सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को जागृत करने तथा भारत की अखंडता के प्रतीक के रूप में जाने जाते हैं। वे एक प्रख्यात शिक्षाविद्, कुशल प्रशासक,दूरदर्शी राजनेता और प्रखर राष्ट्रभक्त थे,जिन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना जीवन समर्पित किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए बताया गया कि 6 जुलाई को सभी बूथों पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 28 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷मन की बात÷ कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण,बूथ समितियों के बैंक खाते एवं डिजिटल लर्निंग अभियान की समीक्षा की जाएगी। वहीं 29 जून को अपराह्न 3 बजे एम.एल.के. ऑडिटोरियम में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा,जिसमें बडी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने सभी मंडल अध्यक्षों,शक्ति केंद्र संयोजकों और बूथ पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्टी के सभी कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता,अनुशासन और जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर संगठन की मजबूती भाजपा की सबसे बडी ताकत है। बूथ समितियों का नियमित सत्यापन,डिजिटल माध्यमों का उपयोग,सदस्य संपर्क अभियान तथा वृक्षारोपण जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें तथा संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

## मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस सतर्क



**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।**मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना रूपईडीहा पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय नजर आ रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने अपनी पूरी पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर मोटरसाइकिल गश्त की तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने बाजार, प्रमुख चौराहों, ताजिया मार्गों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों तथा व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में मोहर्रम पर्व के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने तथा आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र में लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूसों एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। क्षेत्रीय नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नियमित गश्त से लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है और त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहायता मिलती है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## शहादत सब्र और इंसानियत का पैगाम देता मोहर्रम

**श्रावस्ती।** हिमालय के तराई में स्थित श्रावस्ती जिले में मोहर्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ताजिया की दुकानों पर ताजिदारो की लाइनें लगी है। इमाम हुसैन को मानने वाले के लोगो के लिए यह त्यौहार विशेष महत्व रखता है। शहादत, सब्र और इंसानियत का पैगाम।मुहर्रम इस्लामी हिजरी कैलेंडर का पहला महीना है, जिसे शोक, याद और तजुर्बे के महीने के रूप में याद किया जाता है. इस महीने की दसवीं तारीख, आशूरा, कर्बला की उस ऐतिहासिक घटना की याद दिलाती है जिसमें इमाम हुसैन और उनके साथियों ने सत्य, न्याय और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। कर्बला का ऐतिहासिक संदर्भकर्बला की जंग इस्लामी इतिहास की सबसे प्रभावशाली घटनाओं में गिनी जाती है. यह घटना 680 ईस्वी में हुई, जब इमाम हुसैन ने अन्याय के सामने झुकने के बजाय संघर्ष और बलिदान का रास्ता चुना. यही कारण है कि मुहर्रम केवल एक धार्मिक अवसर नहीं, बल्कि इंसाफ, हिम्मत और सिद्धांतों पर डटे रहने का प्रतीक भी माना जाता है। शोक और अकीदत का माहौलमुहर्रम के दिनों में इमामबाड़ों, मस्जिदों और घरों में मजलिसें, नौहा-ख्वानी और मातम की महफिलें आयोजित की जाती हैं. अकीदतमंद इमाम हुसैन की शहादत को याद कर अपने दिलों में सब्र, ईमानदारी और कुरबानी का पैगाम ताजा करते हैं। कई जगह ताजिया जुलूस भी निकाले जाते हैं, जिनमें लोग अनुशासन और एहतराम के साथ हिस्सा लेते हैं। सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व मुहर्रम का संदेश सिर्फ एक मजहबी रस्म तक सीमित नहीं है. यह समाज को यह सिखाता है कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना, सच्चाई का साथ देना और मुश्किल हालात में भी इंसानियत को जिंदा रखना कितना जरूरी है।



# उमरे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

## बैठक में त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के निर्माण विभाग विशेषांक का विमोचन





**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की अध्यक्षता में 25.06.2026 को उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी से हिंदी के प्रयोग में नए आयाम जुड़े हैं और हिंदी में कार्य करने के लिए जो नए और उपयोगी टूल्स और अक्क मॉडल उपलब्ध हैं, उनके बारे में सभी को यथेष्ट जानकारी होनी चाहिए और अनुवाद आदि के कार्यों के लिए उनका यथोचित प्रयोग करना चाहिए। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने निर्देश दिए कि रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार राजभाषा कार्यान्व्यन से संबंधित विभिन्नद प्रावधानों को लागू करने के लिए गृह मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड स्तार से प्राप्तन सभी आदेशों, निदेर्शों, कार्यक्रमों आदि पर पूरी तत्पगरता से कार्रवाई की जाए और मुख्यालय, मंडलों और कारखानों के समस्त आईटी एवं डेटा प्रोसेसिंग यूनिट के सभी निदेशों और सूचनाओं को हिंदी में सुनिश्चित कराया जाए, साथ ही राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्ताावेजों को निरंतर ही हिंदी- अंग्रेजी द्विभाषी में जारी किया जाए और इस पर नजर रखी जाए। नरेश पाल सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को सभी प्रकार के पत्राचार, टिप्पणियों, निरीक्षण, डिक्टेशन, विभागीय कार्यवाहियों आदि की मदों में हिंदी अथवा हिंदी- अंग्रेजी द्विभाषी के प्रयोग में हासिल प्रगति को बनाए रखने और अपेक्षित लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि स्टेशनों पर यात्री एवं ग्राहक सेवा और सुविधाओं से संबंधित सूचनाओं तथा अन्यस सभी मदों में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का अनिवार्य रूप से प्रयोग किया जाए तथा इन्हें हिंदी- अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रदर्शित किया जाए।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी प्रयागराज, दीपक कुमार द्वारा प्रयागराज मंडल के संगठन, परिसम्पत्तियों, कार्यप्रणाली एवं परिचालन, तकनीकी शाखाओं के परिचालनिक एवं प्रशासनिक कार्यों, लेखा और कार्मिक कार्यनिष्पादनों, ऊर्जा एवं पर्यावरण प्रबंधन आदि के विषय में हिंदी में अत्यंत प्रभावी, उपयोगी एवं विस्तृत प्रेजेंटेशन किया गया।

बैठक में मुख्यआ राजभाषा अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने समिति के अध्यक्ष महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह और सभी सदस्यों का स्वागत किया और राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए किए गए कार्यों और हासिल की गई उपलब्धियों से अवगत कराया। विनीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि झाँसी मंडल के रेलकर्मी रहे युग निर्माता साहित्यकार आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती के अवसर पर 15 मई को वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन पर आचार्य द्विवेदी और उनके साहित्य एवं उनके द्वारा संपादित 'सरस्वती' पत्रिका के चित्रों की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक, कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/सामान्य डॉ गरिमा त्रिपाठी ने समिति के अध्यक्ष महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह और सभी सदस्य अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी यथार्थ पाण्डेय द्वारा किया गया।

## नशामुक्त भारत अभियान-2026 के तहत प्रयागराज मंडल में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** नशामुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नशामुक्त भारत अभियान-2026 के अंतर्गत आज दिनांक 25 जून 2026 को प्रयागराज मंडल के मंडल कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल श्री रजनीश अग्रवाल की अध्यक्षता में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज रजनीश अग्रवाल ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। नशामुक्त भारत का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प ले। शपथ ग्रहण के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं को नशे से दूर रखने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही, देश को नशामुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) एम.एम. वारिस, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक एस.के. सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वैभव गुप्ता, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, अमित चौधरी, वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं रख-रखाव प्रबंधक, विक्रम सिंह कोली, सहायक कार्मिक अधिकारी (ट्रैफिक), रवि कुमार मीणा सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रयागराज मंडल, नशामुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों को सफल बनाने हेतु जागरूकता, सहभागिता एवं जनसंकल्प के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है।

## अधीक्षक की देखरेख में अल्ट्रासाउंडो केंद्रो की भरमार, खुलेआम प्राइवेट नर्सिंग होमो में किया जा रहा है भ्रूण हत्या, जिम्मेदार खामोश

**स्वतंत्र भारत कोरांव।** कोरांव नगर पंचायत में बगैर रेडियोलॉजिस्ट की उपस्थिति में फल फूल रहा है अल्ट्रासाउंड का खेल जिनमें बहुत से प्राइवेट नर्सिंग होमो के पास अल्ट्रासाउंड करने का लाईसेंस नहीं है। फिर भी अधीक्षक की कृपा से ऐसे नर्सिंग होमो की संख्या दिन दूना रात चौगुना तरक्की कर रही है।

शासन सत्ता की कृपा से कर रहे मनमानी कोरांव तहसील में प्राइवेट नर्सिंग होमो में लगातार अनाधिकृत रूप से अल्ट्रासाउंड केंद्रो की भरमार है,ऐसा नहीं कि प्रकरण की जानकारी अधीक्षक को नहीं है। वावजूद इसके खामोश होकर अपनी जेब भरने में जुटे हैं जहां रेडियोलॉजिस्ट नहीं था, बगैर रेडियोलॉजिस्ट के अल्ट्रासाउंड नहीं किया जा सकता है।जिसकी पुष्टि वहां मौजूद महिलाओं ने करते हुए बताया कि अल्ट्रासाउंड अस्पताल का मालिक खुद करता है, और रिपोर्ट नहीं देता पूछने पर सब कुछ ठीक होने की बात कहता है। तथा अल्ट्रासाउंड के नाम पर 500 से 800तक की वसूली सरेआम की जाती है। ऐसा नहीं कि इस खेल का संज्ञान सी एम ओ प्रयागराज को नहीं है। पर सब कुछ जानकर भी सरकार में ऐसे भ्रष्टाचार में डूबे अधीक्षकों के उपर कार्य वाही में पूर्णतया असफल साबित हो रहें हैं।

## कुकुरकटवा तिहरे हत्याकांड : राज्यमंत्री राकेश राठौर ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, हरसंभव मदद का दिया भरोसा



**मेजा, प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के कुकुरकटवा गांव में हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरुवार को गांव पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली और परिवार के सदस्यों का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। राज्यमंत्री ने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं और सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।

पीड़ित परिवार ने राज्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं और मांगें भी रखीं। राज्यमंत्री ने उन्हें ध्यानपूर्वक सुना तथा हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर जो भी सहायता संभव होगी, उसे प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। राज्यमंत्री के गांव पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों की भीड़ जुट गई। सभी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। राज्यमंत्री राकेश राठौर के दौरे से पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद और मजबूत हुई है। वहीं, क्षेत्र के लोगों ने भी सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र कड़ी सजा दिलाने की मांग दोहराई।

## खाद्य सुरक्षा सम्मेलन से एक नई जागृति पैदा हो सकती है : महापौर




**प्रयागराज ब्यूरो।** होटल पिंड बल्लूची सिविल लाइन में नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर ऑफ इण्डिया व फुटपाथ व्यापारी एकता समिति प्रयागराज द्वारा चल रहे खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में महापौर उमेश चन्द्र गणेश केशरवानी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा सम्मेलन से एक नई जागृति पैदा हो सकती है जिससे प्रयागराज की गरिमा बढेगी जब दूसरी जगहों से आने वाले पर्यटकों को यहाँ सुरक्षित वातावरण व खान पान उपलब्ध होगा, इस क्रान्तिकारी मिशन को हम छोटे दुकानदार ही पूरा कर सकते हैं।

फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों से कहा कि हम आपकी समस्याओं से भली भाँति परिचित हैं और उसे दूर करने हेतु निरन्तर प्रयास कर रहे हैं

फुटकर व्यापारी एकता समिति के मुख्य संरक्षक विजय गुप्ता के नेतृत्व में चल रह इस सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहायक कमिश्नर दीना नाथ यादव, नेस्ले अधिकारी मो, वसीम व समर निगम और रौनक गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि आम जनता का फुटकर दुकानदारों पर भरोसा अधिक होता है इसलिए यदि आप सबने प्रयास किया तो आपका यह जिला शुद्ध व स्वच्छ वातावरण का केन्द्र हो सकता है।

आज सम्मेलन को मुख्य रूप से सर्वश्री अध्यक्ष विकास गुप्ता महामंत्री विमल गुप्ता लीलावती पांडेया गणेश गुप्ता श्याम देव अंशु अग्रवाल खुशबू अग्रहरि सोनी अग्रहरि सुमन ठाकुर श्वेता गुप्ता जूही श्रीवास्तव अवधेश निषाद शिव शंकर गुप्ता निशा गुप्ता आदि ने भी सम्बोधित किया।

## चतुर्थ वाहिनी पीएसी, प्रयागराज द्वारा साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





**प्रयागराज।** चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज में सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्र (IPS) के निर्देशन एवं उपसेनानायक विजयेन्द्र द्विवेदी की उपस्थिति में जवानों, उनके परिजनों, बच्चों एवं महिलाओं हेतु साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साइबर थाना प्रयागराज उपनिरीक्षक राहुल कुमार की टीम द्वारा प्रतिभागियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग, डिजिटल अरेस्ट, बैंकिंग एवं यूपीआई फ्रॉड तथा निवेश के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी सहित विभिन्न साइबर अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, पासवर्ड अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। उन्होंने यह भी बताया कि साइबर अपराधी अक्सर लोगों को डराकर, ब्लैकमेल कर अथवा झूठे प्रलोभन देकर धनराशि ठगने का प्रयास करते हैं। ऐसे मामलों में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा निकटतम पुलिस स्टेशन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षित डिजिटल लेन-देन, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जवानों एवं उनके परिजनों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए साइबर सुरक्षा के प्रति सजग एवं जागरूक रहने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सहायक सेनानायक एसएसएफ हरेंद्र यादव, सहायक सेनानायक कु. अनुष्का, शिविरपाल अमित कुमार, सूबेदार सैन्य सहायक विजय सिंह, मीडिया प्रभारी भानु प्रताप झा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

## भारतीय समाज के अन्त्योदय वर्ग के सच्चे हितैषी थे स्व0 विश्वनाथ प्रताप सिंह : रुद्र नारायण बाजपेई

**स्वतंत्र भारत कोरांव।** गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज, कोरांव के संस्थापक एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह (राजा मांडा) की जयंती गुरुवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पूजा-पाठ एवं हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. विश्वनाथ प्रताप सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वे भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि राजा मांडा विनम्र, दयालु तथा जनहित के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। भारतीय राजनीति में सामाजिक न्याय को स्थापित करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि राजा साहब ने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे सदैव स्मरणीय रहेंगे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद साबिर अली ने भी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्व. विश्वनाथ प्रताप सिंह का जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। हवन-पूजन के उपरांत उपस्थित अध्यापक-अध्यापिकाओं, कर्मचारियों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एअर इंडिया ने शुरू कीं ह्वाईजी कनेक्ट फ़्लाइट्स - हर भारतीय को लाई दुनिया के और करीब

**वाराणसी।** एअर इंडिया ने आज भारत सरकार के नए हब-एंड-स्पोक फ्रेमवर्क के तहत अपनी पहली 'ईजी कनेक्ट' फ़्लाइट के लॉन्च के साथ भारतीय विमानन उद्योग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस बदलावकारी मॉडल का उद्देश्य भारत को दुनिया से और दुनिया को भारत से जोड़ना है। ईजी कनेक्ट सर्विस के तहत पहली फ़्लाइट एआई 1111 आज सुबह 9:23 बजे वाराणसी से रवाना हुई। इस फ़्लाइट में ऐसे इंटरनेशनल यात्री सवार थे जो दिल्ली से आगे भारत के बाहर 9 गंतव्यों - जैसे दुबई, कोलंबो, जेद्दा, रियाद, काठमांडू और फुकेत - के लिए कनेक्टिंग फ़्लाइट लेने वाले थे। भारत सरकार के माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री, किंजरापु राम मोहन नायडू ने वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली 'ईजी कनेक्ट' फ़्लाइट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा: 'आज हम हवाई यात्रा को और आसान बनाने तथा भविष्य के लिए तैयार, आत्मनिर्भर भारतीय एविएशन उद्योग बनाने के अपने विजन को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहे हैं, एक ऐसा उद्योग कुशल, समावेशी और विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी हो। नया हब-एंड-स्पोक मॉडल हमारे नागरिकों के लिए यात्रा के तरीके को बदल देगा- इस मॉडल के द्वारा भारत के किसी भी शहर में रहने वाला व्यक्ति अपने ही शहर से इंटरनेशनल यात्रा शुरू कर सकता है और पूरे भरोसे एवं आसानी के साथ भारत के अपने पंखों पर दुनिया भर में यात्रा कर सकता है।'

## कौशाम्बी वासियों को मिली दो नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात, एसी,सीसीटीवी और आरामदायक सीटों से लैस हैं इलेक्ट्रिक बसें



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद वासियों के लिये बड़ी खुशखबरी की बात है, प्रदेश सरकार ने प्रयागराज से कौशाम्बी मुख्यालय मंझनपुर रूट पर दो नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू कर दिया है। इससे रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसका किराया मात्र 108 रुपये निर्धारित किया गया है। परिवहन विभाग के मुताबिक नई इलेक्ट्रिक बस सेवा का शेड्यूल सुबह का समय प्रयागराज लीडर रोड बस स्टेशन से सुबह 7:45 बजे प्रस्थान मंझनपुर बस स्टॉप पर सुबह 9:15 बजे पहुंचेगी और मंझनपुर से वापसीः सुबह 10:00 बजे प्रयागराज के लिये ,शाम का समय प्रयागराज से मंझनपुर शाम 7:15 बजे बस उपलब्ध होगी। इस नई बस सेवा से छात्र, सरकारी कर्मचारी, व्यापारी और रोजाना अप-डाउन करने वाले आम यात्री सबसे ज्यादा लाभान्वित होंगे। अभी तक प्राइवेट वाहनों या रोडवेज की पुरानी बसों से सफर करना पड़ता था।जीरो पॉल्यूशन डीजल की जगह बैटरी से चलेंगी, प्रदूषण कम होगा आरामदायक सफर एसी सीसीटीवीअ और आरामदायक सीटों से लैस किफायती किराया सिर्फ 108 रुपये में प्रयागराज से मंझनपुर तक सुरक्षित जीपीएस ट्रैकिंग और पैनिक बटन की सुविधायें उपलब्ध होंगी।

## दहेज उत्पीड़न में छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**थरवई प्रयागराज।** थरवई क्षेत्र के बसमहुआ गांव निवासी एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता शर्मिला देवी, पुत्री भारत लाल एवं निवासी पकलोर थाना हंडिया की तहरीर पर थरवई पुलिस ने पति बृजेश कुमार समेत छह लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।आरोप है कि करीब दो वर्ष पूर्व हुई शादी के बाद से ससुरालजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न कर रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्राइवेट गाड़ियों में लगे हूटर व बत्ती से किए जा रहे गैर कानूनी कार्य, मूकदर्शक स्थानीय पुलिस प्रशासन

**स्वतंत्र भारत कोरांव।** कोरांव मार्केट में प्राईवेट गाड़ियों पर लगें हूटर व बत्ती छुटभैय्या ने अपनी पहचान बला लीं है।जबकि प्रशासन आम नागरिको को इसकी इजाजत नहीं देता, किन्तु कोरांव पुलिस की मिली भगत से यह लोग सम्मान का अधिकार बना लिए हैं, जबकि यह शासन के आदेशो को खुलेआम ठेंगा दिखाने का काम ही नहीं कर रहे।बल्की इसकी आड़ में गैर कानूनी कार्य किए जा रहे हैं, और सरकार की नीतियों का पलिता लगाने का कार्य कर अवैध वसूली में जुटे हुए हैं। किन्तु कोरांव पुलिस महकमा है जिसके सेहत पर कोई असर नहीं होता।इसका खामियाजा आम आदमियों को भुगतना पड़ रहा है, जहां एक ओर प्रदूषण में बेतहाशा वृद्धि तों वहीं दूसरी ओर अपने रौब गरीबों पर निकालतें हुए खुलेआम काम करवाने के नाम पर गरीबों से वसूली आम बात हो गई है।

## उपजिलाधिकारी के आदेश के वावजूद नहीं बनी सड़क, निरंकुश अधिशाषी अधिकारी

**स्वतंत्र भारत कोरांव।** कोरांव आदर्श नगर पंचायत कोरांव में अधिशाषी अधिकारी की तानाशाही को इसी से देखा जा सकता है कि खुद तीन तीन नगर पंचायत का चार्ज संभाल कर सिर्फ बंदर बांट करने में जुटे हुए हैं। उन्हें नगर पंचायत की समस्या नहीं दिखाई देती,जिसकी शिकायत रोज उपजिलाधिकारी कोरांव के समक्ष जाती है, आदेश के वावजूद भी अधिशाषी अधिकारी उपजिलाधिकारी के आदेश की अनदेखी करते हुए उपजिलाधिकारी को ठेंगा दिखा रहा है।जिसका ज्वलंत उदाहरण शास्त्री नगर कोरांव में बारिश के पानी से बच्चों को विद्यालय जाना पड़ता है,जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी संदीप कुमार तिवारी से की गई।जिस पर बार बार फोन करने पर तीन टालीं गिट्टी गिराकर आधा काम कर छोड़ दिया गया, जिससे लोगों का आवागमन नहीं हो पा रहा है। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी कोरांव संदीप कुमार तिवारी से बात करने पर बताया गया कि रोड़ को सुचारू रूप से बनाने का दिशा निर्देश अधिशाषी अधिकारी को दिया गया था यदि कार्य पूर्ण नहीं हुआ है तो जल्द ही उच्चाधिकारियों को अधिशाषी अधिकारी की कार्यप्रणाली से अवगत कराया जाएगा।

## माइण्डफुल प्लस एजुकेशन के नये भवन का बच्चों के हाथों हुआ लोकार्पण



**स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी।** जनपद में नगर पंचायत सिराथू के नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या-7 रामलाल का पुरा स्थित माइण्डफुल प्लस एजुकेशन के नव निर्मित भवन का गुरुवार को धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण में शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यह रहा कि विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने फीता काटकर नये भवन का उद्घाटन किया, जिससे पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उद्घाटन से पूर्व विद्यालय परिसर में अखण्ड श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के बीच नए भवन के उद्घाटन की प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

नये भवन में आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और विश्वास से संस्था लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम में अभिभावकों, स्थानीय नागरिकों एवं गणमान्य लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मानस पाठ के समापन के उपरान्त भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

विद्यालय के नए भवन के उद्घाटन को क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने ई.वी.एम. व वी.वी.पैट वेयर हाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सी.सी.टी.वी. कक्ष का निरीक्षण एवं लॉगबुक का अवलोकन किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंझनपुर में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से जन्मदिवस तक के कार्यक्रम को पार्टी संस्मरण पक्ष के रूप में 125 वाँ जन्मदिवस मनायेगी जिसके सन्दर्भ में आयोजित जिला कार्यशाला को बतौर मुख्यातिथि जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सम्बोधित कर आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने आयोजित जिला कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को राष्ट्रनिर्माण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को जागृत करने और भारत की अखण्डता के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। वह एक प्रख्यात शिक्षाविद,कुशल प्रशासक,दूरदर्शी राजनेता और प्रखर राष्ट्रभक्त थे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निदेर्शानुसार डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पक्ष का आयोजन 23 जून 2026 (बलिदान दिवस) से 06 जुलाई 2026(जन्मदिवस) तक किया जाएगा यह वर्ष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयन्ती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उनकी शिक्षाएँ और आदर्श हम सभी कोटिशः भाजपा कार्यकताओं के लिए सदैव प्रकाश स्तम्भ रहेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र पटेल, कार्यक्रम सह-संयोजक व जिला महामंत्री ज्योति केसरवानी, जिला मंत्री भास्कर सिंह, जिला उपाध्यक्ष भोलेशंकर कुशवाहा, प्रदीप कुमार शीलू पाण्डेय, नितिन पासी, संजय जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर बीरेन्द्र सरोज फौजी,कविता पासी, चेयरमैन अजुहा शान्ति कुशवाहा सहित सम्मानित पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल महामंत्री, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मोर्चा महामंत्री उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अप्रिय स्मरण

कुछ तारीखों की कड़वी यादें देश के लिए एक चेतावनी की तरह होती हैं। उनमें यह भाव निहित होता है कि इस तरह का अप्रिय प्रसंग दोबारा न घटने पाए। 25 जून 1975 ऐसी तारीख है जब भारत में आपातकाल लगा दिया गया था। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे विवादित अध्याय है। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने यह कदम अपने खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले और उसके अनुक्रम में देश में बढ़ते राजनीतिक विरोध से निपटने के लिए उठाया था। वास्तव में यह निरंकुश होती जा रही सत्ता के प्रति एक लोकतांत्रिक विरोध था जिसे देशवासियों ने हाथों हाथ लिया। इसका नेतृत्व प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण (जेपी) कर रहे थे और समूचा विपक्ष उनकी अगुवाई में लामबंद हो गया था। महत्वपूर्ण बात यह थे कि जनता को एकजुट करने के साथ जेपी ने सेना और पुलिस से अपील की थी कि वे सरकार के अवैध और अनैतिक आदेशों का पालन न करें। इंदिरा सरकार ने इसे देश में अराजकता और विद्रोह को बढ़ावा देने वाला कदम माना। इसी के साथ निरंकुशता और कटु हो गई और आपातकाल लगा दिया गया। स्वाभाविक रूप से मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए और प्रेस पर सेंसरशिप लागू कर दी गई। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी स्तर पर विरोध को सहन न करने का यह अपने ढंग का अलग ही उदाहरण था। पूरे देश में दमन का दौर शुरू हो गया तथा लाखों लोग जेल में ठूंस दिए गए। यह ऐसी निरंकुशता थी जिसमें औचित्य और अनौचित्य का कोई विचार ही नहीं था। जैसा अक्सर होता है कि पद पर बैठा व्यक्ति दमन का कदम उठाता है और उसके समर्थक और आगे बढ़कर सभी कार्रवाइयों को और असहनीय बना देते हैं। इस मामले में भी ऐसा हुआ। इस दमन से 21 मार्च 1977 से मुक्ति मिली लेकिन इस अवधि में कभी न भूलने वाला अनुभव पूरे देश ने प्राप्त किया। इसके बाद हुए चुनाव में इंदिरा गांधी को हार का सामना करना पड़ा। इस पूरे अप्रिय प्रसंग को लेकर वर्षों तक तमाम बहसें होती रहीं।कुछ लोगों ने इतना सब होने के बाद भी इसे उचित ठहराने का लगातार प्रयास किया लेकिन राजनीतिज्ञों के साथ ही समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने इसे किसी भी तर्क से उचित नहीं माना। काफी समय बीत जाने के बाद कांग्रेस से कुछ अग्रणी नेताओं ने माना कि आपातकाल में ज्यादतियां हुई थी लेकिन देश ने पौने दो साल तक एक बुरे सपने का दौर तो भोगा ही। हालांकि यह भी सही है कि इमरजेंसी के बाद से लेकर आज तक सत्ता में रहने वाले नेतागण असहिष्णुता के चरम पर जाने से बचते रहे। वास्तव में लोकतंत्र की आत्मा इमरजेंसी जैसे कदमों को स्वीकार कर ही नहीं सकती। यह अच्छी बात है कि उसके बाद से हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली पर कोई खतरा नहीं आया है।

## प्रशंसनीय निर्णय

विकासोन्मुख उत्तर प्रदेश के लिए बहुत संतोष की बात है कि प्रदेश सरकार और वैश्विक तकनीकी संस्थाएं मिलकर काम करेंगी। इस बारे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गूगल क्लाउड के अधिकारियों के साथ बेंगलुरु में बैठक कर आवश्यक विचार विमर्श किया है और निर्णय लिया गया है। गूगल की ओर से कहा गया कि कंपनी भारत के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिल कर इन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के अवसर को लेकर उत्साहित है। दुनियाभर में मशहूर इस तकनीकी संस्था का सहयोग तकनीकी विकास की और निश्चित रूप से कई क्षेत्रों में कदम बढ़ाएगा। इससे गूगल की विशेषज्ञता का लाभ भी यूपी को मिल सकेगा। यही वजह है कि उसके साथ विचार विमर्श में यह बात प्रमुख रही कि टेक्नोलॉजी के माध्यम से सरकारी सेवाओं की पहुंच और प्रभावशीलता को कैसे बढ़ाया जा सकता है। साथ ही किसानों, युवाओं, स्टार्टअप्स, एमएसएमई क्षेत्रों और आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नवाचार आधारित समाधानों पर दोनों पक्षों के बीच विचार विमर्श किया गया। इस बातचीत के अलावा बेंगलुरु में ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर टेक्नोलॉजी, इंश्यारेंस, स्टार्टअप और मानव संसाधन से जुड़े उद्योग जगत के दिग्गजों ने प्रदेश को निवेश, नवाचार, रोजगार सृजन का सबसे संभावनाशील स्थल बताया। जाहिर है कि ऐसे समूह उत्तर प्रदेश में विकास की गतिविधियों की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से प्रभावित और उत्साहित हैं। यह काम अगर पहले की सरकारों ने किया होता तो आज प्रदेश विकास की दिशा में कहीं आगे होता। फिर भी योगी सरकार ने इस दिशा में काफी तेज गति से काम किया जिसके नतीजे सामने आते जा रहे हैं। राज्य में बाहरी निवेश में लगातार काफी बढ़ोतरी हुई है तथा औद्योगिक गतिविधियों के साथ शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी बड़ी संख्या में जुड़े हैं। इससे उनकी अपनी प्रगति तो हो ही रही है, प्रदेश भी आगे बढ़ रहा है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**गूगल कंपनी के सहयोग से यूपी में विकास-योगी**
अपना भारत,स्वदेशी भारत भी साथ में चलेगा!

**नीट रीएक्जाम सफल होने पर पीएम मोदी प्रसन्न**
पेपरलीक के बिना एक्जाम हो गया,चमत्कार है!

**कोर्ट पर लोगों का भरोसा बड़ी चुनौती-सीजेआई**
जस्टिस लोया की राह कौन जाना चाहेगा भला?

**आंध्रप्रदेश में निजी गोल्ड माईनिंग प्रोजेक्ट शुरू**
किसान को खेत में सिक्के मिलें तो सरकार के !

**यूरोप के छब्बीस देशों में गर्म हवाओं का कहर**
लखनऊवासी पसीना टपकाते चाय पी रहे हैं!

**जेबरहित परिधानों में राममंदिर चढ़ावे का हिसाब**
राम जी अपना हिसाब-किताब बाद में देखते हैं!

♦♦♦

# विशाल बाजार और बड़ी युवा आबादी हैं भारत की शक्ति

आज का विश्व ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां राजनीति, अर्थव्यवस्था, तकनीक और भू-राजनीतिक घटनाएं सीधे व्यापार और आम जनजीवन को प्रभावित कर रही हैं. रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, ऊर्जा संकट, महंगाई और वैश्विक


**- आदर्श टिबरेवाल**

> उधर तकनीक के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहा है. एआइ, ऑटोमेशन और डाटा आधारित निर्णय प्रणाली व्यापार की कार्यशैली बदल रही है. जो व्यवसाय तकनीक अपनायेंगे, वे आगे बढ़ेंगे, जो पुराने तरीकों पर अड़े रहेंगे, उनके लिए प्रतिस्पर्धा कठिन होगी. वैश्विक संकट का सामाजिक प्रभाव भी है. महंगाई बढ़ने से आम आदमी की क्रय शक्ति प्रभावित होती है. जब उपभोक्ता खर्च कम करता है, तो बाजार की मांग घटती है एवं व्यापार प्रभावित होता है. इसलिए सरकारों के लिए आवश्यक है कि वे रोजगार, बुनियादी ढांचे और निवेश को बढ़ावा दें. भारत सरकार के अवसंरचना, डिजिटल इंडिया, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन और स्टार्टअप नीति जैसे कदम सही दिशा में हैं. पर इनका लाभ तभी व्यापक होगा, जब उद्योग जगत भी पारदर्शिता, गुणवत्ता और नवाचार को प्राथमिकता देगा।



आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान ने दुनिया के व्यापारिक ढांचे को बदल कर रख दिया है. ऐसे समय में संकट केवल चुनौती नहीं होता, वह नये अवसरों के द्वार भी खोलता है. बीते कुछ वर्षों में दुनिया ने देखा है कि वैश्विक व्यापार कितना परस्पर जुड़ा हुआ है. चीन में उत्पादन रुकने से अमेरिका में सामान की कमी हो जाती है, यूरोप में युद्ध होने से भारत में पेट्रोल व डीजल की कीमतें बढ़ जाती हैं, और समुद्री मार्गों में बाधा आने से छोटे व्यापारियों तक की लागत बढ़ जाती है. इससे पता चलता है कि अब व्यापार स्थानीय नहीं रहा, बल्कि हर व्यवसाय किसी न किसी रूप में वैश्विक घटनाओं से प्रभावित होता है। वर्तमान समय भारत के लिए मिश्रित प्रभाव लेकर आया है. एक ओर कच्चे तेल, गैस और आयातित वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से उत्पादन लागत बढ़ी है, तो दूसरी ओर विश्व की बड़ी कंपनियां चीन पर निर्भरता कम कर भारत की ओर देख रही हैं. यह भारत के लिए ऐतिहासिक अवसर है. यदि हम अपनी उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और लॉजिस्टिक को मजबूत करें, तो भारत विश्व का प्रमुख विनिर्माण और निर्यात केंद्र बन सकता है. पर आज व्यापार की सबसे बड़ी चुनौती अनिश्चितता है. डॉलर की कीमत में उतार-चढ़ाव, कच्चे माल की कीमतों में तेजी, ब्याज दरों में वृद्धि और उपभोक्ताओं की बदलती क्रय क्षमता ने व्यापारिक रणनीतियों को पूरी तरह बदल दिया है।ऐसे में केवल बड़ा कारोबार होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लचीला और दूरदर्शी कारोबार होना आवश्यक है. वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का सबसे अधिक प्रभाव छोटे और मध्यम उद्योगों पर पड़ा है. कच्चे माल की कीमतें बढ़ीं, परिवहन महंगा हुआ, बैंक ऋण पर ब्याज बढ़ा और बाजार में प्रतिस्पर्धा तीव्र हो गयी है. ऐसे में कई छोटे उद्योगों के लिए नकदी प्रवाह बनाये रखना कठिन हो गया है. पर ठीक इसी दौर में डिजिटल तकनीक ने नये अवसर भी दिये हैं. आज एक छोटा व्यापारी भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश-विदेश के ग्राहकों तक पहुंच सकता है. डिजिटल भुगतान, इ-कॉमर्स और सोशल मीडिया मार्केटिंग ने आज व्यापार की परिभाषा बदल दी है। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसका विशाल घरेलू बाजार और युवा जनसंख्या है. आज भारतीय उपभोक्ता गुणवत्ता, ब्रांड और सुविधा को महत्व देता है. यह बदलाव भारतीय उद्योगों के लिए सकारात्मक संकेत है. यदि हम 'मेक इन इंडिया' को गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा से जोड़ें, तो भारतीय उत्पाद विश्व बाजार में मजबूत पहचान बना सकते हैं. वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का महत्व भी बढ़ गया है. कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने स्पष्ट कर दिया है कि आयात पर अत्यधिक निर्भरता जोखिमभरा है. भारत को नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, सौर ऊर्जा और हरित उद्योगों पर तेजी से काम करना होगा. यह केवल पर्यावरण की आवश्यकता नहीं, आर्थिक मजबूती की भी शर्त है। उधर तकनीक के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहा है. एआइ, ऑटोमेशन और डाटा आधारित निर्णय प्रणाली व्यापार की कार्यशैली बदल रही है. जो व्यवसाय तकनीक अपनायेंगे, वे आगे बढ़ेंगे, जो पुराने तरीकों पर अड़े रहेंगे, उनके लिए प्रतिस्पर्धा कठिन होगी. वैश्विक संकट का सामाजिक प्रभाव भी है. महंगाई बढ़ने से आम आदमी की क्रय शक्ति प्रभावित होती है. जब उपभोक्ता खर्च कम करता है, तो बाजार की मांग घटती है एवं व्यापार प्रभावित होता है. इसलिए सरकारों के लिए आवश्यक है कि वे रोजगार, बुनियादी ढांचे और निवेश को बढ़ावा दें. भारत सरकार के अवसंरचना, डिजिटल इंडिया, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन और स्टार्टअप नीति जैसे कदम सही दिशा में हैं. पर इनका लाभ तभी व्यापक होगा, जब उद्योग जगत भी पारदर्शिता, गुणवत्ता और नवाचार को प्राथमिकता देगा। आज भारतीय व्यवसायियों के सामने निर्यात का बड़ा अवसर भी है. विश्व बाजार नये आपूर्तिकर्ता खोज रहा है. टेक्सटाइल, फार्मा, इंजीनियरिंग, फूड प्रोसेसिंग, ऑटो कंपोनेंट और आइटी सेवाओं में भारत की क्षमता बहुत बड़ी है. हमें केवल सस्ती कीमत पर नहीं, विश्वस्तरीय गुणवत्ता और समय पर आपूर्ति के आधार पर प्रतिस्पर्धा करनी होगी. समझना होगा कि व्यापार केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं है. वर्तमान वैश्विक संकट ने सिखाया है कि मजबूत समाज और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे के पूरक हैं. कर्मचारियों का कौशल विकास, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी, स्थानीय समुदायों का सहयोग और नैतिक व्यापारिक व्यवहार अब केवल सामाजिक दायित्व नहीं, दीर्घकालिक व्यावसायिक सफलता की शर्त बन चुके हैं. वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण अवश्य हैं, पर निराशाजनक नहीं. भारत के पास जनशक्ति, बाजार, उद्यमिता और लोकतांत्रिक स्थिरता जैसी अनेक शक्तियां हैं. यदि हम आत्मविश्वास, नवाचार और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें, तो यह संकट भारत के लिए एक नये आर्थिक युग की शुरुआत बन सकता है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ त्रयोदशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

दर्शन के साथ ही देवी सम्पद की आवश्यकता समाप्त हो जाती है, अतः वह भी परमात्मा में स्वतः विलीन हो जाती है। भजनेवाला पुरुष परमात्मा में प्रवेश पा जाता है। ग्यारहवें अध्याय में अर्जुन ने देखा कि कौरव-पक्ष के अनन्तर पाण्डव-पक्ष के योद्धा भी योगेश्वर में विलीन होते जा रहे हैं। इस विलय के पश्चात् पुरुष का जो स्वरूप है, वही क्षेत्रज्ञ है। आगे देखें-

क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत। क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम ।।2।।

हे अर्जुन ! तू सब क्षेत्रों में क्षेत्रज्ञ मुझे ही जान अर्थात् मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ। जो इस क्षेत्र को जानता है, वह क्षेत्रज्ञ है ऐसा उसे साक्षात् जाननेवाले महापुरुष कहते हैं और श्रीकृष्ण कहते हैं कि मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ अर्थात् श्रीकृष्ण भी एक योगेश्वर ही थे। क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ अर्थात् विकारसहित प्रकृति और पुरुष को तत्त्व से जानना ही ज्ञान है, ऐसा मेरा मत है अर्थात् साक्षात्कारसहित इनकी जानकारी का नाम ज्ञान है। कोरी बहस का नाम ज्ञान नहीं है।

तत्क्षेत्रं यच्च यादृक्च यद्विकारि यतश्च यत्। स च यो यत्प्रभावश्च तत्समासेन मे शृणु ।।3।।

वह क्षेत्र जैसा है और जिन विकारोंवाला है तथा जिस कारण से हुआ है तथा वह क्षेत्रज्ञ भी जो है और जिस प्रभाववाला है, वह सब मुझसे संक्षेप में सुन। अर्थात् क्षेत्र विकारवाला है, किसी कारण से हुआ है, जबकि क्षेत्रज्ञ केवल प्रभाववाला है। मैं ही कहता हूँ- ऐसी बात नहीं है, ऋषि भी कहते हैं-

ऋषिभिर्बहुधा गीतं छन्दोभिर्विविधैः पृथक्। अगर किए कि है हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः ।।4।। छाए । ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव

यह क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का तत्त्व ऋषियों द्वारा बहुत प्रकार से गायन किया गया है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार ।**
**ये गुण सीखे ना मिलैं, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंदर कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# आपातकाल के कैदी मेरे पिता

उन दिनों (1976-77) दिल्ली की तिहाड़ जेल के वार्ड सत्रह में पिताजी नजरबन्द थे। जार्ज फर्नांडिस तथा 23 अन्य के साथ। सी.बी.आई. की चार्जशीट में लगी धाराओं के अनुसार उन्हें सजाये-मौत देने की मांग की गई थी। यह मेरे जन्म (22 मार्च 1978) के चन्द महीनों पहले का वृत्तांत है। अपने अग्रज सुदेव और दीदी विनीता तथा माँ सुधा से विवरण सुनता आया था। पुलिसिया आकलन में बड़ौदा डाइनामाईट केस के सभी अभियुक्तों का इन्दिरा गाँधी के सर्वाधिक खतरनाक शत्रुओं में शुमार था। हालांकि तमाम सच्चे झूठे प्रयासों के बावजूद सी.बी.आई. कोई प्रमाण नहीं जुटा पाई थी कि इन विद्रोहियों ने किसी प्रकार की प्राण-हानि पहुँचाई हो। बड़ौदा सेन्ट्रल जेल में पिताजी के साथ पाँच कैदी थे जिन्हें तन्हा कोठरी में बेड़ियों के साथ दो ताले लगाकर अलग-अलग बन्द किया जाता था। इन नब्बे वर्ग फिटवाली कोठरियों का निर्माण महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ ने 1876 में फांसी के सजायाफ्ता अपराधियों के लिए किया था। कुछ महीनों बाद इन कैदियों को बड़ौदा से दिल्ली के तिहाड़ जेल में ले जाया गया। वहाँ नौ राज्यों में गिरफ्तार किये गये डायनामाइट केस के अन्य अभियुक्तों को भी साथ रखा गया था। एक साहसी संवाददाता के नाते पिताजी ने अभिव्यक्ति की आज़ादी के दमन के विरूद्ध अभियान चलाया था। इंडियन फेडरेशन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (पुणे सम्मेलन, 1973 में) वे चुने गये थे। अतः प्रेस सेंसरशिप (25 जून 1975) लागू होते ही संघर्ष शुरू कर दिया था। फेडरेशन की राष्ट्रीय परिषद के बंगलूर अधिवेशन (फरवरी 1976) में इन्दिरा गाँधी शासन की तानाशाही की भर्त्सना वाला प्रस्ताव उन्होंने बहुमत से पारित कराया। इसके चन्द दिनों बाद ही (19 मार्च 1976) गुजरात पुलिस ने पिताजी को कैद कर लिया। इस बीच हमारे परिवार पर क्या गुजरी यह दर्दभरी दास्तां है। मेरी माँ (डा. सुधा) का बड़ौदा मंडलीय रेलवे अस्पताल से पाकिस्तान के सीमावर्ती गाँधीधाम (कच्छ) रेगिस्तानी इलाके में तबादला कर दिया गया। वे राजपत्रित रेल अधिकारी थीं। परिवार बिखर गया। पिताजी ने जेल से ही स्वाधीनता सेनानी और संपादक रहे रेलमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी को विरोध-पत्र लिखा कि अंग्रेजों ने भी कभी किसी स्वाद्दीनता सेनानी के परिवार को तंग नहीं किया, तो फिर कांग्रेस सरकार की ऐसी अमानवीय नीति क्यों? आखिर स्वयं त्रिपाठी जी तथा मेरे दादाजी (नेहरू के नेशनल हेरल्ड के संस्थापक-सम्पादक) स्व. के. रामा राव भी (1942) में जेल गये थे। उनके परिवार को ब्रिटिश राज ने कभी परेशान नहीं किया था। इस पर रेल मंत्री ने दिल्ली के एक पत्रकार-प्रतिनिधि मंडल से कहा कि वे असहाय थे। ऊपर से आदेश आया था इतना सब होने के कुछ दिन पूर्व ही अचानक बड़ौदा के समाचारपत्रों में खबर छपी कि कर्नाटक पुलिस और सी.बी.आई पिताजी को सान्ताक्रूज (मुम्बई) थाने में, फिर बंगलूर की हिरासत में ले गई है। माँ ने सी.बी.आई. अधिकारियों से विरोध व्यक्त किया कि बिना परिवार को सूचित किये बड़ौदा जेल में न्यायिक हिरासत से बाहर पिताजी को कैसे ले गये? इस पर पुलिस का जवाब था, सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायमूर्ति ए. एन. राय के निर्णय के अनुसार इमेर्जेंसी में सरकार को किसी भी नागरिक की जान लेने का भी अधिकार है। इसके खिलाफ कहीं भी सुनवाई नहीं हो सकती है। बंगलूर (मल्लीश्वरम्) पुलिस हिरासत में ठण्डी फर्श पर सुलाना, बिना कुर्सी दिये घंटों खड़ा रख कर सवाल-जवाब करना, रात को तेज रोशनी चेहरे पर डालकर जगाये रखना, इसपर भी कुछ न बताने पर हेलिकाप्टर (पंखे से लटकाना) बनाना आदि यातनायें दीं गईं। बडौदा के मुख्य दण्डाधिकारी और जिला जज ने जमानत की याचिका खारिज कर दी। बाद में पिताजी की अपील सुनकर गुजरात हाई कोर्ट ने जमानत पर रिहाई का आदेश दे दिया। तभी इन्दिरा गाँधी सरकार ने उन पर मीसा (आन्तरिक सुरक्षा कानून) के तहत नजरबन्दी का आदेश लागू कर दिया। तब तक कानून था कि यदि पुलिस साठ दिन में चार्जशीट नहीं दायर कर सकी तो जमानत अपने आप मिल जाती थी। इस प्रावधान को कांग्रेस सरकार ने संशोधित कर एक सौ बीस दिन कर दिया। इसके अलावा यह भी कानून बना दिया गया कि पुलिस के समक्ष दिया गया बयान भी सबूत माना जायेगा। अर्थात जबरन लिया गया वक्तव्य भी वैध बना दिया गया जो गुलाम भारत में भी नहीं था। जब जमानत मिलने पर भी जेल के अन्दर ही पिताजी को दुबारा गिरफ्तार कर दिल्ली रवाना कर दिया गया तो ये सारे अमानविक तथा अवैध संशोधन अपनी तीव्रता खो चुके थे। तब एक चुटकुला चल निकला था कि मीसा के मायने हैं मेइंटिनेन्स ऑफ़ इन्दिरा एण्ड संजय (इन्टर्नल सेक्युरिटि) एक्ट है। अन्याय की पराकाष्ठा तो तब हुई जब पिताजी के वकील को भी जेल में निरुद्ध कर दिया गया था। बड़ौदा जेल में पिताजी के साथ यादगार घटनायें हुईं। बड़ौदा जेल में पिताजी को भोजन की कठिनाई तो होती थी क्योंकि वे प्याज-लहसुन तक का परहेज करते है। नाश्ते में उन्हें गुड़ और भुना चना मिलता था। जिसे वे चींटियों और चिड़ियों को खिला देते थें। लेकिन सबसे कष्टदायक बात थी कि पत्रकार को समाचार पत्र नही मिलते थे। पिताजी की दशा बिन पानी की मछली जैसी थी। मगर यह दुःख शीघ्र दूर हो गया जब एक युवक रोज पिताजी के लिए अखबारों का बण्डल पहुँचाता था। जिसे तरस खाकर जेलर साहब पिताजी के बैरक में पहुँचा देते थे। वह युवक था नरेन्द्र दामोदरदास मोदी, अधुना गुजरात के मुख्य मंत्री (आज भारत के प्रधानमंत्री)। उनकी कैद के प्रथम दिन से ही पिताजी की प्रतिरोधात्मक संकल्प शक्ति को तोड़ने की साजिश सी.बी.आई. रचती रही थी। आला पुलिस हाकिमों ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर पिताजी को जार्ज फर्नांडिस के विरूद्ध वादामाफ गवाह (एप्रूवर) बनाने का सतत यत्न किया था। एक दिन तो उनलोगों ने पिताजी को अल्टिमेटम दे डाला कि यदि वे सरकारी गवाह नही बनेंगे तो उनकी पत्नी (मेरी माँ) को भी सहअपराधी बनाकर बड़ौदा जेल में ले आयेंगे। तब मेरी बहन विनीता चार वर्ष की और भाई सुदेव तीन वर्ष के थे। दूसरे शनिवार को माँ बड़ौदा जेल भेंट करने आईं। उनसे पिताजी ने पूछा। माँ ने बेहिचक कहा कि, जेल में खाना पकाऊँगी। यहीं रहेंगे। पर साथी (जार्ज फर्नांडिस) से गद्दारी नही करेंगे। अगले दिन सी.बी.आई वाले जानने आये। पिताजी का जवाब तीन ही शब्दों में था, लड़ेंगे. झुकेंगे नहीं। फिर यातनाओं का सिलसिला ज्यादा लम्बाया। कैदी के रूप में पिताजी तथा उनके साथियों से बड़े अपमानजनक तरीके से बर्ताव किया गया था, खासकर जब उन्हें अदालत ले जाया जाता था। हथकड़ी और मोटी रस्सी से बांध जेल से कोर्ट और वापस ले जाते थें। सैकड़ों सशस्त्र पुलिसवाले उनकी गाड़ी के आगे पीछे चलते थे। पिताजी की कलाई के साथ स्व. वीरेन जे. शाह को भी बाँधा जाता था। इस पर पिताजी ने व्यंग किया कि इन्दिरा गाँधी ने असली समाजवाद ला दिया है। श्री वीरेन शाह अरबपति, उद्योगपति (मकुन्द आयरन एण्ड स्टील के मालिक), भारतीय जनसंघ के सांसद और बाद में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बने। अर्थात श्रमजीवी पत्रकार मेरे पिता तथा पूंजीपति वीरेन शाह का संग! आपातकाल के दौरान बड़ौदा डायनामाइट केस में बंद पिताजी से जब माँ तिहाड़ जेल में मिलीं, तो उन्हें दोनों मुख्य आरोपियों (पति और जॉर्ज फर्नांडिस) को फांसी होने का डर था। लेकिन मीडिया सेंसरशिप के बावजूद जेल में बंद पिताजी को जनता के मूड का सही अंदाजा था। चुनाव बाद मोरारजी देसाई की सरकार बनी और कैबिनेट ने पहला फैसला इस केस को वापस लेने का किया। 22 मार्च 1977 को सभी रिहा हुए। बाद में, कांग्रेस की कानूनी चुनौतियों को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। हमारें परिवार की यह गाथा है।



**- के. विश्वदेव राव**

## प्रेरक प्रसंग

### श्रम का पुरस्कार

बहुत दिनों पहले की बात है, गिलहरी पूरी तरह काली हुआ करती थी। छोटी-छोटी झाड़ियों के बीच, घास के मैदानों में, ऊंचे बड़े पेड़ों पर रेंगती फिरती कूदती फांदती लेकिन लोग उसे सुंदर प्राणी नहीं समझते थे। गिलहरी को गांव के परिवारों के साथ रहना पसंद था लेकिन गांव वाले उसे पसंद नहीं करते थे। वह घरों में पहुंच जाती तो बच्चे डर जाते और लोग उसे भगाने लगते। गांव में एक आश्रम था जिसमें साधू बाबा रहते थे। गिलहरी उनके पास रहने लगी। जो बाबा खाते वह गिलहरी खाती, जो वे यज्ञ हवन करते उसकी साक्षी बनती और जो वे जप मंत्र पढ़ते उसके पुण्य का लाभ उठाती। धीरे धीरे गिलहरी बीज, कंद और मूल खाने वाली साध्वी बन गई। कुछ समय बाद बाबा रामेश्वरम की तीर्थयात्रा पर निकले तो वह गिलहरी भी उनके साथ हो ली। रामेश्वरम के समुद्र तट पर बाबा ने जहां डेरा डाला वहीं किसी पेड़ पर एक कोटर में गिलहरी ने भी अपना घर बना लिया।

रामेश्वरम में थोड़ा ही समय बीता था कि राम और रावण का युद्ध छिड़ गया और राम जी ने सिंधु में सेतु निर्माण का कार्य प्रारम्भ कर दिया। नल और नील के नेतृत्व में बन्दर और भालू समुद्र में पत्थर डालकर सेतु बनाने लगे। यह देखकर गिलहरी भी रेत के कण उठाकर समुद्र में डालने लगी। यह छोटा सा काम था लेकिन बड़े निर्माण में छोटे से छोटे काम का महत्व होता है, यह समझकर नल नील ने उसे टोका नहीं और वह अपना काम करती रही। भगवान राम भी उसे चुपचाप काम करते देखते। जिस दिन पुल का निर्माण पूरा हुआ, उस दिन, नन्हीं सी गिलहरी द्वारा प्रदर्शित उत्तरदायित्व, लगन और श्रम की भावना को पुरस्कृत करने के लिये भगवान राम ने उसे अपने हाथों में उठाया और आशीर्वाद से भरी अपनी अंगुलियों को उस पर फेरा।

आश्चर्य! भगवान राम के हाथ और ऊंगलियों के निशान जहां लगे वहां का रंग भगवान की त्वचा जैसा सांवला हो गया और वह अत्यंत आकर्षक दिखाई देने लगी। कहते हैं तभी से गिलहरी की गणना सुंदर प्राणियों में होने लगी। गांव के बच्चे उसे देखकर खुश हो जाते, उसे बगीचों से कोई नहीं भगाता और लोग उससे खूब प्रेम करते। गिलहरी को मिले इस वरदान से उसके आगे की संतति भी सुंदर हुई। अंत में जब सेतु निर्माण का इतिहास लिखा गया तब हर कवि और रचनाकार ने उस नन्हीं गिलहरी का उल्लेख अपनी रचना में किया।

## आपका पत्र मिला

### ईमानदार व्यवस्था से भी सुरक्षित रहती है आस्था

अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, संघर्ष, धैर्य और भावनाओं का प्रतीक है। सदियों के इंतजार, अनगिनत लोगों के त्याग और लंबे कानूनी संघर्ष के बाद जब प्रभु श्रीराम का मंदिर साकार हुआ, तो देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं ने इसे अपनी श्रद्धा का केंद्र माना। ऐसे पवित्र स्थान पर चढ़ावे की चोरी या अनियमितता के आरोप सामने आना केवल आर्थिक अपराध का विषय नहीं है, बल्कि यह लोगों के विश्वास और भावनाओं को गहरी चोट पहुंचाने वाला मामला है।

मंदिर में आने वाला प्रत्येक दान किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं होता, वह श्रद्धालुओं की श्रद्धा का प्रतीक होता है। कोई व्यक्ति अपनी मेहनत की कमाई से कुछ रुपये अर्पित करता है, कोई आभूषण चढ़ाता है, तो कोई अपनी सामर्थ्य के अनुसार सेवा करता है।

उस विश्वास की रक्षा करना मंदिर प्रबंधन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। जिस व्यवस्था पर लोगों ने भरोसा किया, यदि उसी व्यवस्था में बैठे कुछ लोग उस विश्वास को तोड़ते हैं तो यह अत्यंत पीड़ादायक स्थिति है।

आज के समय में बड़े धार्मिक संस्थानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और आधुनिक निगरानी प्रणाली जरूरी है। दान की डिजिटल व्यवस्था, नियमित ऑडिट, सीसीटीवी निगरानी, दान सामग्री का स्पष्ट रिकॉर्ड और सार्वजनिक जवाबदेही जैसी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं के विश्वास को और मजबूत कर सकती हैं। आस्था केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि ईमानदार व्यवस्था से भी सुरक्षित रहती है।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

# दिन की बजाए रात को ही क्यों बिगड़ती है तबीयत?



हम सभी कभी ना कभी तो बीमार हो ही जाते हैं। कभी इंफेक्शन तो कभी बदलते मौसम के चलते सिरदर्द,बुखार,जुकाम जैसी समस्या हो ही जाती है। वैसे तो कोई भी शख्स किसी भी उम्र में बीमार पड़ सकता है लेकिन क्या आपने भी कभी नोटिस किया कि लोग दिन की बजाए रात को ज्यादा बीमार पड़ते हैं। अक्सर लोगों की सेहत दिन की बजाए रात को बिगड़ती है और अगर तबीयत दिन में खराब हो गई तो रात में इसके लक्षण ज्यादा दिखते हैं। क्या सच में ऐसा ही होता है या यह सिर्फ वहम (भ्रम) है? अगर आप भी इसके बारे में नहीं जानते तो चलिए आपको इसके पीछे का मेडिकल कारण बताते हैं। एक्सपर्ट की मानें तो बहुत से लोगों को ऐसा लगता है कि तबीयत दिन की बजाए रात को खराब होती है। इसके पीछे मेडिकल कारण हैं। दरअसल, शरीर की नेचुरल कार्डिएक रिदम इसमें अहम रोल प्ले करती है। बॉडी की बायोलॉजिकल क्लॉक कई प्रोसेस को रेगुलेट करती है जिसमें हार्मोन रिलीज, टेम्परेचर कंट्रोल और इम्यून रिस्पॉन्स सब शामिल हैं। रात में डाइजेशन और सर्कुलेशन सहित शरीर के कुछ फंक्शन स्लो हो जाते हैं क्योंकि उस समय शरीर आराम कर रहा होता है। इसी के चलते सांस और जोड़ों के दर्द की दिक्कत भी बढ़ सकती है। रात में, शरीर के कुछ फंक्शन जैसे डाइजेशन और सर्कुलेशन धीमे हो जाते हैं क्योंकि शरीर आराम कर रहा होता है। इसी वजह से रात के समय तबीयत अधिक बिगड़ सकती है। इसकी वजह से सांस से जुड़ी दिक्कतें और जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है। बहुत से लोग ऐसे भी है जिन्हें दमे की शिकायत रात में ज्यादा हो जाती है। ऐसा शरीर में कोर्टिसोल लेवल में बदलाव होने के कारण होता है। यह लेवल रात के समय कम हो जाता जिसके चलते शरीर की इंफ्लेमेशन से लड़ने की ताकत कम हो जाती है। जब हम रात को लेटते हैं तो लेटने की वजह से एसिड रिफ्लक्स और नाक से जुड़ी दिक्कतें बढ़ जाती है क्योंकि लेटने की पोजिशन के चलते ग्रेविटी, म्यूकस के बाहर निकलने और पेट के एसिड के मूव करने में सपोर्ट नहीं करती है। रात के समय ही स्ट्रेस और एंग्जायटी अधिक हो जाती है जिसके कारण कई बार दर्द और डिस्कम्फर्ट बढ़ जाता है। रात में इम्यून सिस्टम ज़्यादा एक्टिव हो जाता है, जिससे शरीर को इंफ़ेक्शन से लड़ने में मदद मिलती है हालांकि, इस प्रोसेस की वजह से इंफ़्लेमेशन और बुखार भी हो सकता है।

# चुकंदर खाने का सही तरीका क्या है? जानिए कैसे मिलेगा दोगुना फायदा

चुकंदर को सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें आयरन, फोलेट, फाइबर, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर में खून की कमी को दूर करने और संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।यही वजह है कि कई लोग हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए नियमित रूप से चुकंदर का सेवन करते हैं। पर, बहुत कम लोग जानते हैं कि चुकंदर खाने का सही तरीका और सही समय भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना इसका सेवन करना।



गलत तरीके से या जरूरत से ज्यादा चुकंदर खाने पर कुछ लोगों को पाचन संबंधी समस्याएं, ब्लड शुगर में उतार-चढ़ाव या अन्य स्वास्थ्य परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि चुकंदर का सेवन किस रूप में, कितनी मात्रा में और किस समय करना चाहिए ताकि शरीर को इसका पूरा लाभ मिल सके। आइए जानते हैं चुकंदर खाने का सही तरीका और इससे जुड़ी जरूरी बातें।


### चुकंदर खाने का सही तरीका

**1. सुबह खाली पेट करें सेवन-** चुकंदर का सेवन सुबह खाली पेट करने से शरीर इसके पोषक तत्वों को बेहतर तरीके से अवशोषित कर पाता है। इससे ऊर्जा बढ़ती है और शरीर को दिनभर एक्टिव रहने में मदद मिलती है।

**2. जूस की बजाय सलाद में खाएं-** विशेषज्ञों के अनुसार चुकंदर को सलाद के रूप में खाना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इससे फाइबर भी मिलता है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

**3. गाजर और आंवला के साथ लें-** चुकंदर को गाजर और आंवला के साथ मिलाकर खाने से शरीर को अतिरिक्त विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स मिलते हैं। यह खून बढ़ाने और इम्यूनिटी मजबूत करने में मददगार हो सकता है।

**4. सीमित मात्रा में सेवन करें-** रोजाना 1 मध्यम आकार का चुकंदर या 150-200 मिलीलीटर चुकंदर का जूस पर्याप्त माना जाता है। अधिक मात्रा में सेवन करने से कुछ लोगों को पेट संबंधी परेशानी हो सकती है। 5. किडनी स्टोन के मरीज रखें सावधानी। चुकंदर में ऑक्सालेट की मात्रा होती है। जिन लोगों को किडनी स्टोन की समस्या है, उन्हें डॉक्टर की सलाह के बाद ही इसका सेवन करना चाहिए।



**चुकंदर खाने के फायदे**

शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद कर सकता है। ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

# इन पत्तों में छिपा है भरपूर विटामिन बी12 खाते ही थकान हो जाएगी दूर



लोगों ने ताकत वाली चीजें खाना कम कर दिया है। आजकल समोसा, बर्गर, पिज्जा, नूडल्स जैसे जल्दी और आसानी से मिल जाने वाले फूड ज्यादा खाए जाते हैं। ये टेस्ट बड्स के लिए वरदान और सेहत के लिए श्राप साबित होते हैं। इनमें पोषण की कमी होती है जिसकी वजह से जरूरी विटामिन की कमी हो जाती है। उसी मे से एक है विटामिन बी12 जो कि हमारे शरीर के लिए एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है पर अक्सर शरीर में विटामिन बी12 की कमी हो जाती है, जिसे दूर करने के लिए हम तरह तरह के दवा और पता नहीं क्या-क्या खाते हैं।आमतौर पर विटामिन बी12 मांसाहारी भोजन जैसे मांस, मछली, अंडे और डेयरी में पाया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ पत्तों में भी विटामिन बी12 भरपूर मात्रा में होता है? ये पत्ते न केवल शरीर को ताकत देते हैं, बल्कि थकान भी जल्दी दूर कर देते हैं।

### विटामिन बी12 से भरपूर पत्ते

**सरसों के पत्ते-** सरसों के पत्ते स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इनमें विटामिन बी12,ए, सी,के और फोलिक एसिड जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को ताकत देते हैं। इन पत्तों को खाने से शरीर का इम्यून सिस्टम सही होता है और पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। सरसों के पत्ते आयरन का अच्छा स्रोत होते हैं, जिससे खून की कमी दूर होती है और थकान भी दूर होती है। इन्हें सूप, पराठे या सलाद के रूप में खा सकते हैं, जो स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी लाभकारी होते हैं।

**बथुआ-** बथुआ में भी विटामिन बी12 की अच्छी खासी मात्रा होती है। यह पत्तियां शरीर को न केवल एनर्जी देता हैं, बल्कि पाचन तंत्र को भी सही बनाए रखने में मदद करती हैं। इसमे फाइबर और पोटेशियम की मात्रा भी पाई जाती है, वहीं इसके सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

**मशरूम के पत्ते-** मशरूम के पत्ते भी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें प्रोटीन, फाइबर, और विटामिन डी की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और शरीर में इम्यून सिस्टम को स्ट्रॉग बनाती हैं। मशरूम के पत्तों का सेवन करने से पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है और वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। आप इन्हें सूप, सलाद या विभिन्न व्यंजनों में डालकर खा सकते हैं। यह स्वाद में भी बेहतरीन होते हैं और सेहत के लिए लाभकारी होते हैं।

**पालक-** पालक में विटामिन बी12 की अच्छी मात्रा होती है। इसमें फॉलिक एसिड और आयरन भी भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर को ताकत देते हैं। अगर आप पालक को अपनी डाइट में शामिल करते हैं, तो यह थकान को जल्दी दूर करने में मदद करेगा।

**चुकंदर के पत्ते-** चुकंदर के पत्तों में भी विटामिन बी12 मौजूद होता है। इसके सेवन से शरीर में खून की कमी पूरी होती है और थकान दूर होती है।

इसके नियमित सेवन से शरीर में एनर्जी बनी रहती है और संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार होता है। यह पाचन को भी दुरुस्त रखता है और शरीर को ताजगी प्रदान करता है। इन पत्तों को अपनी डाइट में शामिल करके आप न केवल अपनी थकान को दूर कर सकते हैं, बल्कि शरीर को मजबूती भी प्रदान कर सकते हैं।

# रात को चैन की नींद चाहिए? करें ये योगासन



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव और थकान के कारण सबसे ज्यादा असर हमारी नींद पर पड़ता है। पर्याप्त नींद न मिलने से न सिर्फ स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि दिनभर थकान और चिड़चिड़ापन भी बना रहता है। ऐसे में योग एक प्राकृतिक उपाय है जो न सिर्फ शरीर को रिलैक्स करता है बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। नियमित योगाभ्यास से अनिद्रा दूर होती है और रात को गहरी नींद आती है। योग नींद और रिलैक्सेशन के लिए एक संपूर्ण उपाय है। यदि आप रोज रात को सोने से पहले 15-20 मिनट इन आसनों और प्राणायाम का अभ्यास करें, तो आपको गहरी और सुकून भरी नींद मिलेगी। **शवासन-** यह सबसे आसान और प्रभावी आसन है। इसमें सीधे लेटकर आंखें बंद करें और गहरी सांस लें। तनाव और थकान को दूर करने में यह बेहद सहायक है। यहविश्राम आसन मानसिक थकान को दूर करता है और आपको आंतरिक शांति देता है। इस आसन के अभ्यास से मस्तिष्क शांत और तनाव व हल्के अवसाद से राहत पाने में मदद मिलती है। शवासन पूरे शरीर को आराम देता है। इस आसन से सिरदर्द, थकान और अनिद्रा की शिकायत को दूर किया जा सकता है। शवासन रक्तचाप कम करने में मदद करता है। **बालासन-** यह आसन मन और शरीर को शांति देता है। इसे करने से नसों में तनाव कम होता है और नींद जल्दी आती है। इस आसन का अभ्यास शरीर को आराम देता है और तनाव को कम करता है। इसके अभ्यास के लिए वज्रासन की स्थिति में बैठकर माथे को जमीन पर लगा लें। दोनों हाथों को जमीन पर रखकर जांघों से छाती पर दबाव डालें। इस अवस्था में कुछ देर रुकें। **पश्चिमोत्तानासन -** यह आसन दिमाग को शांत करता है और थकान को कम कर गहरी नींद लाने में सहायक होता है। इस आसन को करने के लिए सीधे पैरों के साथ बैठकर हाथों को आगे बढ़ाते हुए पैर की उंगलियां पकड़ें और सिर को घुटनों से लगाएं। **भ्रामरी प्राणायाम-** मधुमक्खी जैसी गूंजती ध्वनि करने से मन शांत होता है और दिमाग तुरंत रिलैक्स हो जाता है। इस प्राणायाम के अभ्यास के लिए आराम से बैठकर आंखें बंद कर लें।

# पुरानी खांसी का पक्का इलाज भूना हुआ अमरूद



खांसी और जुकाम के लिए भुना हुआ अमरूद लेना एक घरेलू उपाय है। विशेषज्ञ के अनुसार, भुना हुआ अमरूद पुरानी खांसी से छुटकारा पाने में काफी फायदेमंद साबित होता है। अमरूद में विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है और अमरूद में मौजूद गुण खांसी पैदा करने वाले माइक्रोबियल को रोकते हैं। एक स्टडी के मुताबिक, सर्दी में लगने वाली खांसी में भुने हुए अमरूद के साथ उसके पत्ते भी बहुत फायदेमंद रहते हैं। अमरूद एस्कॉर्बिक एसिड और आयरन का एक भरपूर स्रोत है जो लंग कंजेशन और बलगम बनने की प्रक्रिया को कम करता है। सबसे पहले एक कच्चा अमरूद लें और याद रखिए कि अमरूद कच्चा ही होना चाहिए। इसे दो हिस्सों में काट लें और सेंधा नमक लगाकर स्टोव पर भून लें। बैंगन की तरह जब अमरूद पूरी तरह से भुन जाए,तो उसे खांसी से पीड़ित व्यक्ति को खिला दें। भुना हुआ अमरूद तीन से चार दिन तक खाएं। जिन लोगों को शुगर है उन्हें अमरूद की पत्तियों का पानी पीना चाहिए। अमरूद की नरम साफ पत्तियां लें और जरूरतानुसार पानी में उबाल लें। इस पानी का सेवन करें। यह डायबिटीज रोगियों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है।

**फायदे :** अमरूद में विटामिन सी, विटामिन ए और फाइबर के अलावा पोटेशियम, फोलिक एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा भरपूर होती हैं जो हमारे शरीर के लिए बहुत बढ़िया माने जाते हैं। अमरूद में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद करते हैं। अमरूद के सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रित रहता है और दिल को स्वस्थ बनाए रखता है। अमरूद में फाइबर की उच्च मात्रा होती है जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है। जिन लोगों को कब्ज की समस्या रहती हैं उन्हें काला नमक लगाकर अमरूद का सेवन जरूर करना चाहिए।


# क्या वजन घटाने और दिल के लिए हैल्दी है लाल मिर्च?

लाल मिर्च केवल खाने का स्वाद बढ़ाने वाला मसाला नहीं है, बल्कि यह हमारी सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। भारतीय खाने में मिर्च का इस्तेमाल स्वाद और तीखापन देने के लिए किया जाता है, लेकिन इसके स्वास्थ्य लाभ कई स्तरों पर होते हैं। लाल मिर्च मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने, पाचन को सुधारने, इम्यूनिटी मजबूत करने और दिल की सेहत बनाए रखने में मदद करती है। **मेटाबॉलिज्म बढ़ाए-** लाल मिर्च में कैप्साइसिन नामक तत्व मौजूद होता है, जो इसे तीखा बनाता है। कैप्साइसिन में थर्मोजेनिक गुण पाए जाते हैं, जो शरीर में कैलोरी बर्न करने और मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करते हैं। इसका नियमित और सीमित मात्रा में सेवन करने से न केवल मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है बल्कि यह वजन कम करने में भी सहायक होता है। इसके अलावा, कैप्साइसिन शरीर में ऊर्जा खर्च बढ़ाकर फैट जलाने में मदद करता है, जिससे स्लिम और फिट रहने में आसानी होती है।

**पाचन को बेहतर बनाए-** लाल मिर्च का सेवन पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करता है। यह लार और पाचक रसों के उत्पादन को बढ़ाता है, जिससे खाने को आसानी से पचाया जा सकता है। इसके अलावा, मिर्च ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाती है, जो कब्ज और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में सहायक होती है। ध्यान रहे कि अत्यधिक मिर्च खाने से सीने में जलन या एसिडिटी हो सकती है, इसलिए इसका सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

**दिल का ख्याल रखे-** लाल मिर्च में भरपूर एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो गुड कोलेस्ट्रॉल (ष्ठरु) बढ़ाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, कैप्साइसिन ब्लड क्लॉट्स बनने से रोकता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है। नियमित रूप से लाल मिर्च का सेवन करने से दिल स्वस्थ रहता है और रक्त संचार भी बेहतर होता है।

# खून नहीं बनता तो करें खजूर का सेवन



अगर शरीर में खून की कमी हो या हीमोग्लोबिन का लेवल कम हो, तो इसे बढ़ाने के लिए कई नेचुरल उपाय हैं। इनमें से एक सबसे असरदार उपाय है खजूर का सेवन। खजूर में भरपूर पोषक तत्व होते हैं जो शरीर में खून की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं। चलिए जानते हैं कि खजूर कैसे खून की कमी को दूर करने में मदद करता है और इसे कैसे सही तरीके से खाया जाए।

**खजूर खाने के फायदे- आयरन :** खजूर में आयरन की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। आयरन शरीर में हीमोग्लोबिन के बनने लिए जरूरी है। जब आयरन की कमी होती है तो खून का लेवल कम हो जाता है और एनीमिया हो सकता है। खजूर का नियमित सेवन आयरन की कमी को दूर करने में मदद करता है।

**विटामिन सी :** खजूर में विटामिन सी भी पाया जाता है, जो शरीर में आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है। इसके कारण शरीर को आयरन का पूरा फायदा मिलता है, जिससे हीमोग्लोबिन के लेवल में सुधार होता है।

**पोटैशियम :** खजूर में पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को नार्मल बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा यह शरीर को एनर्जी प्रदान करने में भी सहायक होता है।

**फाइबर :** खजूर में उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को सुधारता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है। इससे रक्त प्रवाह भी बेहतर होता है, जिससे शरीर में खून का संचार अच्छे से होता है।

### खजूर का सेवन ऐसे करें

1. खजूर का सेवन सबसे अच्छे तरीके से तब होता है जब आप इन्हें रात भर पानी में भिगोकर सुबह खाली पेट खाएं। इससे खजूर के पोषक तत्व शरीर द्वारा जल्दी अवशोषित होते हैं। 2. खजूर को कटा हुआ दूध में डालकर भी खाया जा सकता है। यह स्वादिष्ट होता है और शरीर को भरपूर ऊर्जा देता है। यह तरीका विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के लिए अच्छा है। 3. खजूर को दही, नारियल पानी या दूध के साथ स्मूदी बना कर भी पी सकते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषण से भरपूर तरीका है। 4. खजूर को नाश्ते के रूप में पिस्ता, बादाम और अखरोट के साथ भी खाया जा सकता है। यह एक अच्छा और हेल्दी नाश्ता बनता है जो खून की कमी को दूर करने में मदद करता है।

# माइग्रेन से जीना हुआ मुश्किल? ये 4 अचूक घरेलू नुस्खे देंगे चमत्कारिक आराम!



माइग्रेन एक प्रकार का सिरदर्द है जो अक्सर एक तरफा होता है और इसके साथ कई अन्य लक्षण भी हो सकते हैं। यह दर्द आमतौर पर मध्यम से गंभीर होता है और कई घंटों से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। इस भयंकर दर्द को मिटाने के लिए लोग दवाईयां खाते हैं, जो हेल्थ पर भी असर डलती है। कुछ लोगों में माइग्रेन के दौरान मतली और उल्टी होने लगती है। इसके अलावा माइग्रेन के दौरान अन्य लक्षण जैसे कि चक्कर आना, थकान, और भूख न लगना भी हो सकते हैं। इन सबसे बचने के लिए कुछ राहत देने वाले घरेलू उपाय आपको बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप अजमा सकते हैं। आइए आपको इन घरेलू उपाय के बारे में बताते हैं।

**गुनगुना देसी घी-** आप अपनी नाक में गुनगुना देसी घी की 2 बूंदें डाल सकते हैं। यह नुस्खा माइग्रेन के दर्द को कम करने काफी मदद करता है। आयुर्वेद में भी इस उपाय के बारे में बताया गया है। यह काफी फायदेमंद उपचार साबित हो सकता है। **गर्म पानी और आइस पैक-** माइग्रेन के दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप अपने पैरों को गर्म पानी में डुबोएं और गर्दन पर आइस पैक रख सकते हैं। यह उपचार सिर में ब्लड फ्लो को हटा देता है जिससे दर्द कम हो जाता है। इसको करने के बाद आपको 15 मिनट में दर्द से राहत मिल जाएगी। **मालिश करें-** आप तिल के तेल से सिर और माथे की मालिश कर सकते हैं। मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतरीन हो जाता है और मसल्स रिलैक्स होती हैं। दर्द में काफी राहत मिलती है।

**रोजाना इन फूड्स का सेवन करें-** माइग्रेन से परेशान रहते हैं, तो आप अपनी डाइट में इन फूड्स एड कर सकते हैं। जिससे माइग्रेन अटैक न हो। आपको कद्दू के बीजों का सेवन करना चाहिए। इसमें मैग्नीशियम होता है जो माइग्रेन के लिए फायदेमंद साबित होगा। इसके अलावा, आप अदरक का सेवन कर सकते हैं, क्योंकि इसमें एंटीफ्लेमेटरी गुण होते हैं। अलसी के बीज का सेवन करें, हल्दी वाला दूध रात को पी सकते हैं। दोपहर के समय खारी खा सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ

**शुक्रवार, 26 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे द्वादशी तिथौ शुक्र वासरे 22/23/ विशाख नक्षत्रे 19/16/ सिद्ध योग 11/39/ बव करणे 09/15/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.12 मि.34पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** चंपक द्वादशी। मोहर्रम (ताजिया)।

**मेष :** श्रम संघर्ष प्रयास से संकल्पित मनोरथ पूर्ण होगा। रुके द्रव्य की प्राप्ति होगी। यात्राओं की योजना बन सकती है।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृष :** किसी से आकस्मिक लाभ होगा। श्रेष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैभव में वृद्धि होगी। बैद्धिक कार्य से निवृत्त हो जाएंगे।

**वृश्चिक :** श्रस की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में सचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**मकर :** घरेलू दायित्वों की पूर्ति। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा। व्यय भार में कमी आएगी। दैनिक जीवन की विषमताएं कम होंगी।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कुंभ :** अच्छी दशा वालों को मित्र मिलाप एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। घरेलू कार्य का बोझ तनाव दे सकता है।

**कन्या :** अभिलाषाओं की आंशिक पूर्ति होगी। परिश्रम से किया गया कार्य वांछित फल देगा। असमंजस पैदा होंगे। नये कार्य बनेंगे।

**मीन :** अधूरे कार्यों का निपटारा करना आपको तनाव दे सकता है। अपनी कार्य प्रणाली में परिवर्तन लाना पड़ेगा।



# कब मिलेगा न्याय : सिस्टम पर सवालों की गूंज के बीच मधुबन में उमड़ा जनसैलाब

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** भरत भूषण तिवारी प्रकरण को लेकर बुधवार देर शाम मधुबन में लोगों का आक्रोश और पीड़ा सड़कों पर दिखाई दी। बनियानबान तिराहे से मधुबन शहीद स्मारक तक सैकड़ों लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर कैंडल मार्च निकाला और न्याय की मांग बुलंद की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने व्यवस्था और जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। कैंडल मार्च में शामिल लोगों का कहना था कि यदि आम नागरिकों को न्याय के लिए सड़कों पर उतरना पड़े तो यह व्यवस्था के लिए गंभीर चिंतन का विषय है। मार्च के दौरान




पूरे मार्ग में ÷न्याय चाहिए÷ और ÷सच्चाई सामने लाओ÷ जैसे नारे गूंजते रहे। लोगों ने कहा कि मामले की पारदर्शी जांच कर दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए। बनियानबान तिराहे से शुरू हुआ मार्च नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मधुबन शहीद स्मारक पहुंचा, जहां लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मार्च में मौजूद लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी परिस्थितियां क्यों पैदा होती हैं, जिनमें जनता को न्याय की मांग के लिए सड़कों पर उतरना पड़ता है। लोगों ने कहा कि यदि जांच निष्पक्ष और समयबद्ध हो तो समाज में विश्वास मजबूत होता है, लेकिन देरी और अस्पष्टता कई तरह के सवाल खड़े करती है।कैंडल मार्च में दुर्गाशीश दूबे, सत्या पाण्डेय, राहुल दीक्षित, चंदन पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और लोगों ने न्याय की मांग को लोकतांत्रिक तरीके से व्यक्त किया।

## कोचिंग सेंटर, अस्पताल व पैथोलॉजी की जांच तेज

**स्वतंत्र भारत मऊ।** लखनऊ में कोचिंग संस्थान में हुई दर्दनाक घटना के बाद प्रशासन और फायर विभाग सतर्क हो गया है। मोहम्मदाबाद गोहना में उपजिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री एवं फायर ब्रिगेड की टीम ने बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की जांच की। कई संस्थानों से फायर एनओसी एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगे गए तथा अग्निशमन उपकरण अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए गए।गुरुवार को भी फायर विभाग की टीम ने कस्बे के विभिन्न अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटरों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संचालकों को फायर ब्रिगेड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने और सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने की चेतावनी दी। टीम ने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेज नहीं मिलने पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध सीज करने की कार्रवाई की जा सकती है।

## डीजल चोरी में विफल होने पर ट्रक चालक को मारी थी गोली, मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जनपद मऊ के थाना दोहरीघाट क्षेत्र में ट्रक चालक को गोली मारकर डीजल चोरी के प्रयास की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसके तीन साथी मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त दो वाहन बरामद किए गए हैं।पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दोहरीघाट पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली। पुलिस के अनुसार 22/23 जून 2026 की रात बसारतपुर हाईवे के किनारे ट्रक खड़ा कर चालक आराम कर रहा था। इसी दौरान चार पहिया वाहन से पहुंचे बदमाश ट्रक से डीजल चोरी करने का प्रयास करने लगे। चालक द्वारा विरोध किए जाने पर बदमाशों ने उसे गोली मार दी और फरार हो गए।घटना के बाद घायल चालक की तहरीर पर थाना दोहरीघाट में मुकदमा अपराध संख्या 133/2026 धारा 109(1) बीएनएस के तहत अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम लगातार बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी।गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस को जानकारी मिली कि घटना में शामिल बदमाश घोसी की तरफ से दो वाहनों में सवार होकर ट्रकों से डीजल चोरी करने के इरादे से आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश उपेन्द्र राजभर पुत्र सुभाष राजभर निवासी शत्रुघ्नपुर थाना चौरी चौरा, जनपद गोरखपुर के पैर में गोली लग गई।

## मधुबन में दुकान के कर्मचारियों से मारपीट

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मऊ जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र में दुकान पर काम करने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और मोबाइल क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, थाना मधुबन में मुकदमा संख्या 219/26, धारा 115(2), 352, 351(3) एवं 324(3) बीएनएस के तहत संजय गुप्ता पुत्र सुदर्शन निवासी वार्ड नंबर 8, मधुबन की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया। आरोप है कि 22 जून 2026 की रात करीब 9:30 बजे भगवती सिनेमाहॉल के पास आरोपी पिंटू पुत्र स्वर्गीय परशुराम निवासी वार्ड नंबर 8, मधुबन ने वादी की दुकान पर कार्यरत गोविंद साहनी और उमेश साहनी के साथ काम करने की बात को लेकर मारपीट की। साथ ही गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

## खबर एक नज़र

### इजरायली तकनीक से तैयार होगी सब्जियों की गुणवत्तापूर्ण पौध

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मऊ के चन्द्रभानपुर स्थित मिनी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आधुनिक इजरायली तकनीक से उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों की रोगमुक्त पौध तैयार की जा रही है। उद्यान विभाग किसानों को टमाटर, मिर्च, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी सहित विभिन्न सब्जियों की पौध रियायती दरों पर उपलब्ध करा रहा है। किसान स्वयं का बीज देकर भी पौध तैयार करा सकते हैं। विभाग ने किसानों से समय रहते पौध बुकिंग कराने और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन व आय बढ़ाने की अपील की है।

### थोक दवा एजेंसी के निरीक्षण में मिलीं खामियां

**मऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष निरीक्षण अभियान के तहत खुरहट स्थित सोनू मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय से संबंधित अभिलेख, अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों में कमियां पाई गईं। विभाग ने दो संदिग्ध औषधियों के नमूने जांच हेतु संकलित किए हैं। फर्म स्वामी को पांच कार्यदिवस के भीतर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने तथा दवाओं के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला सतर्कता समिति की बैठक में राशन व्यवस्था की समीक्षा

**स्वतंत्रभारत मऊ।** अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा की गई। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि फरवरी से अब तक 447 नए अंत्योदय एवं 13,248 पात्र गृहस्थी राशन कार्ड जारी किए गए हैं। जनपद की सभी 1020 उचित दर दुकानों पर ई-पॉस मशीनों से राशन वितरण हो रहा है तथा आधार सीडिंग शत-प्रतिशत पूर्ण है। बैठक में अन्नपूर्णा भवन निर्माण, निलंबित उचित दर दुकानों के मामलों तथा पात्र-अपात्र लाभार्थियों की समीक्षा करते हुए लंबित जांचों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

### बारिश से मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली बनी तालाब

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में बुधवार रात हुई तेज बारिश के बाद भारी जलभराव हो गया। कोतवाली प्रांगण तालाब जैसी स्थिति में नजर आया, जिससे पुलिसकर्मियों और फरियादियों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गुरुवार को पंप लगाकर किसी तरह पानी निकाला गया, लेकिन बारिश का मौसम अभी बाकी होने से समस्या के दोबारा उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश में यह समस्या सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

### वलीदपुर बड़ी बाजार में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना नगर के वलीदपुर बड़ी बाजार में गुरुवार को पुलिस प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे लगाए गए ठेले, सब्जी की दुकानें और अन्य अस्थायी अतिक्रमण हटवाए गए। चौकी प्रभारी नूर आलम ने बताया कि अतिक्रमण के कारण बाजार में अक्सर जाम लग रहा था, जिससे लोगों को परेशानी होती थी। कार्रवाई के बाद मुख्य सड़क पर आवागमन सुचारु हो गया। पुलिस ने भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**स्वतंत्रभारत मऊ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़राव की टीम ने गुरुवार को अभियान चलाकर तीन अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों को सीज कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान थानीदास नवकापुरा स्थित मॉडर्न अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी सेंटर, अमिला स्थित प्रतिमा सेवा सदन तथा मादी स्थित रीता क्लिनिक में आवश्यक अभिलेख और वैध दस्तावेज नहीं मिले। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर तीनों संस्थानों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी दी है कि बिना मानकों और अनुमति के संचालित अस्पतालों, क्लीनिकों एवं जांच केंद्रों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सिंगल फेस बिजली से परेशान गोंठा के किसान, सिंचाई पर संकट

**स्वतंत्रभारत मऊ।** गोंठा गांव के किसानों ने ट्यूबवेल तक पर्याप्त बिजली आपूर्ति न मिलने से सिंचाई प्रभावित होने की शिकायत की है। किसान अजय राय ने ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा को पत्र भेजकर बताया कि सिंगल फेस बिजली के कारण मोटर बार-बार खराब हो रही है, जिससे फसलों की सिंचाई बाधित हो रही है। किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल को नुकसान हो चुका है और धान की खेती पर भी संकट मंडरा रहा है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री और जिला प्रशासन से जल्द समाधान कर पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### जियो एजेंट बनकर साइबर कैफे संचालक से ठगे 2 हजार रुपये

**मऊ।** रतनपुरा ब्लॉक के मुबारकपुर ग्राम पंचायत में एक साइबर कैफे संचालक साइबर ठगी का शिकार हो गया। पेट्रोल पंप के सामने साइबर कैफे चलाने वाले धर्मेंद्र विश्वकर्मा को जियो का एजेंट बनकर फोन करने वाले व्यक्ति ने सस्ते सिम और अधिक कमीशन का लालच देकर ?2000 एडवांस जमा करा लिया।बताया जाता है कि आरोपी ने स्कैनर भेजकर रकम ट्रांसफर कराई, लेकिन भुगतान के बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। जब धर्मेंद्र ने संबंधित नंबर पर संपर्क किया तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला, बल्कि कथित तौर पर धमकी भी दी गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर सेल से करते हुए ठगी का पर्दाफाश करने और रकम वापस दिलाने की मांग की है।

# विनीत राय हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत गाज़ीपुर।** थाना कोतवाली पुलिस ने विनीत राय हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त शंकर पाण्डेय के पिता रविशंकर उर्फ रविशेखर पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को बुधवार को गाजीपुर रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर से पकड़ा गया। 29 मई 2026 को अष्टभुजी कॉलोनी, गोडा शहरी निवासी विनीत राय पुत्र आलोक राय की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में थाना कोतवाली में मु.अ.सं. 0365/2026 धारा 103(1), 191(2), 3(5), 61(2) ब्हृस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत विवेचना के दौरान हत्या के षड्यंत्र में रविशंकर पाण्डेय की भूमिका सामने आई।



पुलिस ने 56 वर्षीय रविशंकर उर्फ रविशेखर पाण्डेय पुत्र स्व. सत्यदेव पाण्डेय, निवासी गौसाबाद, थाना कोतवाली को 25 जून को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त शंकर पाण्डेय का पिता है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी रविशंकर पाण्डेय पश्चिम बंगाल की दमदम जेल में एनडीपीएस एक्ट के तहत 15 वर्ष की सजा काट चुका है। वह जनवरी 2024 में रिहा हुआ था।गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह व हमराह टीम ने की। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बिना ऑपरेशन प्रसव का झांसा पड़ा भारी जच्चा-बच्चा की मौत पर बवाल

स्वतंत्रभारत मऊ। घोसी कोतवाली क्षेत्र के नदवा सराय बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के बाद मंगलवार को जमकर हंगामा हो गया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने दोनों शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया, जिससे घंटों आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।परिजनों का आरोप है कि अस्पताल संचालक और कथित चिकित्सक ने बिना ऑपरेशन सामान्य प्रसव कराने का भरोसा देकर गर्भवती महिला को भर्ती किया था। प्रसव के दौरान नवजात शिशु मृत पैदा हुआ। इसके बाद महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। गंभीर स्थिति होने पर अस्पताल प्रबंधन ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी भी मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उनका आरोप है कि अस्पताल बिना वैध अनुमति और आवश्यक चिकित्सीय सुविधाओं के संचालित किया जा रहा था। मामले की जानकारी फैलते ही अस्पताल संचालक और कथित डॉक्टर क्लीनिक का बैनर-पोस्टर हटाकर मौके से फरार हो गए। इससे नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक ग्रामीण कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।ग्रामीणों ने मांग की कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच कराएं तथा क्षेत्र में संचालित फर्जी अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उनका कहना था कि ऐसे अस्पताल लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि महिला का इलाज डॉक्टर शाहिद और यूनुस द्वारा किया जा रहा था। हालत बिगड़ने पर उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया, जहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है। इलाज करने वाले चिकित्सकों की वैधता और पंजीकरण की भी जांच होगी। यदि किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## निर्जला एकादशी पर जमदग्नि ऋषि गंगा घाट (बलुआ घाट) पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**स्वतंत्र भारत जमानिया।** गाजीपुर जनपद के जमानिया स्थित पौराणिक जमदग्नि ऋषि गंगा घाट (बलुआ घाट) पर निर्जला एकादशी के अवसर पर गंगा स्नान हेतु श्रद्धालुओं का आवागमन रात्रि से ही प्रारंभ हो गया था। प्रातः लगभग तीन बजे से ही घाट पर स्नान करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी। बिहार सहित कई किलोमीटर दूर-दराज क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ब्लॉक तिराहा मोड़ पर बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अलावा दोपहिया वाहनों को भी बाजार क्षेत्र में जाने से रोका गया। पूरे मेले एवं स्नान क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद रही। प्रशासन की सतर्कता के चलते श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से गंगा स्नान किया।

## अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरा बाइक सवार, युवक गंभीर घायल

**बरसठी जौनपुर।** थाना क्षेत्र के धनापुर तिराहे के पास गुरुवार दोपहर एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, यूपी 66 एन 9438 नंबर की बाइक से जा रहा करीब 30 वर्षीय युवक धनापुर तिराहे से कटवार रोड की ओर जा रहा था। तिराहे से करीब 100 मीटर आगे पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। दुर्घटना में युवक के सिर और पेट में गंभीर चोटें आई है। सूचना मिलने पर पीआरबी 112 पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसठी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया है।

## सूखे की आशंका को देखते हुए कृषि व अन्य सम्बद्ध विभागों की बैठक

**स्वतंत्र भारत गाज़ीपुर।** गाजीपुर -जनपद गाजीपुर में सूखे की आशंका के दृष्टिगत आज विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद की अध्यक्षता में कृषि और अन्य संबद्ध विभागों की बैठक की गई। बैठक में उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अभियंता सिंचाई, नलकूप, अग्रणी जिला प्रबंधक आदि लोग उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में सूखे की आशंका की दृष्टिगत संबंधित विभाग बीजों और सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें, धान की खेती के रकबे को कम किया जाए, कम अवधि की धान की फसल का चयन किया जाए, धान की सीधी बुवाई को प्राथमिकता दिया जाए, अरहर, उरद मूग का रकबा बढ़ाया जाए, नहर के टेल फीडिंग करें, कोई भी राजकीय और निजी नलकूप विद्युत या यान्त्रिक दोष से प्रभावित न हो।

## महर्षि विश्वामित्र स्वाशासीय मेडिकल कालेज गाजीपुर ने रचा इतिहास

**स्वतंत्र भारत जमानिया गाजीपुर।** महर्षि विश्?वामित्र स?वाशासीय मेडिकल कालेज गाजीपुर ने इतिहास रचा है। मेडिकल कालेज के प्रथम बैच के 99 मेडिकल छात्र शत-प्रतिशत उत?तीर्ण हो गये हैं। उत?तीर्ण मेडिकल छात्र-छात्राएं अब एक वर्ष के इंटरशिप के बाद देश और समाज की सेवा करेंगे। इस संदर्भ में मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर डा. आनंद मिश्रा ने पूर्वांचल न?यूज डाट काम को बताया कि 2021 में नीट परीक्षा से उत?तीर्ण काउंसलिंग द्वारा 100 बच?चों ने मेडिकल कालेज गाजीपुर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए एडमिशन लिया था। कुछ समय बाद एक छात्र ने पढ़ाई छोड़ दी शेष 99 छात्रों ने अपने अध?ययन को जारी रखा। 2026 के अंतिम समेस?टर की परीक्षा देने के बाद परीक्षाफल घोषित हुआ जिसमे 99 छात्र-छात्राएं सभी उत?तीर्ण हो गये। प्रिंसिपल डा. आनंद मिश्रा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज?जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन?होने कहा कि यूपी सरकार के मंश के अनुरुप उत?तीर्ण छात्र-छात्राएं एक वर्ष के इंटरशिप के बाद देश-प्रदेश में अपनी स?वास्थ?य सेवाएं देंगे।

# बन्द कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव, हड़कंप

**खेतासराय जौनपुर।** खेतासराय थाना क्षेत्र के गोरारी खलीलपुर गांव में गुरुवार सुबह एक युवक का शव उसके ही घर के बन्द कमरे में फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। उक्त गांव निवासी मोहनलाल राजभर (40) बुधवार रात भोजन के बाद अपने कमरे में सोने चले गए थे। बताया जाता है कि उन्होंने कमरे का दरवाजा अंदर से बन्द कर लिया था। गुरुवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने और आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया न मिलने से परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद ग्रामीण छत के रास्ते घर के ऊपर पहुंचे और



रोशनदान से अन्दर देखा तो मोहनलाल का शव फंदे से लटका दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में घटना की खबर फैलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर खेतासराय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए। ग्रामीणों के अनुसार मृतक कुछ समय से पारिवारिक समस्याओं को लेकर परेशान चल रहा था। उसकी पत्नी मायके में रह रही थी, जिससे वह मानसिक तनाव में बताया जा रहा था। उसे कोई संतान नहीं था । इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# रेल ओवरब्रिज और 100 शैय्या अस्पताल निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने बुधवार देर शाम जनहित से जुड़ी दो महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जफराबाद-सुल्तानपुर-लखनऊ रेल सेक्शन पर राष्ट्रीय राजमार्ग-231 स्थित रेलवे समपार संख्या 09-बी पर निर्माणाधीन चार लेन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेतु निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्माण स्थल पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए तथा सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा जून 2027 तक परियोजना को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सेतु के निर्माण से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से जाम की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुरक्षित एवं सुगम होगा। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकरारा पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत 100 शैय्या चिकित्सालय के रूप में विकसित किए जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि परियोजना की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी अपेक्षित स्तर की नहीं है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्माण



एजेंसी को तकनीकी मानकों के अनुरूप तेजी से कार्य पूरा करने, अस्पताल परिसर के बाहर परियोजना की लागत, कार्यदायी संस्था और निर्धारित समयसीमा का सूचना बोर्ड लगाने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी सभी परियोजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और मजबूत आधारभूत ढांचे का लाभ समय पर मिल सके। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधक जे.पी. गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश घायल अवैध तमंचा और बाइक बरामद

**नेवढ़िया जौनपुर।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नेवढ़िया और जलालपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम की बुधवार देर रात एक शातिर बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों पुलिस पर फायरिंग करते हुए सीतमसराय की ओर भाग निकले। सूचना मिलते ही नेवढ़िया, जलालपुर और सीतमसराय चौकी की पुलिस ने संयुक्त घेराबंदी कर बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक घिर जाने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान अरविन्द राजभर उर्फ मंगनू उर्फ मेवालाल राजभर निवासी जयरामपुर, थाना मड़ियाहूं के रूप में हुई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। फरार आरोपी की पहचान महेश यादव उर्फ छोटू निवासी महरेवां, थाना जलालपुर के रूप में की गई है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से एक अवैध .315 बोर तमंचा, दो खोखा कारतूस तथा एक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के



विरुद्ध हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट समेत लगभग एक दर्जन आपराधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

# आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज करेंगे रामलला का दर्शन




**उन्होंने आज कहा कि– राम मंदिर से भगवान राम की पादुका, चढ़ाये गये गहने तथा करोड़ों रुपये की चोरी हो गयी है, इसीलिए मैं यहां दर्शन करने आया हूं**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी के बने भव्य और दिव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन करेंगे। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने स्वतंत्र-भारत से बातचीत में बताया कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वृहस्पतिवार को अयोध्या पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में मत्था टेकने के बाद भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का करीब 11 बजे दर्शन पूजन करेंगे। उन्होंने बताया कि अयोध्या के कुछ चुने हुए संत-धर्माचार्यों से भी भेंट करेंगे। माना जा रहा है कि इस समय रामलला के मंदिर में दान की गयी धनराशि की चोरी पर भी चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ लोकप्रिय नेता एवं राज्यसभा के सांसद संजय सिंह सहित कई विधायक और आम आदमी पार्टी से जुड़े नेता भी शामिल रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इसके पूर्व में भी रामलला का दर्शन-पूजन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद हो सकता है अयोध्या में ही पत्रकारों से भेंट कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी बुधवार को अर्थात् 24 जून को लोकप्रिय नेता एवं राज्यसभा की सांसद संजय सिंह अयोध्या आये थे और कुछ संत धर्माचार्यों से उन्होंने भेंट भी किया था। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के अयोध्या आगमन पर पूरी तैयारी का जायजा भी लिया था। इसके बाद वह लखनऊ के लिये रवाना हो गये। भव्य दिव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला के चढ़ावे के चोरी की कई करोड़ रुपये गायब हो जाने से इस समय सनसनीखेज मचा हुआ है। ऐसे समय में पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का आना बहुत महत्व रखता है। संतों से मिल करके वह अपनी बात रखेंगे और संत धर्माचार्यों का भी आशीर्वाद लेंगे। उनका यह कार्यक्रम शाम तक चलता रहेगा, उसके बाद वह दिल्ली के लिये रवाना हो जायेंगे।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में शिकायतें सुनीं, तुरन्त कार्यवाही का दिया निर्देश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में आमजन की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनता दर्शन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, विद्युत, पेयजल, आवास, पेंशन एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में दर्शन के दौरान बभनिया सोहावल निवासी कृष्णाराम निषाद द्वारा चकमार्ग पर अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु उच्च अधिकारियों से जांच एवं विधिक कार्यवाही किये जाने हेतु अनुरोध किया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सोहावल व एस.एच.ओ. रौनाही को प्रकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था, तत्क्रम में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये चकमार्ग पर लगे पेड़ो को कटवाकर चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया साथ ही काटे गये पेड़ के संबंध में हल्का लेखपाल के तरफ से मु0अ0सं0 183/2026 धारा 2/3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम बनाम अज्ञात लकड़ी ठेकेदार के विरूद्ध थाना रौनाही में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। इसके साथ ही शिवनगर कॉलोनी पहाड़गंज श्री अजय कुमार जायसवाल द्वारा पारिवारिक विवाद के संबंध में अनुरोध किया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने एस.एच.ओ. नगर को निस्तारण के निर्देश दिये, तत्क्रम में संबंधित द्वारा आवेदक एवं विपक्षी में घर के बटवारे को लेकर कहासुनी के बाद आपसी समन्वय के साथ बटवारा करा कर निस्तारित कराया गया। इसी कडी में सोनौरा सदर निवासियों द्वारा जल निकासी की व्यवस्था व खलिहान को सुरक्षित रखे जाने हेतु अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी मया व एस.एच.ओ. गोशाईगंज को प्रकरण के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया, तत्क्रम में कार्यवाही करते हुये ग्राम प्रधान द्वारा जल भराव स्थलों पर सोख्ता निर्माण का कार्य करा कर शिकायत का निस्तारण कराया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# किसान चौपाल में मंत्री शिवराज ने दिए किसानों को टिप्स



**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सबसे पहले डेयरी प्रक्षेत्र पहुंचे और गायों को गुड़ और चारा खिलाया। उसके बाद किसानों के साथ कृषक चौपाल में हिस्सा लिया। चौपाल के दौरान गोपालकों से वार्ता की तथा उनके द्वारा पाले पशुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनकी समस्याओं को भी सुना। इसके उपरांत प्राकृतिक खेती परिसर में माननीय मंत्री जी ने मछलियों को दाना खिलाया तथा प्राकृतिक विधि द्वारा की जा रही हल्दी की खेती का निरीक्षण किया। वहां उपस्थित कृषकों से उन्होंने विस्तृत रूप से प्राकृतिक खेती में उपयोग की जा रही विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा भविष्य में मृदा संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती पर बल दिया। विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय कृषि मंत्री ने धान की रोपाई भी की। इस अवसर पर उन्होंने कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी को साझा किया। चौपाल में उन्होंने आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक पद्धतियों और नवाचारों को अपनाकर किसान उत्पादन बढ़ाने के साथ अपनी आय में भी वृद्धि करने की सलाह दी। केंद्रीय मंत्री ने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा कृषि के साथ संबद्ध गतिविधियों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। किसान चौपाल के अंत में किसानों, पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों ने अपनी समस्याओं को सीधे केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# सामूहिक विवाह समिति की हुई बैठक



**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** कलेक्ट्रेट सभागार में विवाह कार्यक्रम समिति की बैठक जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सामूहिक विवाह में नवविवाहित जोड़ों को प्रदान की जाने वाली उपहार सामग्री, जैसे प्रेस, पैंट-शर्ट, साड़ी, कंबल, बेडशीट, डिनर सेट, गद्दा आदि का क्रय निर्धारित मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के अनुरूप किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत प्राप्त सभी ऑनलाइन आवेदनों का सत्यापन पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल पात्र एवं सत्यापित लाभार्थियों को ही योजना का लाभ प्रदान किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम से संबंधित निविदा प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करते हुए शासनादेश एवं जेम पोर्टल के प्रावधानों के अनुरूप निविदा प्रकाशित कर आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी अकबरपुर श्रीमती प्रतीक्षा सिंह, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ अग्निकांड के मृतकों को राष्ट्रीय छात्र संगठन ने दी श्रद्धांजलि, निकाला कैंडल मार्च



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** दर्दनाक अग्निकांड की घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा गुरुवार को एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय छात्र संगठन के अध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता ने किया। कैंडल मार्च सिविल लाइंस स्थित शहीद स्तंभ से प्रारंभ होकर गांधी पार्क तक निकाला गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय छात्र संगठन के अध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता ने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। संगठन मृतकों के परिजनों के साथ खड़ा है तथा प्रशासन से पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग करता है। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज को झकझोर देती हैं। सरकार एवं संबंधित विभागों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मृतकों के परिवारों की क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन प्रशासन को राहत एवं पुनर्वास कार्यों को पूरी संवेदनशीलता के साथ संचालित करना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से पीड़ित परिवारों के प्रति सहयोग एवं संवेदना व्यक्त करने का आह्वान किया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा अशोक कनौजिया, बृजेश रावत, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह, कवींद्र साहनी, धीरेंद्र सिंह बबलू, विशाल दुबे अशोक कुमार शर्मा, कल्लू शर्मा सहित राष्ट्रीय छात्र संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# यात्रियों को ठंडे शरबत का किया गया वितरण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सोशल एम्पावरमेंट एंड वेलफेयर एलायंस ट्रस्ट ने आज सिविल लाइन बस अड्डे पर एक सराहनीय पहल करते हुए राहगीरों और यात्रियों के लिए ठंडे शरबत का वितरण किया। गर्मी के इस प्रकोप को देखते हुए, इस ट्रस्ट के सदस्यों ने न केवल यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए शीतल शरबत उपलब्ध कराया, बल्कि सेवा भाव का एक बेहतरीन उदाहरण भी पेश किया। भीषण तपती धूप में सफर कर रहे लोगों को यह ठंडा शरबत किसी वरदान से कम नहीं लगा। इस सेवा कार्यक्रम का नेतृत्व सोशल एम्पावरमेंट एंड वेलफेयर एलायंस ट्रस्ट के फाउंडर और सचिव, एडवोकेट ज़ैद इलाही की देखरेख में किया गया। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य हमज़ा कमाल, मोहम्मद ओवैस, आकिब कमाल और मोहम्मद शाद ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ट्रस्ट केवल एक सीमित दायरे तक कार्य नहीं करता है, बल्कि मानवता के हर मैदान पर अपनी सेवाएँ पहुँचाने के लिए संकल्पित है। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएँ हों, या किसी गरीब और ज़रूरतमंद की सहायता करना—संस्था समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर तत्पर है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी जनहित के ऐसे सभी कार्यों को संस्था इसी सेवा भाव के साथ जारी रखेगी। स्थानीय लोगों ने ट्रस्ट की इस व्यापक सोच और पहल की जमकर सराहना की है।

# पिछड़ा वर्ग का सम्मान बसपा में सुरक्षित

**स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.)** उत्तर प्रदेश में चार बार बनी सरकार के समय में उचित सम्मान देकर पिछड़े वर्ग को राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ने का ऐतिहासिक कार्य किया गया लोकसभा विधानसभा के चुनाव में जहां सर्वाधिक हिस्सेदारी मिली वहीं बहुजन समाज पार्टी के संगठन में भी पिछड़े वर्ग को सर्वाधिक हिस्सेदारी देने का कार्य करती है पिछड़ी वर्ग का सम्मान बहुजन समाज पार्टी में ही सुरक्षित है आने वाले विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के साथ लाभ बंद होकर पिछड़ा वर्ग बहुजन समाज पार्टी में कार्य करें जिससे सत्ता में आने के बाद इस समाज का सामूहिक विकास हो सके उक्त बातें ग्राम पंचायत अमसिन के मजरा दहलवा में अशोक कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में आयोजित पिछड़े वर्ग की विधानसभा स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी अयोध्या मंडल के जोन प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने कहीं। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी समाज भाईचारा के जिला संयोजक गुरु प्रसाद निषाद एवं संचालन गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम ने किया।

# फूल बंगला में बिराजे श्रीलाल साहेब सरकार



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** अयोध्या धाम की सिद्ध पीठ श्रीलालसाहेब दरबार में दिव्य-भव्य फूलबंगला झांकी सजाई गई। जिसने सभी का मन मोह लिया। अवसर निर्जला एकादशी के पावन अवसर का रहा। फूल बंगला महोत्सव को श्रीलालसाहेब दरबार के पीठाधिपति महंत रामनरेश शरण ने अपना सानिध्य व तपोवन मंदिर रांची झारखंड के महंत ओमप्रकाश शरण ने संयोजन प्रदान किया। महोत्सव में कई कुंटल देशी-विदेशी फूलों का प्रयोग किया गया। जिससे पूरा मंदिर परिसर अलोकित रहा। गुरुवार की सायंकाल सर्वप्रथम मठ के गर्भगृह में विराजमान श्रीलालसाहेब सरकार का पूजन-अर्चन, वंदन कर फल-मिष्ठान समेत विविध पकवानों का भोग लगाया गया। उसके बाद भगवान की दिव्य, भव्य आरती उतारी। तदुपरांत साधु-संत एवं भक्तजनों के दर्शनार्थ मंदिर के पट खोल दिए गए। सुभव्य फूलबंगला झांकी में भगवान श्रीलालसाहेब सरकार बिराज रहे थे, जिनका दर्शन कर संतों-भक्तजनों ने अपना जीवन कृतार्थ किया और पुण्य के भागीदार बने। आश्रम के गर्भगृह से लेकर पूरे परिसर को कई रंगों के गेंदा, बेला, गुलाब, कमल समेत अन्य देशी-विदेशी सुगंधित फूलों से सजाया गया था। जिसकी शोभा देखते हुए रही थी। साथ ही साथ रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी फूलबंगला महोत्सव की शोभा बढ़ा रहे थे। मंदिर में श्रीलालसाहेब सरकार की सुंदर एवं मनोरम फूलबंगला झांकी दर्शन का सिलसिला सायंकाल से शुरु होकर देररात्रि तक चलता रहा। भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें अयोध्या के नामचीन कलाकारों ने अपने गायन-वादन से फूलबंगला महोत्सव की शोभा बढ़ा दी। इससे उत्सव में चार-चांद लगा दिया, जिससे श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। श्रीलालसाहेब दरबार के पीठाधीश्वर महंत रामनरेश शरण और तपोवन मंदिर रांची झारखंड के महंत ओमप्रकाश शरण महाराज द्वारा कलाकारों को न्यौछावर भी भेंट किया गया। महंत रामनरेश शरण महाराज ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी निर्जला एकादशी पर मंदिर में फूलबंगला झांकी सजाई गई। जेठ महीने की भीषण तपिस से भगवान को बचाने के लिए फूलबंगला झांकी का आयोजन किया जाता है।

# बसपा नेता को दी गयी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत रनापुर पूरे झगरू पूरवा निवासी स्व. जंग बहादुर यादव के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल तथा चर्चित समाजसेवी एवं समाजसेवी संस्थान अयोध्या धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता एवं समर्थक उनके पैतृक आवास पहुंचे। इस दौरान नेताओं ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा पार्टी और सामाजिक संगठनों की ओर से परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर महेन्द्र आनन्द, बसपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी, इरशाद क़ाज़ी, अमरनाथ शर्मा, मो. मुस्लिम, दिनेश गौतम, नितिन चौधरी, बृजेश्वर कोरी, रामगोपाल, जीवन बहादुर यादव,अकबर खान,अनिल गौतम, मुंगेन्द्र गौतम, रजित गौतम, शिवदर्शन गौतम, छोटेलाल गौतम, राजमाय प्रजापति, धनेराम निषाद, हरीश निषाद पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विद्यालय खुलने पर भीषण गर्मी, समय बदलने की मांग



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए समय परिवर्तन करने की हुई मांग। ग्रीष्मावकाश के बाद आज बच्चों के लिए विद्यालय खुलने पर भीषण गर्मी के कारण बच्चे दिन भर विद्यालयों में अकुलाते रहे।इस विषम स्थिति में जबकि तापमान 40 डिग्री के पार हो पठन पाठन नितांत कठिन प्रतीत हो रहा है। अतः उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश यादव एवं जिलामंत्री अशोक वर्मा द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करते हुए विद्यालय का समय 7 बजे से 12 बजे तक करने की मांग की है। 5 घंटे का समय पठन पाठन के लिए पर्याप्त होता है। विभिन्न जनपदों में समय संशोधित भी किया गया है। नौनिहालों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत भी समय परिवर्तन आवश्यक प्रतीत होता है। दोपहर 2 बजे ही उच्चतम तापमान होता है ऐसे समय में ही विद्यालय का अवकाश होने पर चिलचिलाती धूप में बच्चों का पैदल व साइकिल से घर के लिए जाना निश्चित ही कठिन कार्य है। बच्चों की उम्र और उनकी बीमारियों के प्रति सुभेद्यता को देखते हुए भी समय परिवर्तन आवश्यक हो जाता है।अतः जिलाधिकारी से संवेदनशीलता पूर्वक निर्णय लेकर विद्यालय का समय 7 बजे से 12 बजे तक किए जाने की सादर अपेक्षा है। अशोक वर्मा जिलामंत्री शिक्षक घर नेता मौजूद है।

# ट्रक कंटेनर पेड़ से टकराने के बाद लगी आग

**स्वतंत्र भारत मवई (सं.)** पटरंगा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे प्रिंस ढाबा गनौली गांव के निकट बीती रात करीब एक बजे दूध लेकर जा रहा एक अनियंत्रित ट्रक कंटेनर पेड़ से टकरा गया जिसके चलते ट्रक कंटेनर में आग लग गई सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने मौके पर पहुंच जल रहे ट्रक को कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्रिंस ढाबा गनौली गांव के पास ट्रक कंटेनर संख्या यूपी 80 एल टी 0315 जो सीतापुर से गोरखपुर दूध लेकर जा रहा था। तभी अचानक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गया जिसके चलते आग लग गई। ट्रक में आग लगने की सूचना पर फायर बिग्रेड टीम के चालक बृजपाल, सद्दाम हुसैन, फैयाज अहमद,राम बहादुर के साथ मौके पर पहुंच ट्रक में लगी आग काफी मशक्कत के बाद पर काबू पाया गया। फायर कर्मी सद्दाम हुसैन ने बताया कि ट्रक कंटेनर पेड़ से टकराने के बाद आग लगने की सूचना मिली थी जिसपर फायर बिग्रेड टीम ने पहुंच आग पर काबू पाया गया।

# निर्जला एकादशी व्रत से जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिलती है : महावीर



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** प्रसिद्ध पीठ श्रीहनुमत केलकुंज गोलाघाट, अयोध्या धाम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत महावीर शरण महाराज ने बताया कि गुरुवार को निर्जला एकादशी यानी भीमसेनी एकादशी धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दिन लोगों ने पूरे दिन निर्जल रहकर व्रत रखा और पुण्य लाभ अर्जित किया। साथ ही जल दान कुंभ के साथ गुड़, चीनी, पंखा, फल आदि दान दिया। जिसका ब्राह्मणों को देने का विधान है और इसका बहुत ही महत्व बताया गया है। निर्जला एकादशी हिंदू धर्म के सबसे पवित्र और आध्यात्मिक रूप से शक्तिशाली दिनों में से एक मानी जाती है। यह व्रत कठिन अवश्य है, लेकिन इसे श्रद्धा और नियमपूर्वक करने से व्यक्ति में आत्मसंयम, भक्ति और सकारात्मकता का विकास होता है। साथ ही भगवान विष्णु की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त होने की भी मान्यता है। इसे भगवान विष्णु की सबसे प्रिय तिथि भी माना गया है। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी का व्रत करने से जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिलती है। निर्जला एकादशी का व्रत करने वाले भक्त को मोक्ष प्राप्त होता है। निर्जला एकादशी को पांडव भीम एकादशी या पांडव निर्जला एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। भीमसेनी एकादशी, जिसको निर्जला एकादशी भी कहते हैं। इस दिन सुबह से लेकर दिन भर निर्जला रहने का विधान शास्त्र में बताया गया है। यह एकादशी ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष में प्रतिवर्ष पड़ती है। यह सिर्फ एक व्रत नहीं, बल्कि भगवान विष्णु की भक्ति, सेवा और आत्मसंयम का विशेष दिन है। इस दिन लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार व्रत रखा, हरिनाम जप कर दान-पुण्य किया और सेवा भाव अपनाया। मान्यता है कि श्रद्धा और नियमपूर्वक किया गया यह व्रत वर्ष भर की सभी एकादशियों के समान पुण्य प्रदान करता है। निर्जला एकादशी व्रत का पारण द्वादशी तिथि समाप्त होने से पहले करना जरूरी माना गया है। अगर द्वादशी तिथि सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाती है तो निर्जला एकादशी व्रत का पारण सूर्योदय के बाद ही किया जाता है। द्वादशी तिथि के भीतर पारण न करना शुभ नहीं माना जाता है।

# बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल, चालक समेत वाहन पुलिस हिरासत में

**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** थाना इनायतनगर क्षेत्र के पलिया लोहनी गांव निवासी एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पलिया लोहनी निवासी 19 वर्षीय अभिषेक कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार कुमारगंज से क्रिकेट खेलकर अपनी बैटरी स्कूटी से मिल्कीपुर की ओर लौट रहा था। मिल्कीपुर चौराहे से आगे एक पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही बोलेरो (संख्या यूपी 62 एएन 1121) ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायल का हालचाल लिया। पुलिस ने परिजनों को भी दुर्घटना की सूचना दी, जिसके बाद परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंच गए। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल बोलेरो और उसके चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है।

# आज से कल तक यातायात रहेगा प्रतिबंधित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग अयोध्या ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि वर्तमान में नाका हनुमानगढ़ी से चुंगी तिराहा (अग्रसेन तिराहा) तक सी0सी0 मार्ग का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। कार्य के दौरान कोई दुर्घटना न हो इसलिए 26 जून से 27 जून तक मार्ग पर यातायात प्रतिबन्धित रहेगा। अतः समस्त यात्रीगण, श्रृद्धालुगण एवं स्थानीय नागरिकों से अनुरोध है कि चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग के किमी0 13 से बायें रामनगर मार्ग होते हुये रायबरेली-अयोध्या मार्ग सुगम यातायात हेतु प्रयोग करें।



# डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा

**बलिया।** बताया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत गुरुवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी सात विधानसभा क्षेत्रों–357-बेल्थरारोड (अ.जा.), 358-रसड़ा, 359- सिकन्दरपुर, 360-फेफना, 361-बलिया नगर, 362- बांसडीह, एवं 363-बैरिया के गोदामों में जाकर सुरक्षा और प्रबंधन की स्थिति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण करते हुए उन्होंने यह जानकारी ली कि कितनी टीवी स्क्रीन लगाई गई हैं और रिकॉर्डिंग की क्या व्यवस्था है। लॉग बुक का भी अवलोकन कर यह सुनिश्चित किया गया कि सभी गतिविधियों का विधिवत रिकॉर्ड रखा जा रहा है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अख्तर हसन तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# ठगी कर निकाली गई 50,000 रूपये की धनराशि को पुलिस ने कराया वापस

**बलिया।** बताया जाता है कि शिकायतकर्ता श्री राहुल कुमार चौहान पुत्र इन्द्ल चौहान निवासी आसन थाना सुखपुरा जनपद बलिया द्वारा दिनांक 05.01.2026 को साईबर पोर्टल पर आनलाईन शिकायत दर्ज करायी गयी थी, जिसमें शिकायतकर्ता के बैंक खाते से कुल 50,000/- रूपये फर्जी तरीके से धोखा देकर स्थानान्तरण किया गया था।पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी)/ नोडल साइबर सेल बलिया श्री संजय वर्मा* व क्षेत्राधिकारी नगर श्री सतीश शर्मा के निर्देशन में थाना सुखपुरा बलिया द्वारा तत्काल शिकायत को संज्ञान मे लेते हुए त्वरित विधिक कार्यवाही की गयी, जिसके फलस्वरूप शिकायतकर्ता श्री राहुल कुमार चौहान पुत्र इन्द्ल चौहान निवासी आसन थाना सुखपुरा जनपद बलिया के खाते में मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में धोखाधड़ी की कुल धनराशि 50,000/- को वापस कराया गया । शिकायतकर्ता द्वारा थाना सुखपुरा व बलिया पुलिस की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।




# आजादी और लोकतंत्र के चेहरे पर शर्मनाक धब्बा है आपात काल : पूर्व मंत्री यशवंत सिंह

**आजमगढ़।** लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के संरक्षक पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने कहा है कि आपातकाल की अवधि भारतीय लोकतंत्र और आजादी के चेहरे पर काला धब्बा है।

इसे किसी भी कीमत पर भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और आजादी हमारे देश की आत्मा है। इसलिए इसे लेकर हम लोगों को सदैव सजग रहने की जरूरत है। गुरुवार को चन्द्रशेखर चबूतरा पर आपातकाल को लेकर आयोजित सभा में पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने कहा कि 25/26 जून 1975 की रात लोकतंत्र और आजादी के लिए एक खौफनाक रात थी। इस रात में सत्ता के मद डूबी कांग्रेसी सरकार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रौंद दिया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण, राष्ट्रपुरुष चन्द्रशेखर, अटलबिहारी वाजपेई, चौधरी चरण सिंह, लोकबंधु राजनारायण सहित लाखों लोगों को जेल में डाल दिया।



इसकी वजह से सियासी गलियारों में सन्नाटा पसर गया। उन्होंने कहा कि इस सन्नाटे को श्रीमती इन्दिरा गांधी ने मान लिया कि जनता आपातकाल के पक्ष में है। इसी पक्ष को कांग्रेस के पक्ष में करने के लिए उन्होंने लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी। पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने इस अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण और राष्ट्रपुरुष चन्द्रशेखर को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि इस देश की महान जनता ने श्रीमती इन्दिरा गांधी के आपातकाल को चुनौती के रूप में लिया और प्रत्युत्तर में उत्तर भारत से कांग्रेस सफाया कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का गर्व है कि तानाशाही बनाम लोकतंत्र और आजादी के बीच हुई इस लड़ाई में हम भी शामिल रहे हैं। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार/जनकवि/लोकतंत्र सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने की।

सभा में पूर्व विधायक लोकतंत्र सेनानी कुबेर भंडारी, भाजपा नेता रामहृदय राम,सामाजिक सेनानी अर्जुन सिंह, मनोज सिंह, संयोग सिंह, विजय शंकर चौबे, चतुर्भुज सिंह, संजय गुप्ता, अतुल चौबे, राहुल पाल, हरिकेश कनौजिया और पप्पू पाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी सख्त

## कोचिंग सेंटरों एवं लाइब्रेरी में चलेगा विशेष जांच अभियान, अग्नि सुरक्षा मानकों के कड़ाई से अनुपालन के दिए निर्देश

**आजमगढ़।** जनपद लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में 22 जून 2026 को घटित दुःखद अग्निकांड की घटना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जनपद आजमगढ़ में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गम्भीर सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी तथा विभिन्न अग्निशमन केन्द्रों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों में अग्निशमन मानकों, सुरक्षा उपकरणों एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल प्रभाव से आवश्यकतानुसार विशेष जांच दलों का गठन कर जनपद के समस्त कोचिंग सेंटरों, कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थानों तथा सार्वजनिक लाइब्रेरी में व्यापक एवं सघन अग्नि सुरक्षा जांच अभियान प्रारंभ किया जाए।



उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता न होकर निरंतर चलने वाली प्रक्रिया होगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। निर्देशों के अनुपालन में मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न अग्निशमन केन्द्रों–ब्रह्मस्थान, बूढ़नपुर, महाराजगंज, लालगंज एवं मार्टीनगंज–के प्रभारी अग्निशमन अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों द्वारा जनपद में संचालित समस्त कोचिंग सेंटरों एवं लाइब्रेरी का निरीक्षण किया जाएगा तथा अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाओं का सत्यापन किया जाएगा। जांच के दौरान संस्थानों में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता, आपातकालीन निकास मार्गों की उपलब्धता, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन मानकों के अनुपालन तथा आपदा की स्थिति में बचाव एवं निकासी की तैयारियों का परीक्षण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं संस्थान संचालकों को अग्निकांड से बचाव, प्राथमिक प्रतिक्रिया एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी के संबंध में प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। अग्निशमन विभाग की टीमों द्वारा विभिन्न संस्थानों में मॉक ड्रिल आयोजित कर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अभियान को पूर्ण गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संचालित करते हुए जनहित एवं जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# एसपी ने जीर्णोद्धारित पकवाइनार चौकी का किया गया उद्घाटन



**बलिया।** बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में प्रदेश के सभी पुलिस थानों को आधुनिकीकरण के क्रम में आज दिनांक 25.06.2025 को पुलिस अधीक्षक श्री ओमवीर सिंह* द्वारा थाना रसड़ा अन्तर्गत जीर्णोद्धारित पकवाइनार चौकी भवन व बैरक का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर आमजन मानस से आग्रह किया कि आगामी त्यौहारों पर मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण मनायें । किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से सहायता लें किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था का उल्लघंन न करें। इन कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री दिनेश कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी रसड़ा श्री रजनीश कुमार, पीआरओ बलिया श्री कौशल कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक रसड़ा श्री योगेन्द्र बहादुर सिंह और चौकी प्रभारी आशुतोष कुमार मद्धेशिया व अन्य कर्मचारीगण सहित थाना क्षेत्रों के सम्मानितगण आदि मौजूद रहें ।

# जुलाई से दिसम्बर तक निर्धारित हुई सम्पूर्ण समाधान दिवस की तिथियां

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया है कि शासन द्वारा माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गये है। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन अर्थात् प्रथम व तृतीय शनिवार को यदि सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो उक्त तिथि का सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जायेगा, जिससे जन समस्याओं के निस्तारण में कोई बाधा न उत्पन्न हो सके। उक्त के क्रम में जनपद के समस्त तहसीलों में डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित करने हेतु चक्रानुक्रम कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके अन्तर्गत 04 जुलाई 2026 को तहसील बूढ़नपुर, 18 जुलाई को मेंहनगर, 01 अगस्त को सगड़ी, 15 अगस्त को लालगंज, 05 सितम्बर को फूलपुर, 19 सितम्बर को निजामाबाद, 03 अक्टूबर को सदर, 17 अक्टूबर को मार्टिनगंज, 07 नवम्बर को फूलपुर, 21 नवम्बर को निजामाबाद, 05 दिसम्बर को सदर एवं 19 दिसम्बर 2026 को तहसील मार्टिनगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी प्रशासन, एडीएम वि0/रा0 एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन दिनांक 04 जुलाई 2026 को तहसील सदर, कलेक्ट्रेट एवं मेंहनगर में क्रमशः, 18 जुलाई को कलेक्ट्रेट, बूढ़नपुर, सगड़ी में क्रमशः, 01 अगस्त को मार्टिनगंज, फूलपुर, कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 15 अगस्त को निजामाबाद, कलेक्ट्रेट, सदर में क्रमशः, 05 सितम्बर को कलेक्ट्रेट, सदर, मार्टीनगंज में क्रमशः, 19 सितम्बर को फूलपुर, मार्टीनगंज, कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 03 अक्टूबर को बूढ़नपुर, कलेक्टेउ्ट, निजामाबाद में क्रमशः, 17 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट, लालगंज, बूढ़नपुर मे क्रमशः, 07 नवम्बर को लालगंज, सगड़ी, कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 21 नवम्बर को सगड़ी, कलेक्ट्रेट, लालगंज में क्रमशः, 05 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट, मेंहनगर, फूलपुर में क्रमशः, 19 दिसम्बर 2026 को तहसील मेंहनगर, निजामाबाद एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः आयोजित किया जायेगा।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री से लायंस क्लब इंटरनेशनल के सदस्य मिले

**आजमगढ़।** लायंस क्लब इंटरनेशनल आजमगढ़ के सदस्यों ने गुरुवार को केंद्रीय होम्योपैथी परिषद के पूर्व सदस्य डॉ भक्तवत्सल के नेतृत्व में सर्किट हाउस में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बबिता चौहान से मुलाकात की। इस दौरान जहां महिला सशक्तिकरण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई वहीं सर्किट हाउस परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराया गया। बबीता चौहान ने लायंस क्लब द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की साथ ही उम्मीद जताया कि संगठन आगे भी समाज के उत्थान और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्यकर्ता रहेगा।

संगठन के सदस्य ख्यातिल्लब्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ भक्तवत्सल के नेतृत्व में subah करीब 9:00 बजे सर्किट हाउस पहुंचे। लायंस क्लब के अध्यक्ष ओम अग्रवाल महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान को अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। लायन अशोक कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रवि जायसवाल, सचिव सुनील अग्रवाल ने बुके भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद संगठन के लोगों ने आयोग की अध्यक्ष से सेवा कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान एक जनपद एक उत्पाद के रूप में चयनित निजामाबाद की ब्लैक पाटरी तथा मुबारकपुर का साड़ी कारोबार पर चर्चा का केंद्र रहा। डॉ भक्तवत्सल ने कहा कि निजामाबाद के ब्लैक पाटरी उद्योग और मुबारकपुर के साड़ी उद्योग ने जिले को देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अलग पहचान दी है। सरकार ने भी इन उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए सराहनीय कार्य किया है। इन उद्योगों को और अधिक प्रोत्साहन की जरूरत है। संगठन के कार्यों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लायंस क्लब अपने सेवा कार्य के लिए जाना जाता है। अपने सेवा कार्य के दम पर ही संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। गांव के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचना हो या पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में पौधारोपण आदि कार्य हो संगठन पूरी ताकत के साथ कार्य किया है। बरसात शुरू होने के बाद संगठन द्वारा पूरे जिले में पौधारोपण का अभियान चलाया जाएगा साथ ही मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर भी लगाए जाएंगे। अध्यक्ष ओम अग्रवाल ने कहा कि हमेशा से संगठन का लक्ष्य रहा है कि स्वस्थ एवं समृद्ध भारत का निर्माण किया जाए। इसके लिए संगठन निरंतर कार्यकर्ता रहा है। इसके लिए संगठन विशेष अभियान चलाने जा रहा है। लायन अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। बढ़ते प्रदूषण के बीच इसे हमें एक चुनौती के रूप में स्वीकार करना है और प्रदूषण से निपटने तथा पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए निरंतर प्रयास करने है। अंत में आयोग के अध्यक्ष बबीता चौहान, विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, डॉ भक्तवत्सल, ओम प्रकाश अग्रवाल, रवि जायसवाल, सुनील अग्रवाल, शशि भूषण अग्रवाल, विजय श्रीवास्तव, रजनीश सिंह, डॉ अनुतोष वत्सल द्वारा सर्किट हाउस परिसर में पौधारोपण किया गया।



# जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत डिलिवरी के पहले ही आवेदन सुनिश्चित करायें : डीएम

## अतरौलिया, लालगंज, तरवां स्थित 100 बेड चिकित्सालय के प्रभारी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने का डीएम ने दिया निर्देश

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त एसीएमओ व डिप्टी सीएमओ को निर्देशित किया कि फील्ड विजिट कर सीएचसी/पीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों की क्रियान्वयन को और अधिक प्रभावी बनायें। 51 स्वास्थ्य उपकेन्द्र के सापेक्ष 31 हेतु भूमि उपलब्ध तथा शेष 20 उपकेन्द्र हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी ने सीआरओ को निर्देशित किया।

जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर डीएम ने बल दिया, साथ ही योजना का लाभ दिलाने हेतु डिलिवरी के पहले ही बैंक एकाउण्ट डिटेल लेकर आवेदन सुनिश्चित करायें। जिन सीएचसी/पीएचसी पर अपेक्षाकृत डिलिवरी अधिक होती है, वहां मैनपावर बढ़ाने पर जोर दिया गाय। अतरौलिया, लालगंज, तरवां के 100 बेड चिकित्सालय में पिछले 06 माह के प्रगति रिपोर्ट अवलोकन में कम डिलिवरी होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ को अधिकृत किया कि स्पष्टीकरण लेटर भेजते हुए संस्थागत प्रसव को अधिकाधिक कराना सुनिश्चित किया जाए।

सुपरवाइजर, आशा व एएनएम के विगत वर्षो व माह के लम्बित भुगतान पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि कार्य के आधार पर नियमानुसार अगले डीएससी के बैठक के पूर्व भुगतान कराना सुनिश्चित करें। निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत टीबी मरीजों को डीबीटी के माध्यम से भुगतान हेतु आशा, एएनएम बैंक खाता खुलवाना सुनिश्चित करायें। एचपीवी वैक्सीन के प्रचार-प्रसार हेतु जिलाधिकारी ने प्रभारी को 10 हजार जागरूकता पोस्टर बनवाकर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, गर्ल्स कालेजों, सभी ग्राम पंचायतों पर चस्पा कराने के निर्देश दिये। 14 से 15 आयु वर्ग की बालिकाओं व उनके परिजनों को जागरूक किया जाय कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु पूर्व में ही यह टीका सरकार द्वारा सभी सीएचसी पर निःशुल्क लगाया जा रहा है। गोल्डेन कार्ड की प्रगति बढ़ाने हेतु अन्त्योदय कार्ड, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना व श्रम कार्ड के लाभार्थियों पर फोकस किया जाए। शासन के मंशानुरूप माँ व बच्चों के स्वास्थ्य को अच्छा रखने की प्रतिबद्धता के क्रम में जिलाधिकारी ने टीकाकरण पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जन औषधि केंद्रों में उपलब्ध दवाओं की सूची को बाहर लगाया जाए। सभी डॉक्टर बाहर की दवाई कदापि न लिखे, जो जन औषधि केंद्र में उपलब्ध है, वही लिखे। आयुष्मान गोल्डेन कार्ड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर गोल्डेन कार्ड बनाने में तेजी लाएं। टीकाकरण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शत प्रतिशत टीकाकरण कराते हुए यू-विन पोर्टल पर फीड करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि एमआर-1 एवं एमआर-2 टीकाकरण के कवरेज की प्रगति बढ़ायें एवं शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें तथा उसको डाटा यू-विन पोर्टल पर भी फीड करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में टीकाकरण की प्रगति बेहद खराब है, उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि पम्पलेट बनाकर किस स्थान पर एवं किस दिन एमआर-1 एवं एमआर-2 का टीका लगाया जायेगा, इसका प्रचार-प्रसार करायें।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए शत प्रतिशत डाटा एचएमआईएस पोर्टल पर फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन, संजीवनी ओपीडी, एनसीडी कैम्पेन, क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, यूनिसेफ के कार्यक्रमों आदि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# बुनकरों के घरों तक पहुंची महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी ने बुधवार की रात को घोसी के बुनकर बाहुल्य क्षेत्र करीमुद्दीनपुर का दौरा कर बुनकर परिवारों के बीच पहुंचकर उनके जीवन और आजीविका से जुड़ी वास्तविक परिस्थितियों को करीब से देखा। उन्होंने घर-घर जाकर बुनकरों से संवाद किया तथा करघों पर चल रहे कार्य का अवलोकन करते हुए साड़ी निर्माण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली।

इस दौरान बुनकरों ने बताया कि एक साड़ी तैयार करने में कितनी मेहनत और समय लगता है, एक दिन में कितनी साड़ियों का उत्पादन हो पाता है और तैयार साड़ी पर उन्हें कितना लाभ मिल पाता है। उन्होंने बिजली आपूर्ति, बढ़ती लागत, मजदूरी और बाजार में उचित मूल्य न मिलने जैसी समस्याओं से भी अवगत कराया। बुनकरों ने यह भी बताया कि सीमित आमदनी के बीच किस प्रकार पूरा परिवार इस पारंपरिक व्यवसाय पर निर्भर होकर अपना जीवन-यापन करता है।श्रीमती चारु चौधरी ने बुनकर परिवारों के रहन-सहन, कार्यशैली और आर्थिक परिस्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने महिलाओं एवं परिवार के अन्य सदस्यों से बातचीत कर उनकी दिनचर्या, रोजगार और सामाजिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बुनकर समाज की समस्याओं और सुझावों को शासन स्तर तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने घोसी की पारंपरिक बुनकरी कला की सराहना करते हुए कहा कि यहां के बुनकर अपनी मेहनत और हुनर से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे हुए हैं। ऐसे कारीगरों के हितों की रक्षा और उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।

# 10 जुलाई को लखनऊ में होगी किसान महापंचायत

## भारतीय किसान समिति ने किया आह्वान




**हलिया (मिर्जापुर)।** भारतीय किसान समिति के बैनर तले 10 जुलाई को लखनऊ के इको गार्डन में किसान महापंचायत और धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। समिति ने मिर्जापुर जनपद सहित प्रदेशभर के किसानों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि महापंचायत का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को संकलित कर सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने मिर्जापुर के किसानों से गांव और क्षेत्र की समस्याओं को संगठन के पदाधिकारियों तक पहुंचाने को कहा है।समिति की प्रमुख मांग है कि किसानों की फसल की खरीदारी डोर स्टेप सिस्टम के तहत की जाए। इसके तहत खेत से लेकर खलिहान तक, जहां भी किसानों को सुविधा हो, वहीं से सरकार फसल खरीद सुनिश्चित करे।कार्यक्रम में किसानों से अपनी समस्याएं और सुझाव साझा करने का आह्वान किया गया है। आयोजकों ने कहा कि ष्मांगें पूरी हो चाहे जो मजबूरी होष् के संकल्प के साथ किसान अपनी आवाज बुलंद करेंगे।कार्यक्रम का समापन ष्जय जवान, जय किसानष् के नारे के साथ होगा।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने हेतु ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक

**हलिया मिर्जापुर।** स्थानीय विकास खण्ड सभागार में गुरुवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की अभिमुखीकरण बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया।बैठक के दौरान संचारी रोगों की रोकथाम हेतु संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

खण्ड विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों में नियमित साफ-सफाई, जलभराव की समस्या का निराकरण, एंटी-लार्वा छिड़काव एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर सर्वेक्षण कर बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगों के संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है।

साथ ही लोगों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मच्छरजनित रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अभियान की दैनिक प्रगति की नियमित समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया गया खण्ड विकास अधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे अपने घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, कहीं भी पानी एकत्रित न होने दें तथा किसी भी प्रकार के बुखार या बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ,सीएम फेलो गौरव सिंह ,सहायक विकास अधिकारी सांख्यकी सुशील कुमार सिंह ,आरबीएसके डॉक्टर सुरेश कनौजिया ,बीएमसी यूनिसेफ अंकित शुक्ला ,प्रशासक काशी प्रसाद मिश्रा, रमेश मौर्य, विजय प्रकाश सिंह, मार्कण्डेय प्रसाद मौर्य आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया




**बढ़नी/ सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर की थाना कठेला समयमाता पुलिस ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद, निवासी ग्राम तौलिहवा, थाना कठेला समयमाता, जनपद सिद्धार्थनगर को इटहिया से बसहिया जाने वाले तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कठेला समयमाता में मु.अ.सं. 66/2026 के तहत धारा 137(2), 70(2) बीएनएस तथा 5/6 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक ऋषिदेव प्रसाद, कांस्टेबल हरिकेश पासवान, महिला आरक्षी सुभाष कुमार तथा महिला आरक्षी अनुराग कुमार शामिल रहे।

# लखनऊ अग्निकांड के मृतकों को श्रद्धांजलि, तुलसियापुर चौराहे पर निकाला गया कैंडल मार्च




**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** लखनऊ में हुए भीषण अग्निकांड में मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। इसी क्रम में समाजसेवी अनिल अग्रहरि के नेतृत्व में तुलसियापुर चौराहे पर क्षेत्रवासियों के साथ कैंडल मार्च एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उपस्थित लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि हादसे में मृत मासूमों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। साथ ही अग्निकांड में घायल सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की गई। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल अग्रहरि ने कहा कि यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक और झकझोर देने वाला है। ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए सभी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग सेंटरों और सार्वजनिक भवनों में अग्नि सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, युवा, महिलाएं एवं अन्य क्षेत्रवासी शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। कार्यक्रम का समापन शोक प्रार्थना सभा के साथ हुआ।

# 28 जून को सुईया कला में अनुसूचित जाति महासम्मेलन

## मीडिया के साथ होगा समस्या समाधान

**हलिया, (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सुईया कला में 28 जून रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनुसूचित जाति, अनुसूई, हैरिहर, धरकार, धर्मराज, वनवंशी आदिवासी समाज का महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा।आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में मीडिया के साथ समस्याओं का सीधा समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. निर्मल, लखनऊ और वाराणसी से माधुरी वर्मा, संतनगर से आध्या प्रसाद, विंध्याचल से लालजी, रामचन्द्र, बकुराकला से धरकार विरदरी शामिल होंगे। धरकार विरदरी समाज की ओर से सभी समाजबंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। आयोजकों ने कहा कि यह सम्मेलन समाज को एकजुट करने और उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रखा गया है।

# पुरवा औसान सिंह गांव में 11 हजार वोल्ट की एलटी लाइन का तार टूटकर गिरा, हादसे की आशंका

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के पुरवा औसान सिंह गांव में 11 हजार वोल्ट की एलटी लाइन का तार टूटकर जमीन पर गुरुवार की दोपहर गिर गया। खुले में पड़े हाई वोल्टेज तार से ग्रामीणों में हादसे का डर बना हुआ है। पोल से टूटा हुआ तार खेत के रास्ते पर जमीन पर पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि तार गिरने से बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है।स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से तुरंत मौके पर पहुंचकर तार को ठीक करने और आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।



# दिलीप सिंह पटेल को भाजपा के प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर लोगों में हर्ष का माहौल

**चुनार (मिर्जापुर)।** बूथ कार्यकर्ता के रूप में दिलीप सिंह पटेल ने शुरू किया था राजनीतिक सफरचुनार तहसील के सीखड़ ब्लाक के मंगरहा गांव के भाजपा नेता दिलीप सिंह पटेल मध्यवर्गीय किसान रहे स्व. राम सजीवन सिंह के पुत्र दिलीप सिंह पटेल शुरू से ही भाजपा से जुड़े रहे। सीखड़ में बूथ कार्यकर्ता के रूप में काम करते हुए इन्होंने अलग पहचान बनाई। सन 2013 से 2016 तक मिर्जापुर में भाजपा उपाध्यक्ष पद पर रहे। संगठन में लगातार सक्रियता की वजह से 2016 से 2018 तक काशी प्रांत में क्षेत्रीय मंत्री रहे। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संगठन को मजबूती दी। 2018 से अब तक वह दो बार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रहे। दिलीप पटेल ने एमएससी एजी, एमए बीएड की पढ़ाई की है। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह के चुनाव से लेकर चुनार विधायक अनुराग सिंह के चुनाव में रणनीति बनाकर विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# बीमार सपा नेता का हाल जानने उनके घर पहुंचे जिलाध्यक्ष ने मदद का दिया भरोसा



**हलिया (मिर्जापुर)।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवीप्रसाद चौधरी मंगलवार को लालगंज ब्लॉक के वरिष्ठ सपा नेता सियाराम जैसल के घर पहुंचे।सपा नेता की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर उन्होंने उनका हालचाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान जिला उपाध्यक्ष जुम्मन पठान, पूर्व प्रधान गायत्री सिंह पटेल, महावीर पाल, बिहारी यादव, आफताब आलम, इमरान पठान सहित कई सम्मानित कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के साथ हर सुख-दुख में खड़ी है। उन्होंने परिवार को आश्वस्त किया कि इलाज और अन्य जरूरतों में पार्टी की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। बैठक के अंत में सभी नेताओं ने सियाराम जैसल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और ष्जय समाजवादष् के नारे के साथ समापन किया।


स्वतंत्र भारत
## वर्गीकृत

### सूचना

अपने पुत्र नदीमअहमद को दुर्व्यवहार के कारण 22.06.2026 से चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। अनीसअहमद पुत्र स्व इस्लाम नि .मो चौकआलाखां,थाना/तहसील, सदर शाहजहांपुर ।

सी.आर.-588/ D-27

### सूचना

मेरे बडे पुत्र सहजाद आलम व उसकी पत्नी, बच्चो का चाल-चलन व आचरण ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व सम्बन्ध से बेदखल कर दिया है भविष्य में ये अपने समस्त कृत्यों के स्वंय जिम्मेदार होगें। अमानतुल्ला अंसारी पुत्र सलामतुल्ला अंसारी ग्रा0-कटरा शंकरनगर, बलरामपुर।

सी.आर.-583/ D-38

### NOTICE

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from after marriage KM VAISHALI A LAL to VAISHALI YADAV. In the future, I shall be known and recognized by the VAISHALI YADAV W/O DINESH KUMAR YADAV Address: 633/701, KASHI NAGAR, KANCHANPUR MATIYARI, CHINHAT, LUCKNOW, UP

सी.आर.-584/ L-25

### NOTICE

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from MAULISHREE SINGH to MAULISHREE SINHA. In the future, I shall be known and recognized by the MAULISHREE SINHA W/O PRASHANT SINGH Address:-H.No.C-46, Aliganj, Sec-E-1, Aliganj, LUCKNOW, UP

सी.आर.-584/ L-25

**एफ0 सी0 जे0 फार्म नं0 13 भाग,1 हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप)**

न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त उपजिलाधिकारी महोदय, लखीमपुर-खीरी

वाद संख्या- 3338 सन 2026 तारीख पेशी-02.07.2026

गीता देवी बनाम कमलू आदि

1. रामदेवी पत्नी झब्बूलाल निवासी बसैगापुर, परगना-श्रीनगर, तहसील-लखीमपुर, जिला-खीरी
2. राजरानी पत्नी गोबरे निवासी मझरा, परगना-श्रीनगर, तहसील-लखीमपुर, जिला-खीरी
3. शिवरानी पत्नी मोहनलाल निवासी बिलरिया, तहसील-लहरपुर, जिला-सीतापुर

चूंकि उपरोक्त नामित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 2026 के 07-02 दिवस को 10:30 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा व अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज दिनांक को निकाली गयी।

**आज्ञा से न्यायाधीश न्यायालय अतिरिक्त अधिकारी/मजिस्ट्रेट लखीमपुर खीरी**

सी.आर.- 589/D-CN

### सूचना

मेरे पिता late BALDEV SINGH S/O GURDIP SINGH EXGS.140612P.L/H SIG में सेवारत थे उनके सेवा अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश HARPRIT SINGH तथा जन्मतिथि 15/12/1984 अंकित हो गई थी, जबकि मेरा सही नाम HARPREET SINGH तथा सही जन्मतिथि 01/01/1990 है। मेरे समस्त शैक्षिक एवं अन्य वैध अभिलेखों में नाम HARPREET SINGH तथा जन्मतिथि 01/01/1990 ही दर्ज है। मेरा सही नाम HARPREET SINGH एवं जन्मतिथि 01/01/1990 को ही मान्य माना जाए। हरप्रीत सिंह पुत्र स्वर्गीय बल्देव सिंह ग्राम गोगांवां, पोस्ट मूडा सवारान, तहसील गोला गोकर्णनाथ, जिला लखीमपुर खीरी

सी.आर.- 589/D

### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 16.07.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 09592026 दिनांक 24.06.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 18-SrDEN-I-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम: लखनऊ– आलमबाग लखनऊ स्थित कौशल केंद्र में संबद्ध अनुभागों सहित नए प्रशासनिक ब्लॉक का निर्माण। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 64546581.34 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 1290900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 02.07.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.07.2026 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट — निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 2196/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अम्बेडकरनगर।

ई-निविदा सूचना, **विज्ञापन आ0सं0 2066 दिनांक: 23.06.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. निविदा संख्या 20/वि0वि0मं0(अ0)/2026-27: विद्युत वितरण खण्ड, अम्बेडकरनगर अन्तर्गत उपखण्ड शहजादपुर, कटेहरी एवं भीटी क्षेत्र में दैवीय आपदा/ओ0एण्ड0एम0 के अन्तर्गत एच0टी0/एल0टी0 लाइनों एवं विद्युत खम्भों के अनुरक्षण आदि कार्य हेतु धरोहर धनराशि रू0 13,580.00। निविदा शुल्क रू0 3,540.00।
2. निविदा संख्या 21/वि0वि0मं0(अ0)/2026-27: विद्युत वितरण खण्ड, टाण्डा क्षेत्र में दैवीय आपदा/ओ0एण्ड0एम0 के अन्तर्गत एच0टी0/एल0टी0 लाइनों एवं विद्युत खम्भों के अनुरक्षण आदि कार्यों हेतु धरोहर धनराशि रू0 5000.00। निविदा शुल्क रू0 1,180.00।
3. निविदा संख्या 22/वि0वि0मं0(अ0)/2026-27: विद्युत वितरण खण्ड, आलापुर अम्बेडकरनगर में विजनेस प्लान 2025-26 के अन्तर्गत वितरण परिवर्तकों की स्थापना/क्षमतावृद्धि/ सुदृढ़ीकरण आदि कार्य हेतु। धरोहर धनराशि रू0 16000.00। निविदा शुल्क रू0 3,540.00 ।
4. निविदा संख्या 23/वि0वि0मं0(अ0)/2026-27: विद्युत वितरण खण्ड, आलापुर क्षेत्र के अन्तर्गत जमायोजना एवं अन्य कार्यों हेतु। धरोहर धनराशि रू0 35000.00 । निविदा शुल्क रू0 3,540.00 ।

ई निविदा की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2026, 12.00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

### उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र सूचना**

नं. 106–टैली/टैंडर/08/2026–27 (शुद्धिपत्र) दिनांक : 25.06.2026

संदर्भ : निविदा सूचना सं. 106–टैली/टैंडर/08/2026–27 दिनांक : 18.06.2026 के लिए शुद्धिपत्र।

उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है उसमें निम्नलिखित शुद्धियां की जा रही है :–

1. दिनांक 18.06.2026 को प्रकाशित होने वाली निविदा को प्रशासनिक कारणों से अगले आदेश तक निरस्त कर दिया गया है। अन्य शर्तें पूर्ववत ही रहेंगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2214/26

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**छपरा जं. एवं आनन्द विहार (ट) के बीच नई सुपरफास्ट एक्सप्रेस (साप्ताहिक) रेलगाड़ी संख्या 12527/12528 का शुभारंभ**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे छपरा जं.-आनन्द विहार (ट) के बीच नई सुपरफास्ट एक्सप्रेस (साप्ताहिक) रेलगाड़ी संख्या 12527/12528 का नियमित संचालन निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार प्रारंभ करेगी:-

12527/12528 छपरा जं. - आनन्द विहार (ट) - छपरा जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी सं.: 12527 छपरा जं.-आनन्द विहार (ट) सुपरफास्ट एक्सप्रेस (28.06.2026 रवि से प्रभावी) | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 12528 आनन्द विहार (ट)-छपरा जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस (29.06.2026 सोम से प्रभावी) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 20:50 | छपरा जं. | 09:40 | — |
| 22:00 | 22:05 | बलिया | 08:20 | 08:25 |
| 23:05 | 23:10 | मऊ जं. | 07:10 | 07:15 |
| 23:50 | 23:55 | आजमगढ़ | 06:30 | 06:35 |
| 01:15 | 01:20 | शाहगंज जं. | 04:50 | 04:55 |
| 01:53 | 01:55 | जौनपुर जं. | 03:28 | 03:30 |
| 03:28 | 03:30 | सुलतानपुर जं. | 01:38 | 01:40 |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 23:00 | 23:10 |
| 08:15 | 08:20 | कानपुर सेंट्रल | 21:35 | 21:40 |
| 11:48 | 11:50 | अलीगढ़ जं. | 18:08 | 18:10 |
| 13:18 | 13:20 | गाजियाबाद | 16:56 | 16:58 |
| 14:00 | — | आनन्द विहार (ट) | — | 16:25 |

चलने के दिन: 12527 छपरा जं. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.06.2026 को एवं 12528 आनन्द विहार (ट) से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.06.2026 को। स्थान: प्रथम वातानुकूलित, वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, वाता-3 टीयर इकोनॉमिक, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES पर देखें।

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय 2187/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम लाल बाबू तिवारी (LAL BABU TIWARI) पुत्र हरि नारायन तिवारी है, जो मेरे शैक्षिक अभिलेखों में अकिंत हैं। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं- 6774 1885 3776 में मेरा नाम एल. बी. तिवारी अकिंत हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम लाल बाबू तिवारी (LAL BABU TIWARI) पुत्र स्व. हरि नारायन तिवारी के नाम से जाना व पहचाना जाये। एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिक्तायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण कि गई है। लाल बाबू तिवारी पुत्र स्व0 हरि नारायन तिवारी निवासी, - 171ए/18 के, कसारी-मसारी, 60 फिट रोड, पोस्ट- जी.टी.बी नगर, थाना-धूमनगंज, प्रयागराज, (उत्तर प्रदेश)। पिन नं- 211016

सी.आर.- 587/D

**एफ.सी.जे. फार्म नं0 33 भाग–7 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारुप) न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, (न्यायिक) मोहम्मदी, जिला खीरी**

वाद संख्या सन् वादी

रन्जीत बनाम जसविन्दर सिंह प्रतिवादी

1-जसविन्दर सिंह पुत्र वेयंत सिंह निवासी ग्राम-सूरजपुर नं0-1 भैंसिया, तहसील-गदरपुर,
जिला-ऊधमसिंह नगर, प्रान्त उत्तराखण्ड।

2-हरपाल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम-जसमढ़ी, परगना-पसगवां, तहसील-मोहम्मदी,
जिला-लखीमपुर खीरी।

चूँकि उपरोक्त नामांकित ................ ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि................ अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के माह 07 दिवस 07 को समय प्रातः 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित सन् के माह दिवस को निकाली गयी।

**ता0 पेशी– 07/07/2026 न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मोहम्मदी–खीरी**

सी.आर.- 585/D-CN

**हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**

न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त प्रशासन महोदय देवी पाटन मंडल गोण्डा

अपील संख्या- सी202608000000653/2026

अपील संख्या- सी202608000000073/2026

लक्ष्मी प्रसाद आदि प्रति अजीत कुमार आदि

**ता. पेशी– 01-07-2026**

बनाम - कल्पनाथ उर्फ बाऊर पुत्र स्व. भगौती प्रसाद निवासी ग्राम बिकरवा परगना पहाड़ापुर तहसील करनैलगंज जिला गोण्डा।

चूंकि ऊपर नामांकित लक्ष्मी प्रसाद आदि ने इस न्यायालय में यह निवेदन किया है कि निस्तारण राजस्व अपील अत एव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक-01-07-2026 को पूर्वान्ह 10 बजे स्वयं या सम्यकरूपेण अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में सफल न रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक-24-06-2026 को निकाली गई।

**न्यायालय अपर आयुक्त प्रशासन देवी पाटन मंडल, गोण्डा**

सी.आर.- 586/L-CN

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com


*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

## ट्रम्प ने संसद से 8 लाख करोड़ की फंडिंग मांगी

- बोले- ईरान जंग पर हुए खर्चों की भरपाई के लिए जरूरी
- संसद इसके खिलाफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार ने अमेरिकी संसद से 87.6 अरब डॉलर यानी करीब 8.3 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त फंडिंग मंजूर करने की मांग की है। इसका बड़ा हिस्सा ईरान युद्ध से जुड़े खर्चों के लिए रखा गया है। व्हाइट हाउस के मुताबिक, यह रकम पिछले साल मंजूर किए गए करीब 1 ट्रिलियन डॉलर और अगले वित्तीय वर्ष के लिए मांगे गए 1.5 ट्रिलियन डॉलर के रक्षा बजट से अलग है। सरकार का कहना है कि यह पैसा युद्ध से जुड़े ऑपरेशन, सेना की तैयारी, हथियारों के भंडार को फिर से भरने और सीक्रेट रक्षा कार्यक्रमों पर खर्च किया जाएगा।



वहीं, संसद में इस मांग का विरोध बढ़ रहा है। मंगलवार को सीनेट ने एक प्रस्ताव पारित कर ट्रम्प से ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने को कहा। इससे पहले ऐसा ही प्रस्ताव लोअर हाउस भी पास कर चुकी है। चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी डेमोक्रेट्स का साथ दिया।

उधर, अमेरिकी सैनिकों और उनके परिवारों ने आरोप लगाया है कि अमेरिका की सेना और पेंटागन ने ईरान के खिलाफ हुए युद्ध में लगी चोटों को कम करके बताया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक मामले में एक सैनिक को ऐसा झटका लगा जिसमें उसे कंशन (सिर में चोट), सुनने और देखने की क्षमता में कमी और फेफड़ों को नुकसान हुआ, लेकिन उसकी हालत को गंभीर नहीं बताया गया।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस युद्ध में कम से कम 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई। हालांकि अमेरिकी सेना ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उन्होंने किसी भी तरह से सैनिकों की चोटों को कम करके नहीं दिखाया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट कर बताया कि अमेरिकी सीनेट ने ईरान युद्ध अधिकार प्रस्ताव पर अपना रुख बदल दिया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा, सीनेट ने ईरान पर अपना वोट 50-48 के विरोध से बदलकर 50-47 के समर्थन में कर दिया। रैंड पॉल और बिल कैसिडी ने अपना रुख बदला। जॉन थ्यून, लिंडसे ग्राहम, बर्नी मोरेनो और सभी का धन्यवाद। यह वोट ईरान को साफ संदेश देता है।

## यूक्रेन शांति समझौते पर अब यूएस के जवाब का इंतजार

### रूसी विदेश मंत्री बोले अलास्का में बनी थी सहमति

**मॉस्को।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन में शांति समझौते को लेकर अमेरिका ने अभी तक अपने ही प्रस्तावों का जवाब नहीं दिया है, जो उसने अलास्का के एंकरेज में दिए थे। सर्गेई लावरोव ने प्रिमाकोव रीडिंग्स इंटरनेशनल साइंटिफिक और एक्सपर्ट फोरम में बोलते हुए कहा कि रूस-अमेरिका शिखर बैठक से पहले रूस को बहुत स्पष्ट प्रस्ताव दिए गए थे, जिन्हें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्वीकार कर लिया था। रूसी समाचार एजेंसी टास के अनुसार, लावरोव ने कहा, हमें लगा था कि वहां एक सहमति बन गई है। लेकिन एक हफ्ता बीत गया, फिर दो हफ्ते। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूरोपीय नेताओं से सलाह लेने के लिए वॉशिंगटन चले गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी वहां किसी तरह चर्चा हुई। लेकिन आखिर में अभी तक हमें उस अमेरिकी प्रस्ताव का जवाब नहीं मिला है, जिसका हमने समर्थन किया था। फिलहाल स्थिति यही है।



रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अलास्का में बनी सहमति पहले ही एक समझौते का रूप थी। उन्होंने कहा कि अब हमें कहा जा रहा है कि अभी बात नहीं बन रही है, कुछ और रियायत देनी होगी। हमने वहां कोई रियायत नहीं दी थी। हमने सिर्फ इस बात पर सहमति जताई थी कि लड़ाई कैसे खत्म की जाए और बाकी मुद्दों को बातचीत की मेज पर कैसे सुलझाया जाए। हमें भरोसा था कि इससे उन लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी, जिन्हें राष्ट्रपति ने तय किया है, और यह काम धीरे-धीरे आगे बढ़ेगा।

## बिल गेट्स का दावा- एपस्टीन ने ब्लैकमेल करने की कोशिश की

**न्यूयॉर्क।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष गवाही में दावा किया है कि दिवंगत वित्त कारोबारी और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने उनके विवाहेतर संबंधों से जुड़ी जानकारी के आधार पर उन्हें ब्लैकमेल करने की कोशिश की थी। गेट्स ने कहा कि एपस्टीन उन्हें दोबारा अपने संपर्क में लाना चाहता था, लेकिन उसका प्रयास सफल नहीं हुआ। अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमेटी के समक्ष 10 जून को हुई बंद-दरवाजा गवाही का ट्रांसक्रिप्ट मंगलवार को सार्वजनिक किया गया। यह पूछताछ एपस्टीन के नेटवर्क और प्रभावशाली लोगों से उसके संबंधों की जांच का हिस्सा थी। गेट्स ने स्वीकार किया कि 2008 में यौन अपराध से जुड़ी सजा मिलने के बावजूद उन्होंने 2011 में एपस्टीन से संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि 2014 में एपस्टीन से संबंध खत्म कर लिए गए।

## होर्मुज में शुल्क मंजूर नहीं : ईरान

- कहा यूएस का दखल रहने तक क्षेत्र में नहीं आएगी शांति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को (स्थानीय समयानुसार) कहा कि अगर ईरान के साथ होने वाले किसी समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजरानी या समुद्री गतिविधियों पर किसी भी तरह का शुल्क शामिल हुआ, तो यह उनके लिए अस्वीकार्य होगा। ट्रंप ने नाटो महासचिव मार्क रूटे के साथ पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईरान के साथ चल रहे संघर्ष में अमेरिका अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। जब उनसे पूछा गया कि यदि अंतिम ईरान समझौते में जहाजरानी पर किसी तरह का शुल्क शामिल हुआ तो क्या वह उसे रोक देंगे, इस पर ट्रंप ने कहा, हां, यह मेरे लिए अस्वीकार्य होगा, क्योंकि दुनिया में कई अन्य जलडमरूमध्य भी हैं। अगर आप उनके लिए ऐसा करते हैं, तो फिर आपको दूसरों के लिए भी ऐसा करना होगा। दूसरे जलडमरूमध्य भी हैं और मैं वहां भी इसकी अनुमति नहीं दूंगा। हां, यह पूरी स्थिति को बदल देने वाला कदम होगा। ट्रंप ने आगे कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी युद्ध हारना चाहती है। उन्होंने कहा, ईरान के साथ हमारी बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। हम एक बेहद अहम मुद्दे के बीच में हैं, जिसे हम किसी भी तरह हासिल कर लेते। हमारे साथ चार रिपब्लिकन सीनेटर थे और सभी डेमोक्रेट दूसरी तरफ थे। आप जानते हैं। डेमोक्रेट युद्ध हारना चाहते हैं, क्योंकि वे मूर्ख हैं। इसलिए हम उन्हें डेमोक्रेट नहीं, 'डमोक्रेट' (मूर्ख) कहते हैं। मैं अब 'ई' की जगह 'यू' इस्तेमाल करता हूं। हम उन्हें 'डमोक्रेट' कहते हैं, क्योंकि वे मूर्ख हैं। उनकी नीतियां बहुत खराब हैं। उन्होंने कहा, युद्ध बहुत अच्छा चल रहा है। जैसाकि आप जानते हैं, हम बड़े अंतर से आगे हैं। ईरान बहुत बड़ी रियायतें दे रहा है। आगे क्या होता है, यह देखेंगे।

## आपातकाल : जब आधी रात को लोकतंत्र कैद कर लिया गया...

### 25 जून 1975 की वह काली रात जब लोक पीछे छूटा और तंत्र सर्वोपरि हो गया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ तारीखें ऐसी हैं जो केवल कैलेंडर का हिस्सा नहीं होतीं, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक स्मृति पर स्थायी रूप से अंकित हो जाती हैं। 25 जून 1975 ऐसी ही एक तारीख है। यह वह रात थी जब देश सोया तो लोकतंत्र था, लेकिन अगली सुबह जागा तो उसके मूल अधिकारों पर ताले लग चुके थे। सत्ता के गलियारों में लिए गए एक फैसले ने करोड़ों भारतीयों की अभिव्यक्ति, विरोध और स्वतंत्रता के अधिकार को अचानक सीमित कर दिया था।





उस रात राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ देश में आपातकाल लागू हुआ और लोकतंत्र की धड़कनों पर सरकारी नियंत्रण स्थापित हो गया। संविधान तो वही रहा, संसद भी वही रही, अदालतें भी मौजूद थीं, लेकिन लोकतंत्र की आत्मा पर पहरा बैठा दिया गया था। भारत ने पहली बार महसूस किया कि लोकतंत्र केवल चुनावों का नाम नहीं, बल्कि नागरिक स्वतंत्रताओं की निरंतर सुरक्षा का नाम है।

26 जून की सुबह देश के लिए एक असामान्य सुबह थी। रातोंरात विपक्ष के बड़े नेता गिरफ्तार कर लिए गए थे। हजारों राजनीतिक कार्यकर्ता जेलों में ठूंस दिए गए थे। जो लोग सरकार से असहमति रखते थे, वे अचानक व्यवस्था के लिए खतरा घोषित कर दिए गए। सत्ता के खिलाफ आवाज उठाना जोखिम बन गया था और विरोध की भाषा को अपराध की तरह देखा जाने लगा था।


लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान होती है–सवाल पूछने का अधिकार। लेकिन आपातकाल के दौरान सवाल पूछना भी संदिग्ध गतिविधि माना जाने लगा। संसद की गरिमा पर असर पड़ा, राजनीतिक संवाद सीमित हुआ और प्रशासनिक मशीनरी का बड़ा हिस्सा सत्ता की इच्छा का विस्तार बनकर रह गया। इतिहास के पन्नों में यह दौर इसलिए दर्ज है क्योंकि यहां लोक पीछे छूट गया था और तंत्र सर्वोपरि हो गया था।



यदि किसी क्षेत्र को सबसे अधिक चोट पहुंची तो वह था स्वतंत्र प्रेस। अखबारों के दफ्तरों पर निगरानी थी, समाचारों पर सेंसरशिप थी और संपादकों के सामने सरकारी निर्देशों की दीवार खड़ी कर दी गई थी। कई अखबारों की बिजली काट दी गई ताकि वे अगले दिन की खबरें प्रकाशित न कर सकें। पत्रकारों को यह बताया जाने लगा कि क्या लिखना है और क्या नहीं। खबरों के शब्दों से अधिक उनकी अनुमति महत्वपूर्ण हो गई थी।

भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में वह समय एक ऐसी कसौटी बन गया, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि प्रेस की स्वतंत्रता केवल मीडिया का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीवनरेखा है। जब अखबारों की स्याही पर नियंत्रण हो जाता है, तब नागरिकों की चेतना भी सीमित होने लगती है।

आपातकाल के दौरान सत्ता के समानांतर प्रभाव रखने वाले कुछ व्यक्तियों की भूमिका भी लगातार चर्चा का विषय रही। नसबंदी अभियान, जबरन विस्थापन, झुग्गियों पर बुलडोजर और प्रशासनिक कठोरता की घटनाओं ने आम लोगों के मन में भय का वातावरण पैदा किया। शासन और जनता के बीच संवाद की जगह आदेशों ने ले ली थी। नागरिक अधिकारों की जगह सरकारी निर्देश अधिक प्रभावशाली दिखाई देने लगे थे। इतिहासकारों का मानना है कि आपातकाल केवल राजनीतिक संकट नहीं था, बल्कि भारतीय संविधान की आत्मा की परीक्षा थी। संवैधानिक संशोधनों के जरिए कार्यपालिका की शक्तियों को बढ़ाने के प्रयास हुए। न्यायपालिका की भूमिका सीमित करने की कोशिशें हुईं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संतुलन कमजोर पड़ता दिखाई दिया। यह वही समय था जब देश ने महसूस किया कि संविधान की रक्षा केवल उसके प्रावधान नहीं करते, बल्कि उन्हें जीवित रखने वाली संस्थाएं और जागरूक नागरिक भी करते हैं।


भारत का राजपत्र
The Gazette of India
EXTRAORDINARY
PUBLISHED BY AUTHORITY

फिर भी भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत अंततः सामने आई–जनता। 1977 में जब चुनाव हुए तो मतदाताओं ने सत्ता को स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता का होता है। सत्ता बदल गई, लेकिन उससे भी बड़ी बात यह हुई कि लोकतंत्र ने स्वयं को पुनर्जीवित कर लिया। भारत ने दुनिया को दिखाया कि लोकतांत्रिक चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता।

आज आपातकाल को बीते पांच दशक से अधिक समय हो चुका है, लेकिन उसकी स्मृति आज भी प्रासंगिक है। कारण यह नहीं कि हमें अतीत में जीना है, बल्कि इसलिए कि हमें भविष्य को सुरक्षित रखना है। इतिहास तब उपयोगी होता है जब वह हमें गलतियों को दोहराने से रोकता है। आपातकाल हमें याद दिलाता है कि नागरिक अधिकार कभी स्थायी रूप से सुरक्षित नहीं होते; उनकी रक्षा के लिए निरंतर सतर्कता आवश्यक होती है।

लोकतंत्र की हत्या एक दिन में नहीं होती। वह तब शुरू होती है जब सवाल पूछने वालों को चुप कराया जाता है, जब आलोचना को दुश्मनी माना जाता है, जब संस्थाओं की स्वतंत्रता कमजोर पड़ती है और जब नागरिक अपनी स्वतंत्रताओं के महत्व को भूलने लगते हैं। इसलिए 25 जून केवल एक ऐतिहासिक तारीख नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना का दर्पण है। आज जब भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, तब आपातकाल की स्मृति हमें यही संदेश देती है कि लोकतंत्र की रक्षा का सबसे बड़ा हथियार जागरूक नागरिक, स्वतंत्र मीडिया, निष्पक्ष न्यायपालिका और जवाबदेह शासन है। इतिहास की वह काली रात बीत चुकी है, लेकिन उसकी सीख आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।



## 'परमाणु हथियार हासिल करने के बेहद करीब था ईरान'

- ट्रंप के साथ बातचीत में बोले नाटो प्रमुख?

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक बैठक में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रूटे ने ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान की परमाणु क्षमता को लेकर जो कदम उठाए जा रहे हैं, वे बहुत अहम हैं। उनके मुताबिक, ईरान लगभग परमाणु क्षमता हासिल करने के बहुत करीब था, जो क्षेत्र और पूरी दुनिया के लिए बड़ा खतरा बन सकता था।



मार्क रूटे ने कहा कि जी-7 के सभी नेताओं ने इस बात की सराहना की है कि ईरान की परमाणु क्षमता को कमजोर किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि छह हफ्तों के इस युद्ध के दौरान यूरोप के ठिकानों से करीब 4,000 से 5,000 अमेरिकी विमान उड़ान भरते रहे। उन्होंने कहा कि रोमानिया के बुखारेस्ट हवाई अड्डे को भी वाणिज्यिक उड़ानों के लिए बंद करना पड़ा, ताकि सैन्य अभियान जारी रह सके।

रूटे ने कहा कि कुछ अलग-अलग घटनाएं हुई हैं जिनसे निराशा हुई है। लेकिन कुल मिलाकर यूरोपीय सहयोगी अमेरिका के साथ खड़े रहे हैं। इस पर जब राष्ट्रपति ट्रंप से पूछा गया कि क्या उनके यूरोपीय सहयोगियों ने उनके साथ ठीक व्यवहार नहीं किया, तो उन्होंने कहा कि अगर कोई और इस स्थिति में होता तो आज यह बैठक भी नहीं हो रही होती। ट्रंप ने कहा कि यह अच्छा होता, अगर सहयोगी देश मदद की इच्छा जताते। उन्होंने कहा कि अगर वे किसी से मदद मांगते तो वह शायद मदद करने का तरीका निकाल लेते।

उन्होंने कहा कि वह इटली, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस से निराश थे। स्पेन को उन्होंने बहुत खराब स्थिति बताया। हालांकि, उन्होंने नाटो महासचिव मार्क रूटे के प्रति सम्मान भी जताया और कहा कि वे आगे चर्चा करेंगे कि क्या हुआ था और आगे क्या होगा। ईरान समझौते में नौवहन पर किसी प्रकार के शुल्क को लेकर पूछे गए सवाल पर ट्रंप ने कहा कि यह उनके लिए स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा किया गया तो इसे अन्य देशों पर भी लागू करना पड़ेगा, जो संभव नहीं है।

## आपराधिक रिकॉर्ड वाले ग्रीन कार्ड धारकों की बढ़ीं मुश्किलें

**वाशिंगटन।** भारत की एक सामान्य यात्रा भी अब कुछ अमेरिकी ग्रीन कार्ड धारकों के लिए अप्रत्याशित इमिग्रेशन का खतरा ला सकती है। आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे वैध स्थायी निवासियों को प्रभावित करने वाले एक महत्वपूर्ण फैसले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में तय किया है कि सीमा अधिकारी लौटने वाले ग्रीन कार्ड धारक को स्वचालित रूप से पुनः प्रवेश देने के बजाय देश में प्रवेश चाहने वाले व्यक्ति के रूप में मान सकते हैं। ब्लांच बनाम लाउ मामले में 6-3 के बहुमत से दिए गए फैसले ने कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन अधिकारियों को सीमा पर यह निर्णय लेने की अनुमति दे दी है। इसके साथ ही, सरकार को निष्कासन की कार्यवाही के दौरान बाद में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने की छूट दी गई है। इमिग्रेशन वकीलों का कहना है कि यह फैसला उन ग्रीन कार्ड धारकों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रा से जुड़े जोखिमों को काफी बढ़ा देता है, जिन पर आपराधिक आरोप लंबित हैं या जिनके आपराधिक मामले अभी सुलझे नहीं हैं। न्यूयॉर्क के इमिग्रेशन वकील साइरस डी. मेहता के अनुसार, यह फैसला अधिकारियों को अनुमति देता है कि वे केवल किसी आरोप या संदेह के आधार पर लौटने वाले ग्रीन कार्ड धारक को प्रवेश चाहने वाला मान लें, उनका ग्रीन कार्ड जब्त कर लें और निष्कासन की कार्यवाही पूरी होने तक व्यक्ति को पैरोल पर देश में रहने दें। मेहता ने कहा कि यह वही टाइम ट्रैवल है जिसकी जस्टिस जैक्सन ने अपनी असहमति में कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सलाह दी कि आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे ग्रीन कार्ड धारकों को मामला लंबित रहने तक अंतरराष्ट्रीय यात्रा से बचना चाहिए।



## दावा-स्विट्जरलैंड में पाक आर्मी चीफ को मारने का प्लान था

**ब्रासीलिया।** इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने स्विट्जरलैंड में ईरान शांति वार्ता के दौरान पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर और उनके डेलिगेशन की हत्या की साजिश रची थी। यह दावा ब्राजील के पत्रकार पेपे एस्कोबार ने एक पॉडकास्ट में किया है। पत्रकार के दावे के मुताबिक पाकिस्तानी अधिकारियों को जब ये बात पता चली तो उन्होंने धमकी दी जिसके बाद इजराइल को अपना प्लान बदलना पड़ा। यह दावा उस समय से जुड़ा है जब पाकिस्तान और कतर के प्रतिनिधिमंडल स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में मौजूद थे। वहीं ईरान और अमेरिका के बीच पश्चिम एशिया के संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत का पहला दौर पूरा हुआ था। पॉडकास्ट के दौरान पॉलिटिकल कमेंटेटर मारियो नॉफल के पॉडकास्ट में एस्कोबार ने कहा कि पाकिस्तानी सेना को बेहद विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आदेश पर मोसाद हमला करने की तैयारी कर रहा है।




बाजार दर्पण

